आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुप्त नवरात्र प्रारंभ


# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 180 | उज्जैन, बुधवार 15 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com


## देश विदेश

### भारत ने पनडुब्बियों पर तैनात किए 12 परमाणु बम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पूर्व राजनयिक मलीहा लोधी ने कहा है कि भारत अपनी पनडुब्बियों पर परमाणु हथियार तैनात कर रहा है। उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए उभता हुआ बड़ा खतरा बताया है। लोधी ने पाकिस्तान के जियो न्यूज पर हामिद मीर के एक शो में ये दावा किया और इसे भारत की परमाणु नीति में बड़ा बदलाव बताया। पूर्व पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि भारत कम से कम 12 परमाणु हथियार को सबमरीन पर लगा रहा है। लोधी ने कहा, जो विश्वसनीय रिपोर्ट आ रही है वह पाकिस्तान के लिए उभरता हुआ रणनीतिक खतरा है। रिपोर्ट यह है कि भारत ने न्यूक्लियर हथियार को ऑपरेशनल तौर पर तैनात करना शुरू कर दिया है।

### स्पेन के जंगल में लगी आग से 12 लोगों की मौत

**स्पेन।** स्पेन में लगी सबसे भीषण जंगल की आग में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है और 23 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्पेन में अब तक की सबसे घातक जंगल की आग में शुक्रवार की सुबह तक 12 लोगों की मौत हो गई, क्योंकि देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। दक्षिणी प्रांत अल्मेरिया में लगी आग के कई पीड़ितों के शव जले हुए वाहनों के अंदर पाए गए और माना जाता है कि आग की लपटों से भागने की कोशिश करते समय उनकी मौत हो गई। अंडालूसिया के क्षेत्रीय नेता जुआन मैनुअल मोरेनो ने बताया कि आठ लोग घायल हुए हैं और 23 अन्य लापता हैं। स्पेन की सैन्य आपातकालीन इकाई के लगभग 150 दमकलकर्मी और 220 सैनिक आग बुझाने में जुटे हुए थे, जिसने 3,200 हेक्टेयर से अधिक जंगल और कृषि भूमि को जलाकर राख कर दिया है।

### वेनेजुएला में भूकंप में मृतकों की संख्या लगभग 4,500 हुई

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में लगातार आए दो भूकंपों से मरने वालों की संख्या बढ़कर लगभग 4,500 हो गई है, जबकि इस विनाशकारी प्राकृतिक आपदा के बाद 19,500 से अधिक लोग अस्थायी आश्रयों में रह रहे हैं। सोशल मीडिया पर, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज ने घोषणा की कि मृतकों की संख्या बढ़कर 4,490 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 16,740 है। सहायता प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 120,794 हो गई है। हालांकि, सरकार ने लापता लोगों की अनुमानित संख्या नहीं बताई। अधिकारियों ने घर खो चुके लोगों के लिए 108 अस्थायी आश्रय स्थल स्थापित किए हैं। वर्तमान में, इन शिविरों में 19,583 लोग रह रहे हैं। भूकंप के बाद की स्थिति से निपटने के लिए कुल 31,837 वेनेजुएला के कर्मी अभी भी तैनात हैं।

### समय रैना पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया 10 लाख का जुर्माना



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉमेडियन समय रैना पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि समय रैना ने गुमराह किया। सुप्रीम कोर्ट ने इंडिया गॉट लेटेंट विवाद पर समय रैना को अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि रैना ने कोर्ट को घुमा रखा है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि समय रैना किस तरह के यूथ आइकन हैं, यह सोचकर चिंता होती है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रारंभिक रूप से प्राप्त जानकारी के माध्यम से हम इस समाचार को निरंतर अपडेट कर रहे हैं। ताजा ब्रेकिंग न्यूज और अपडेट्स के लिए जुड़े रहिए जागरण के साथ।

### महीने के अंत तक 15000 करोड के आईपीओ लाएंगी 5 कंपनियां

**नई दिल्ली।** अगर आप आईपीओ में निवेश का इंतजार कर रहे हैं तो जुलाई का महीना आपके लिए कई नए मौके लेकर आ सकता है। इस महीने के अंत तक पांच कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों का लक्ष्य करीब 15000 करोड़ रुपये जुटाना है। इसमें हेल्थकेयर, डेयरी, रिन्यूएबल एनर्जी, माइनिंग और टेक्सटाइल मशीनरी जैसे अलग-अलग सेक्टर शामिल हैं। जुलाई के आखिर तक कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स, मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स, जुनिपर ग्रीन एनर्जी, लोहिया कॉर्प और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज बाजार में दस्तक दे सकती हैं। इन पांच कंपनियों के आईपीओ से कुल मिलाकर करीब 15000 करोड़ रुपये जुटाए जाने की उम्मीद है।

### वनप्लस व रेडमी जैसे गैजेट ब्रांड्स ने नई अपडेट्स और डिवाइसेज की लॉन्च

**नई दिल्ली।** वनप्लस ने हाल ही में अपनी नई एन-सीरीज (वन प्लस एन6) लॉन्च की है, जिसकी शुरूआती कीमत लगभग 22,999 है। वहीं दूसरी ओर, रेडमी (रेडमी) ने अमेजन पर रेड मी टर्बो5 और नई परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड सीरीज पेश की है। साथ ही, शाओमी और रेडमी के लिए एंड्राइड 17 पर आधारित हायपरओएस 4 अपडेट भी रोल आउट होना शुरू हो गया है। **वनप्लस एन6:** यह स्मार्टफोन उन यूजर्स के लिए लाया गया है जो वनप्लस के स्मूथ एक्सपीरियंस और अच्छी बैटरी लाइफ को किफायती दाम (22,999) में पाना चाहते हैं। **रेडमी टर्बो5:** यह परफॉर्मेंस-फोकस्ड डिवाइस अमेजन के माध्यम से भारत में उपलब्ध कराया गया है, जो दमदार प्रोसेसर और फास्ट गेमिंग का अनुभव देता है।

---

अभिजीत दीपके ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया

# दीपके ने एक बार फिर दिल्ली पुलिस अधिकारी के सामने जोड़े हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहा आंदोलन अब बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शिक्षाविद और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का 18वां दिन है। एक तरफ जहां वांगचुक का वजन लगातार गिर रहा है और उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्हें किसी भी तरह की तकलीफ से बचाने के लिए काजपा के फाउंडर अभिजीत दीपके प्रशासन के आगे जद्दोजहद कर रहे हैं।


अभिजीत दीपके ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक बार फिर दिल्ली पुलिस के अधिकारी के सामने बेबस होकर हाथ जोड़ते नजर आ रहे हैं।

**वांगचुक को धूप से बचाने की जद्दोजहद-** मामला अनशन स्थल पर बैठे सोनम वांगचुक को कड़कती धूप से बचाने का था। वांगचुक की गिरती सेहत को देखते हुए



मंच को धूप से बचाने के लिए ऊपर एक तिरपाल (प्लास्टिक शीट) लगाई गई थी। इस पर वहां तैनात एक पुलिस अधिकारी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि स्टेज पर धूप कहां आ रही है, इसे हटाओ। इस बात पर अभिजीत दीपके का सब्र टूट गया। उन्होंने पुलिस अधिकारी के सामने हाथ जोड़ते हुए कहा कि 'हाथ जोड़ रहा हूं सर। उस इंसान (वांगचुक) को धूप लग रही है, वह मुश्किल में हैं। क्यों इतनी दिक्कतें खड़ी कर रहे हो? आपको दिख नहीं रहा कि धूप आ रही है। क्यों जीना हराम कर रखा है।'

### वांगचुक के बिगड़ते स्वास्थ्य और उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान दें: ओमी



सुपरहिट बॉलीवुड फिल्म '3 इडियट्स' में 'चतुर रामलिंगम' का यादगार किरदार निभाने वाले अभिनेता ओमी वैद्य ने लद्दाख के प्रसिद्ध शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को अपना खुला समर्थन दिया है। सोनम वांगचुक इस समय दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। ओमी वैद्य ने देश की जनता और मीडिया से अपील की है कि वे वांगचुक के बिगड़ते स्वास्थ्य और उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान दें।

### 'वो मर जाएंगे तब आपको तसल्ली मिलेगी?'



वीडियो में दिख रहा है कि जब पुलिस अधिकारी ने दीपके से तिरपाल हटाकर यह दिखाने को कहा कि धूप कहां आ रही है, तो दीपके और ज्यादा भड़क गए। उन्होंने बेहद आक्रोश और रुआंसे स्वर में कहा कि 'हटाकर दिखाओ मतलब आपको दिख नहीं रहा? उनको धूप लग रही है सर, हाथ जोड़ रहा हूं। वो मर जाएंगे तब आपको तसल्ली मिलेगी? उनको धूप लग रही है तभी तो लगाया न, इससे पहले इतने दिन लगाया था क्या हमने? जब धूप नहीं थी तो हमने नहीं लगाया था।'

### समर्थन में आने वाले प्रमुख लोग

- **राजनीतिक नेता:** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।
- **बॉलीवुड हस्तियां:** 'थ्री इडियट्स' फिल्म में 'चतुर' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओमी वैद्य, दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान और अभिनेता अभय देओल व नसीरुद्दीन शाह ने उनके अनशन और उठाए गए मुद्दों का समर्थन किया है।
- **संगठन:** कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर वांगचुक ने अपना अनशन किया।

### तीन दिन पहले पुलिस के पैर तक पकड़ चुके हैं दीपके

यह पहली बार नहीं है जब अनशनकारियों की बुनियादी सुविधाओं के लिए अभिजीत दीपके को पुलिस के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा हो। इससे पहले भी उन्होंने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह पुलिस अधिकारियों के सामने हाथ जोड़ने के साथ-साथ उनके पैर पकड़ते हुए नजर आए थे। उस समय दिल्ली में भारी बारिश हो रही थी और भूख हड़ताल पर बैठे प्रदर्शनकारियों को भीगने से बचाने के लिए दीपके टेंट लगाने की अनुमति मांग रहे थे। उन्होंने कहा था कि रात भर बारिश होने के कारण भूख हड़ताल पर बैठे लोग सो नहीं सके और उनका सारा सामान भीग गया। 17 दिनों से भूखे बैठे सोनम वांगचुक की बिगड़ती हालत और प्रशासन के इस कड़े रुख के बीच जंतर-मंतर पर तनाव और भावुकता का माहौल बना हुआ है।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न

# मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ की नि:शुल्क शास. प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय

## प्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार ने शहरों के कायाकल्प के लिए नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही कैबिनेट ने किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ रुपये की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कुण्डलिया परियोजना को



- 10 हजार 800 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी
- नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत
- 1,39,600 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित करना

निरंतर रखने जैसे कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगायी है।

मंत्रि-परिषद ने राजगढ़ में जल संसाधन विभाग की कुण्डलिया वृहद सिंचाई

**प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया-** मंत्रि-परिषद ने रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत लक्ष्य से अधिक उपार्जित मूंग के लिए 1,587 करोड़ रुपए की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। निर्णय अनुसार पंजाब नेशनल बैंक से ली गई साख सीमा में 19 जुलाई 2026 से 18 जनवरी 2027 तक 6 माह की अवधि के लिए शेष राशि 396 करोड़ रुपए की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति और भारतीय स्टेट बैंक से ली गई साख सीमा में 3 जुलाई 2026 से 2 जुलाई 2027 तक 1 वर्ष की अवधि के लिए शेष राशि 1,191 करोड़ रुपए की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराई जायेगी।

परियोजना को 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरन्तर संचालन के लिए 245 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

### अचानक चीखने लगीं, फिर बेहोश हो गईं दो छात्राएं

एजेंसी ▶▶ दुर्ग

आत्मानंद स्कूल में छात्राओं के अचानक चीखने, बेहोश होने और तबियत बिगड़ने का मामला सामने आया है। घटना दुर्ग जिले स्थिति भिलाई के आत्मानंद स्कूल का है। यहां सोमवार को 2 छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एक छात्रा अजीब हरकतें करने लगी और चीखने-चिल्लाने लगी। थोड़ी देर बाद छात्रा ते हाथ-पैर अकड़ गए और उसे बोलने में भी दिक्कत हो रही थी। छात्रा कुछ बोल नहीं पा रही थी और उसकी आंख से आंसू निकल रहे थे।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि वहीं, दूसरी छात्रा बेहोश होकर नीचे गिर गई। हालात बिगड़ते देख स्कूल प्रबंधन छात्राओं को लेकर अस्पताल पहुंचा जहां दोनों की रिपोर्ट नॉर्मल आई है।



**भोपाल।** एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

### भोपाल से दिल्ली और मुंबई के लिए 1 अगस्त से एयर इंडिया की उड़ानें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

राजा भोज एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों को 1 अगस्त से नया विकल्प मिलेगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस भोपाल से नियमित परिचालन शुरू करेगी और दिल्ली व मुंबई के लिए प्रतिदिन छह उड़ानों का संचालन करेगी। एयर इंडिया समूह के पुनर्गठन के तहत भोपाल से संचालित एयर इंडिया की अधिकांश घरेलू उड़ानें अब एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में शामिल हो जाएंगी। हालांकि, दिल्ली-भोपाल-दिल्ली सेक्टर की सुबह की उड़ान का संचालन पहले की तरह एयर इंडिया ही करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की सभी उड़ानें आधुनिक एयरबस ए320 नियो विमान से संचालित होंगी।

### जिला अस्पताल में पैरामेडिकल छात्रा की हत्या

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

पीलीभीत के राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह एक पैरामेडिकल छात्रा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सहपाठी छात्र सागर सिंह ने छात्रा कशिश पटेल पर ताबड़तोड़ हमला किया। बचाने आई एक महिला कर्मचारी भी इस हमले में घायल हो गईं। गंभीर रूप से घायल छात्रा को बरेली रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना जिला अस्पताल परिसर स्थित सीटी स्कैन रूम में हुई। हमले के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों व तीमारदारों में दहशत फैल गई। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज परिसर में पैरामेडिकल छात्राएं धरने पर बैठ गईं। पुलिस ने आरोपी छात्र सागर सिंह को मौके पर ही पकड़ लिया है।

मंगलवार सुबह जिला अस्पताल परिसर के सीटी स्कैन रूम में पैरामेडिकल छात्र सागर सिंह ने बरेली निवासी छात्रा कशिश पटेल पर अचानक हमला किया। हमले से छात्रा के घायल होते ही वहां मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।

अमरीका ने लगातार तीसरी रात ईरान पर हमले किए

### ईरानी सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अमरीका ने लगातार तीसरी रात ईरान पर हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच दुश्मनी और बढ़ गई है। अमरीकी सेंट्रल कमान-सेंटकॉम ने कहा कि इन हमलों से ईरानी सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य में निर्दोष नागरिकों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने की उनकी क्षमता कमजोर होगी। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने नतांज के पास मौजूद पिकैक्स माउंटेन को नष्ट करने की धमकी दी है। यह जमीन के बहुत नीचे बना एक न्यूक्लियर साइट है, जिसके बारे में पश्चिमी खुफिया एजेंसियों को शक है कि ईरान वहाँ एक अघोषित परमाणु संवर्धन सुविधा का निर्माण कर रहा है।

### कांग्रेस नेता के ड्राइवर की हत्या के मामले में 2 दिन में बनेगी एसआईटी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश में एक कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी के ड्राइवर की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने राज्य के डीजीपी को 2 दिन के भीतर एक नई एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है। यह फैसला मृतक की पत्नी रजिया अली की याचिका पर आया है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि स्थानीय पुलिस की जांच को एक भाजपा विधायक से जुड़े लोगों को बचाने के लिए राजनीतिक रूप से प्रभावित किया गया था, जिसके कारण निष्पक्ष जांच नहीं हो सकी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि कथित राजनीतिक प्रभाव के कारण मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई।

### भारतीय वायु सेना का सुखोई-30 लड़ाकू विमान असम में क्रैश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना का सुखोई-30 लड़ाकू विमान असम में क्रैश हो गया। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उसका संपर्क रडार से टूट गया था, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दूर पहाड़ियों से धमाके की तेज आवाज सुनी औरआग का गोला भी उठते देखा। ये पहली बार नहीं है जब सुखोई-30 फाइटर जेट क्रैश हुआ है। पिछले कई सालों में असम और देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के हादसे देखे जा चुके हैं। बता दें कि भारतीय वायुसेना के पास 260 से ज्यादा एसयू-30एमकेआई जेट विमानों का बेड़ा है।

### फिजिक्स ओलिंपियाड में भारत को 5 गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस में आयोजित 56वें इंटरनेशनल फिजिक्स ओलिंपियाड 2026 में भारतीय छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत के सभी पांच कैंडिडेट्स ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही भारत ने 87 देशों के बीच अपना अब तक का सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस दिया। इस फेमस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में दुनिया भर से 381 विद्यार्थियों ने हिस्सा




लिया था। भारतीय टीम के सभी पांच छात्रों ने गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। यह पहली बार है, जब इंटरनेशनल फिजिक्स ओलिंपियाड में भारत के सभी प्रतिभागियों ने गोल्ड मेडल जीता है।

सीबीएन की प्रदेश इकाई ने एमडी मैन्युफैक्चरिंग प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया

# उज्जैन और जोधपुर से दो साजिशकर्ता गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पटना

सीबीएन की मध्य प्रदेश इकाई ने पुणे में एक उच्च तकनीक वाली एमडी मैन्युफैक्चरिंग प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया; कई शहरों में हुए 'ऑपरेशन वज्र' के अंतर्गत उज्जैन और जोधपुर से दो प्रमुख साजिशकर्ता गिरफ्तार किए गए

कई राज्यों में कृत्रिम मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की प्रदेश इकाई ने ऑपरेशन वज्र के अंतर्गत महाराष्ट्र के पुणे में स्थित एक अत्याधुनिक मेफेड्रोन



(एमडी) मैन्युफैक्चरिंग प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया और गिरोह के दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को उज्जैन (मध्य प्रदेश) और जोधपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। यह अभियान विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, सीबीएन, नीमच स्थित उप नारकोटिक्स कमिश्नर कार्यालय की निवारक शाखा की ओर से चलाया गया। जांच और इससे जुड़े अभियान 1-10 जुलाई 2026 के बीच संचालित किए गए। इस अभियान के दौरान, सीबीएन अधिकारियों ने पुणे में एक अत्याधुनिक अवैध एमडी मैन्युफैक्चरिंग प्रयोगशाला जब्त की, जिसमें अत्याधुनिक मशीनरी, प्रयोगशाला उपकरण, पूर्व-रासायनिक रसायन और सिंथेटिक ड्रग्स की मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल किए गए सुरक्षा उपकरण भी बरामद हुए। प्रमुख साजिशकर्ताओं के साथ दो आरोपियों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया।





Mob.9179280723
Mob.9179703509
Gunjan Shrivastava

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## मास्टर साब...

हाल ही में हुए एक मामले में मास्टर साब और उनके विभाग के भी हाल बेहाल हो गए हैं। पहले तो शिष्यों के सामने मास्टर साब को लिखित माफी मांगना पडी। विद्यालय भी और उसकी प्रमुख भी दबाव में रही। आंदोलनकारियों ने मनचाहा हंगामा और मनचाही पूर्ति की। कार्रवाई के लिए संस्था प्रमुख से पत्र जारी करवाया। हाथों हाथ पत्र लिया और विभाग के जिला प्रमुख को देते हुए निष्कासन की कार्रवाई की मांग रखी गई। दोपहर में शुरू हुआ मामला रात तक जारी रहा। उस स्थिति में जब मास्टर साब ने गलती मानते हुए लिखित माफी मांग ली थी। जबकि पूरे मामले के चलचित्र को देखने वालों का कुछ और ही कहना है। जिला अधिकारी भी दबाव में रहे और बराबर अब तक हैं भी। मामला सप्ताह की शुरूआत में एक बार फिर उपज गया। विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई और उसके बाद दो




टूक डांट पी पिला दी गई। तत्काल मामले की सूचना क्यों नहीं दी, अवगत क्यों नहीं करवाया गया। विभागीय अधिकारी छोटा सा मुंह लेकर कुछ जवाब होने पर भी नहीं दे सके। छोटा सा मुंह लेकर बाहर आ गए। एक तो जला ऊपर से नमक की झिड़कने जेसी स्थिति बन गई। खुसूर-फुसूर है कि एक तो पहले ही शिष्यों के सामने पूरी तरह से लाचार वाली स्थिति में आने के बावजूद भी कोई आंसू पोंछने वाला नहीं मिला। शिष्य एकता के सूत्र में पिरोए गए थे और मास्टर साब अनेकता की स्थिति में थे। अब ऐसी स्थिति में ये हालात तो होना ही है। उसके बाद बची खुची स्थिति में सूचना नहीं देने का काम भी कितना गलत किया। चार-पांच घंटे तक मुख्यालय पर ही पूरा मामला चला। वर्दी के एक दो, तीन केंद्रों के दल बल पहुंचे। इनकों सूचना देने में भी जोर आ गया। फिर ताना तो मिलना ही था।

## न्यूज कॉलम

- महाकवि कालिदास की जयंती और वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 जुलाई को नेशनल थिएटर फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया जाएगा।
- माझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश वर्मा ने अपना जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कर मनाया।
- कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग को लेकर मंगलवार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

## सचिव ने प्रशासनिक अफसरों को अब तक नहीं बताई कृषि मंडी दुकानों की वस्तुस्थिति

**उज्जैन।** मंडी दुकानों की हुई बंदरबांट और यहां सामने आए किराये के खेल का मामला उजागर होने के बाद प्रशासन ने भले ही मंडी समिति को नोटिस थमा दिया हो, लेकिन मंडी सचिव राजेश गोयल ने 4 दिन बाद भी इसका जवाब नहीं दिया। इधर, प्रशासन भी जवाब के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठा है। अधिकारियों को ऐसा ही बर्ताव रहा तो उज्जैन में ऐसे ही मंडी एक्ट का खुला उल्लंघन होता रहेगा। जिन लोगों ने व्यापारी का लाइसेंस बनवाकर दुकानें ली है, वे लीज नियमों को ताक में रखते हुए दुकानों को किराये पर देकर मुनाफा कमाते रहेंगे। वरिष्ठ अफसरों की सुस्ती को देख मंडी कर्मचारी भी नोटिस देकर या दुकान सील की धौंस देते हुए अपना काम करते रहेंगे। इसका नुकसान वास्तविक अनाज व्यापारी को उठाना पड़ेगा। उन्हें अनाज का कारोबार करने के लिए मंडी परिसर में दुकानें नहीं मिल सकेगी।

## आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आज

**उज्जैन।** शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ओ पी व्यास ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 15 जुलाई, बुधवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। बाल रोग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गीता जाटव ने बताया कि शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अपने बच्चों का स्वर्णप्राशन अवश्य करावे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी।

## ट्रेंडिंग




### झालाना स्थित ललित कला अकादमी में इंटरनेशनल विजुअल आर्ट फेस्टिवल 2026 'रंग मल्हार' का आयोजन

# उमाशंकर जोशी, मान सिंह, सीमा सिंह सहित कई कलाकारों ने लिया हिस्सा

## उज्जैन के चित्रकार मनीष कुमावत और साक्षी कुमावत ने संदूक एवं बॉक्स पर अपनी कला को रंगों के माध्यम से उकेरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जयपुर





झालाना स्थित ललित कला अकादमी में इंटरनेशनल विजुअल आर्ट फेस्टिवल 2026 'रंग मल्हार' का आयोजन हुआ। अच्छी बारिश की कामना के लिए आयोजित इस 17वीं संस्करण में जयपुर , बीकानेर एवं उज्जैन (म.प्र.) के चित्रकार मनीष कुमावत और साक्षी कुमावत ने भी इस आयोजन में शिरकत की साथ ही संदूक एवं बॉक्स पर अपनी कला को रंगों के माध्यम से उकेरा।

इस आयोजन में बीकानेर शहर से उमाशंकरजोशी,मान सिंह,सीमा सिंह एवं 100 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया। कैनवास बदला, थीम नही 'रंग महलार' की खासियत यह है कि हर वर्ष कलाकारों को एक नया ओब्जेक्ट दिया जाता है। कभी छाता, कभी लालटेन, कभी केतली तो कभी पत्ते-और इस बार थ्री-डायमेंशनल (3डी) बक्सों पर चारों तरफ कहानी सुनाते कैनवास के माध्यम से कलाकारों ने अपनी कल्पनाओं को साकार किया। किसी ने बारिश में भीगी गलियों को उकेरा, तो किसी ने बरसते बादलों और प्रकृति की सुंदरता को रंगों में व्यक्त किया। वही उज्जैन शहर के मिनिएचर शैली चित्रकार मनीष कुमावत द्वारा संदूक पर यह पेंटिंग राजस्थानी लघु चित्रकला शैली में बनी है, जो प्रकृति, वर्षा (सावन) और मानवीय भावनाओं के गहरे संबंध को दशार्ती है। लोहे के बक्से पर बनी इस कलाकृति का मुख्य अर्थ मुख्य रूप से सावन के आगमन और उससे जुड़ी खुशी व शांति को व्यक्त करता है। भारतीय कला परंपरा में वर्षा ऋतु को केवल एक मौसम नहीं, बल्कि प्रेम, प्रतीक्षा और नई शुरूआत के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। प्रतीकों का महत्व पेंटिंग में दिखाई देने वाली हर चीज का एक विशेष अर्थ है: राजस्थानी पुरुषः पारंपरिक पगड़ी और सफेद पोशाक में बैठा पुरुष अपनी जड़ों और संस्कृति के प्रति गौरव और सादगी का प्रतीक है। हाथ में पानी का पात्र लिए उसका आकाश की ओर देखना, बारिश के लिए कृतज्ञता और सुकून के भाव को दशार्ता है। राजस्थानी कला में घुमड़ते काले बादल की चमक अक्सर मन की उत्तेजना, प्रेम की तीव्रता या लंबे समय के बाद मिलने वाली खुशी (जैसे सूखे के बाद बारिश) को दर्शाते हैं यह खुशी, समृद्धि और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को दिखाता है।

### मानवीय भावनाओं को बहुत खूबसूरती से उकेरा गया

यह ज्ञान और आशा का प्रतीक है, जो शाम के समय या अंधेरे बादलों के बीच भी जीवन की निरंतरता को दर्शाता है। जहाँ महीन रेखाओं और चटकीले रंगों का उपयोग करके प्रकृति के दृश्यों और मानवीय भावनाओं को बहुत खूबसूरती से उकेरा गया है। इसमें परिप्रेक्ष्य के बजाय रंगों के माध्यम से गहराई और वैभव दिखाने की कोशिश की गई है। वरिष्ठ चित्रकार डॉ. विद्याधर उपाध्याय ने इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन की यात्रा साझा करते हुए बताया कि कला के माध्यम से मानसून का स्वागत करने और कलाकारों को एक साझा मंच देने के उद्देश्य से शुरू हुआ यह सफर अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुका है।

### आत्मिक शांति की एक सुंदर प्रस्तुति

संक्षेप में, यह चित्र मानव और प्रकृति के बीच के सामंजस्य और सावन की पहली फुहारों से मिलने वाली आत्मिक शांति की एक सुंदर प्रस्तुति है। इस भाव को ध्यान में रखकर चित्रकार मनीष कुमावत द्वारा इस पेंटिंग का सृजन संदूक पर बड़ी ही खूबसूरती से किया गया है यह पेंटिंग आकर्षण केंद्र रही साथ ही उज्जैन की कलाकार साक्षी कुमावत द्वारा लिप्पन आर्ट में बॉक्स पर बारिश की थीम को ध्यान रखते हुए मोर का डेकोरेटिव चित्र उकेरा और उन्होंने बताया यह लकड़ी या लोहे का बना बॉक्स नहीं होता परंपराओं ओर भावनाओं की स्मृति का संरक्षक भी होता हैं।

### मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना के बारे में

# शहरों में तो फिर भी छात्राओं को पता, ग्रामीण में जानकारी का अभाव

## पैसा खातों में पहुंचा लेकिन उपयोग को लेकर विभाग छात्राओं को जागरूक करने में रूचिकर नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सरकारी हो या प्राइवेट स्कूल, सभी की कक्षा सात से लेकर 12वीं तक की छात्राओं को स्वच्छता व सैनेटरी पैड के लिए शासन स्तर से तीन सौ रुपये हर साल मिलते हैं। यह रुपये सीधे उनके बैंक खाते में आते हैं यानी वे चाहे स्कूल से सैनेटरी पैड खरीदें या फिर बाहर दुकान से। लेकिन खास बात यह है कि अधिकतर छात्राओं को इस बात का पता ही नहीं है। शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी ठीक ग्रामीण में तो छात्राओं को ही नहीं स्कूल प्रबंधन को ही इसकी जानकारी का अभाव सामने आ रहा है। छात्राओं को जागरूकता का मसला तो बहुत दूर की बात है।

हालांकि शहर के कुछ बड़े कन्या विद्यालयों की छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने जागरूक किया है। इसलिए उन्हें इस बात का पता है। शहर के दशहरा मैदान कन्या विद्यालय में लगी वेंडिग मशीन में पांच रुपये का सिक्का डालकर सैनेटरी पैड ले लेती हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में छात्राओं को तो छोड़ो, स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षिकाओं तक को पता नहीं है कि सैनेटरी पैड या स्वच्छता के लिए छात्राओं को सालाना राशि शासन से सीधे उनके खाते में मिलती है।

### सरकारी-निजी दोनों में प्रावधान

सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्कूलों में पढ़ने वाली पात्र छात्राओं को यह राशि प्रतिवर्ष दी जाती है ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार स्कूल या बाजार से सैनिटरी पैड खरीद सकें, लेकिन जागरूकता के अभाव में अधिकांश छात्राओं को यह भी पता नहीं चल पाता कि उनके खाते में आए 300 रुपए किस उद्देश्य से भेजे गए हैं। पहले स्कूलों को इस उद्देश्य के लिए अलग से राशि उपलब्ध कराई जाती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सरकार ने व्यवस्था में बदलाव करते हुए राशि सीधे छात्राओं के बैंक खातों में भेजने का निर्णय लिया।



### नहीं पता खाते में सालाना रू. 300 आ रहे

कई ग्रामीण स्कूलों में तो शिक्षक भी इस योजना से अनभिज्ञ हैं। कक्षा 7 से 12वीं तक की छात्राओं को मासिक स्वच्छता और सैनिटरी पैड खरीदने के लिए सरकार हर वर्ष 300 रुपये की सहायता राशि देती है। यह राशि सीधे छात्राओं के बैंक खाते में भेजी जाती है। हैरानी यह है कि बड़ी संख्या में छात्राओं को इसकी जानकारी ही नहीं है। शहरों में तो फिर भी कुछ स्कूलों में छात्राएं इससे अवगत हैं लेकिन ग्रामीण स्कूलों में तो शिक्षक भी इस योजना से अनभिज्ञ हैं, जिससे इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

### विकासखंड छात्राओं की संख्या

| | |
|---|---|
| बड़नगर | 5602 |
| घट्टिया | 3098 |
| खाचरौद | 7225 |
| महिदपुर | 7592 |
| तराना | 5530 |
| उज्जैन ग्रामीण | 3302 |
| उज्जैन शहर | 8190 |
| स्त्रोत-जिला शिक्षा विभाग। | |

### एक दशक से ज्यादा हुआ योजना को

इधर सामने आ रहा है कि योजना की शुरूआत राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम 7 जनवरी, 2014 को शुरू किया गया था। इसके बाद राज्यों में इस योजना का नाम बदला गया और इसे लागू किया गया। देश के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर योजना के संचालन में संशोधन किया गया।

### जिले में कहां कितनी छात्राएं

उज्जैन जिले में इस योजना में बीते वर्ष 2025-26 के सत्र तक कुल 40539 छात्राओं का पंजीयन था और उन्हें एक करोड़ 21 लाख 61 हजार से अधिक की राशि बैंक खातों में सीधे दी जानी थी। इसी तारतम्य में शिक्षा विभाग मुख्यालय स्तर पर संचालित योजना में जिले में 662 छात्राओं के बैंक खाते में राशि ही जमा नहीं हो सकी हैं। इससे एक लाख 98 हजार 600 रूपए की यह राशि अब भी लंबित है। 62 छात्राओं के खाते ही लंबित हैं।

**इसलिए बैंक खातों में जाते हैं रुपये-** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्कूलों में फंड देने की जगह सरकार ने कक्षा सात से कक्षा 12 तक की छात्राओं को उनके खाते में 300 रुपये देने का निर्णय लिया था। चूंकि वर्तमान में स्कूल में प्रवेश लेने के साथ ही हर छात्र का आधार नंबर व उनका या उनके स्वजन का बैंक खाता नंबर ले लिया जाता है। इसलिए सरकार से आने वाली राशि छात्राओं के खाते में पहुंच जाती है।

**देर से मिलती राशि-** योजना के तहत छात्राओं को मिलने वाली यह राशि सत्र के अंतिम दौर तक खातों में पहुंचती है। ऐसे में कक्षा 7वीं में आने वाली और इस दौर में पहला कदम रखने वाली छात्राओं को इसकी जानकारी का अभाव ही रहता है। उस दौरान तक छात्राएं पूर्व के क्रम में ही ढल जाती हैं। जानकारों का कहना है कि यह राशि सत्र की शुरूआत में खातों में आने से छात्राओं के इसका उपयोग भी बढ़ जाएगा और उनकी जागरूकता में भी वृद्धि होगी।

### आयुक्त शिक्षा ने आदेश दिया संलग्नीकरण के कर्मचारियों का वेतन निकालने से वसूली होगी

# शिक्षा विभाग एवं प्रशासन में कर्मचारियों पर खींचतान शुरू

## कतिपय कर्मचारी प्रशासन से मूल विभाग में आने को ही तैयार नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आयुक्त् शिक्षा के विभागीय शैक्षणिक कर्मचारियों के संलग्नीकरण (अटैचमेंट) समाप्ति के आदेश के बाद शिक्षा विभाग एवं प्रशासन में कर्मचारियों को लेकर खींचतान की शुरूआत हो चुकी है। वर्षों से प्रशासन की मलाई में मस्त कर्मचारियों पर भी प्रशासन का रंग चढ़ गया है और वे मूल विभाग में आने को तैयार नहीं है। आयुक्त ने आदेश दिए हैं कि संलग्नीकरण के कर्मचारी अधिकारी का वेतन जो भी निकालेगा उसी से वसूली होगी। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के गले में फांस अटकी हुई है।

प्रदेश में संलग्नीकरण पर पूरी तरह से बैंड होने की बात कहीं जाती है। इसके विरूद्ध शिक्षा विभाग में पिछले लंबे समय से कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लेकर संलग्न कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन मूल विभाग से नहीं निकालने के निर्देश जारी होते रहे हैं। हाल ही में आयुक्त के आदेश ने विभाग के वेतन आहरण करने वाले अधिकारियों की सांस चढ़ा दी है।

- **इनसे होगी वसूली-** शिक्षा विभाग में वेतन आहरण के अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्य को हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के कर्मचारियों का ही वेतन आहरण करने का अधिकार रखते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्य अपने अपने क्षेत्रों के प्रावि, मावि, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन आहरण का अधिकार रखते हैं। ऐसे में अधिकांश मामलों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्यों की सांस चढ़ी हुई है।
- **कई की शुगर और बीपी बढ़ा-** आयुक्त के आदेश के बाद वेतन निकालने के मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्यों की स्थिति इधर कुंआ एवं इधर बावडी वाली हो गई है। प्रशासनिक कामों में संलग्न विभाग के कर्मचारी प्रशासन से वेतन के लिए दबाव में हैं तो विभागीय स्तर पर वेतन निकालने पर वसूली के डर से सेवा निवृत्ति के कगार पर आ चुके कई विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्यों की सांस फूली हुई है। कुछ की शुगर बढ़ गई है तो कुछ का बीपी उपर नीचे हो रहा है।
- **जनगणना एवं निर्वाचन से भी वापसी-** विभागीय सूत्रों का कहना है कि आयुक्त अभिषेक सिंह ने अपने निर्देश में स्पष्ट किया है कि जनगणनाए एवं निर्वाचन के कार्यालयीन कामों में लगे शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को भी वापस बुलाकर उनसे मूल विभाग में काम लिया जाए। इसके चलते प्रशासन एवं विभाग के बीच स्थितियां तनाव पूर्ण हो चुकी हैं।
- **प्रशासन में ही 77 कर्मचारी-** इधर विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि संभाग एवं जिले के प्रशासन में ही शिक्षा विभाग के 77 कर्मचारी संलग्नीकरण में हैं। इसके अलावा जिला पंचायत एवं अन्य विभागों में भी कर्मचारी लगे हैं। सभी का संलग्नीकरण समाप्त कर इन्हें मूल विभाग में बुलाया गया है। इसके बावजूद इनमें से कई कर्मचारी मूल विभाग में आने की बजाय विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाने में लगे हुए हैं।

### बच्चों की टॉय कार से निकला रसल वाइपर

# बारिश के साथ शहर में बढ़ा सांपों का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मानसून की शुरूआत के साथ ही उज्जैन में सांप निकलने की घटनाओं में तेजी आ गई है। शहर की स्नेक रेस्क्यू टीमों को प्रतिदिन औसतन 4 से 5 कॉल प्राप्त हो रही हैं। हाल ही में कानीपुरा रोड स्थित गिरिराज रतन कॉलोनी में एक घर के भीतर बच्चों की टॉय कार से देश के सबसे विषैले सांपों में शामिल रसल वाइपर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया।

स्नेक रेस्क्यू टीम के सदस्य राहुल ने बताया कि सूचना मिलने के करीब 20 मिनट के भीतर टीम मौके पर पहुंची। घर की तलाशी लेने पर बच्चों की टॉय कार में कपड़ों के नीचे छिपा रसल वाइपर मिला। सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर सांप को आबादी से दूर उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

रेस्क्यू टीम के अनुसार बारिश के मौसम में नई विकसित कॉलोनियों और निमार्णाधीन क्षेत्रों से सांप निकलने की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। नानाखेड़ा, मुल्लापुरा, नागझिरी, आगर रोड, इंदौर रोड तथा शहर की सीमा से लगी नई कॉलोनियों से सबसे ज्यादा रेस्क्यू कॉल मिल रही हैं। वहीं शहर के भीतर वाटर स्नेक और अन्य सामान्य प्रजातियां नालों एवं जल निकासी मार्गों के जरिए रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंच जाती हैं।

**निर्माण कार्य और पेड़ों की कटाई भी वजह-** सर्प मित्र महाकाल नगरी के राहुल मोकरीवाल ने बताया कि उज्जैन के आसपास नदियां, जल स्त्रोत और हरियाली होने से सांपों का प्राकृतिक आवास बड़ी संख्या में मौजूद है। लेकिन तेजी से हो रहे निर्माण कार्य, सड़क चौड़ीकरण और पेड़ों की कटाई के कारण उनका प्राकृतिक बसेरा प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि सांप अब रिहायशी इलाकों की ओर अधिक दिखाई दे रहे हैं।

**उज्जैन में 8 से 10 स्नेक रेस्क्यूर सक्रिय-** रेस्क्यू टीम के अनुसार शहर में वर्तमान में करीब 8 से 10 प्रशिक्षित स्नेक रेस्क्यूर सक्रिय हैं। अधिकांश लोग सोशल मीडिया या मोबाइल के माध्यम से टीम से संपर्क कर सांप निकलने की सूचना देते हैं, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर सुरक्षित रेस्क्यू किया जाता है।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 15 जुलाई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मातृ वंदना योजना की 35 हजार से अधिक महिलाओं को लाभ

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े द्वारा आज स्वास्थ्य, आयुष, एमजीएम, नगरीय निकाय, पीएचई और महिला बाल विकास विभाग के त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा की गई। संभागायुक्त डॉ.खाड़े ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जमीनी स्तर पर जो कार्य किए जा रहे है। महिला बाल विकास द्वारा इस संबंध में बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अप्रैल से जून तक वित्तीय लक्ष्य के अंतर्गत 35121 महिलाओं को योजना का लाभ दिया गया हैं। वित्तीय वर्ष में प्रदान किए गए लक्ष्य के विरुद्ध लगातार प्रगति की जा रही है। संभागायुक्त डॉ.खाड़े ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज के माध्यम से अस्पतालों में दी जा रही व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए व्यवस्थित एप्रोच अपनाने के निर्देश दिए है।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया जाएगा जागरूक

**इंदौर।** विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलेगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान के अंतर्गत समयबद्ध रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। अभियान की शुरूआत 15 जुलाई 2026 को होगी। जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। इस दौरान स्थानीय मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे ।

### कचरा संग्रहण, निष्पादन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बनाएं नीति

**इंदौर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की साधारण सभा की बैठक में कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सतत जनभागीदारी और सुव्यवस्थित प्रबंधन का विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण एवं निष्पादन के लिए स्पष्ट नीति तैयार की जाए तथा पंचायतों, ब्लॉक स्तर और क्लस्टर स्तर पर दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि 10 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए तथा अगले 20 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर कचरा निष्पादन प्रबंधन के उपाय करें। उन्होंने कचरा परिवहन के लिए वाहनों, एजेंसियों और संचालन व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने पर बल दिया।

### अपेंडिक्स के ऑपरेशन में गई 9 साल के निखिल की जान



इंदौर। इंदौर के देवगुराड़िया क्षेत्र में स्थित एनर्जी अस्पताल से एक दुखद मामला सामने आया है। यहां सोमवार को अपेंडिक्स के एक सामान्य ऑपरेशन के दौरान एक 9 वर्षीय मासूम बच्चे की जान चली गई। इस दुखद घटना के सामने आने के बाद बच्चे के आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टरों पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने के सीधे आरोप लगाए हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और प्रबंधन के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रात के समय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और परिजनों को पूरे मामले की निष्पक्ष व गहन जांच करने का ठोस आश्वासन देकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले को जांच में ले लिया है और अधिकारियों का कहना है कि बच्चे की मृत्यु की वास्तविक और सटीक वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी तरह से साफ हो पाएगी।

### 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**इंदौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है।विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

### जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने में प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धि

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता संरक्षण, संवर्धन और उससे जुड़े पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। जैव संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग से प्राप्त लाभों के न्यायसंगत और संतुलित एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग की दिशा में प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जैव विविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत जैव संसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारियों एवं विनिमार्ताओं से प्राप्त एबीएस राशि में से मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड ने प्रदेश के बुरहानपुर एवं उमरिया वनमंडलों की 153 जैव विविधता प्रबंधन समितियों और अन्य पात्र लाभार्थियों को कुल ?48.12 लाख की राशि वितरित की है। बोर्ड द्वारा अब तक प्रदेश के 33 वनमंडलों की 1,164 जैव विविधता प्रबंधन समितियों एवं लाभ के दावेदारों को कुल 499.50 लाख की एबीएस राशि वितरित की जा चुकी है।

---

नगर निगम ने लगाया स्पॉट फाइन, भाजपा ने साधा निशाना

## कांग्रेस की साइक्लोथॉन के बाद हर तरफ फैला कचरा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कांग्रेस की युवा स्वाभिमान साइक्लोथॉन के बाद स्वच्छता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांधी प्रतिमा के सामने कार्यक्रम समाप्त होने के बाद फैले कचरे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए दो हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया। यह चालान एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी के नाम पर काटा गया। घटना को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस की युवा स्वाभिमान साइक्लोथॉन सोमवार सुबह गांधी प्रतिमा से आरएनटी मार्ग होते हुए निकाली गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद आयोजन स्थल पर डिस्पोजल ग्लास, पानी की बोतलें और सजावट का अन्य कचरा फैला मिला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और स्वच्छता नियमों के उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए स्पॉट फाइन की कार्रवाई की। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक आयोजन में डेकोरेशन के लिए ऐसे पेपर कटिंग का इस्तेमाल किया गया था, जिन पर नगर निगम पहले से प्रतिबंध लगा चुका है। इसी कारण आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी के नाम से दो हजार रुपये का स्पॉट फाइन किया गया।

### भाजपा ने साधा कांग्रेस पर निशाना

इस मामले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस स्वच्छता का संदेश देने निकली थी, लेकिन कार्यक्रम के बाद गांधी प्रतिमा के सामने ही कचरा छोड़ गई। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस की कथनी और करनी का अंतर साफ दिखाई देता है। यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया था, लेकिन कांग्रेस ने उनकी प्रतिमा के सामने ही स्वच्छता का अपमान किया।



### किसी बड़े नेता ने पोस्ट नहीं किया

राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस की साइक्लोथॉन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि गांव-गांव से साइकिल लेकर कार्यकर्ता इंदौर पहुंचे, लेकिन कांग्रेस के किसी बड़े नेता ने इस यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट तक नहीं की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इससे साफ है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की कांग्रेस पप्पू का चप्पू चला रही है।

### निगम ने लगाया स्पॉट फाइन

फिलहाल नगर निगम की ओर से स्पॉट फाइन की कार्रवाई पूरी कर दी गई है। हालांकि, इस मामले में कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में स्वच्छता को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब राजनीतिक बहस का विषय बन गया है।

## मालवा प्रांत के जिला रामेश्वरम का दो दिवसीय वार्षिक अभ्यास

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हिंदू जागरण मंच मालवा प्रांत के जिला रामेश्वरम (इंदौर) द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अभ्यास वर्ग शनिवार एवं रविवार को केट चौराहा स्थित 9 हिल्स रिसोर्ट में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य कार्यकताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं कार्य-कौशल का विकास करना रहा। अभ्यास वर्ग के दौरान संगठन के विस्तार, कार्य-पद्धति, हिंदुत्व के विभिन्न आयाम, सामाजिक समरसता, राष्ट्र एवं समाज के प्रति कार्यकताओं की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही संगठन की आगामी कार्ययोजना, जनसंपर्क बढ़ाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर भी मंथन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठक श्री मनीष उपाध्याय, मालवा प्रांत संगठक मोहित सेंगर, प्रांत संयोजक श्री भेरूलाल टांक, प्रांत सह-संयोजक संजय भाटिया तथा जिला प्रभारी रमेश जाट ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

---

श्रावण-भादौ में भगवान महाकाल की निकलेगी छह सवारियां

## सिंहस्थ-2028 की पहली 'लाइव टेस्टिंग' होंगी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

भगवान महाकाल की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली छह सवारियां इस बार केवल परंपरा निभाने का अवसर नहीं होंगी। जिला प्रशासन इन्हें सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के पहले बड़े 'फील्ड ऑडिट' में बदलने जा रहा है। यानी 3 अगस्त से 7 सितंबर तक उज्जैन में होने वाली हर व्यवस्था, हर चुनौती और हर अनुभव यह तय करेगा कि दो साल बाद करोड़ों श्रद्धालुओं की मेजबानी के लिए शहर कितना तैयार है और किन मोर्चों पर अभी और काम करने की जरूरत है।

यही वजह है कि महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने केवल सवारी की तैयारियों की समीक्षा नहीं की, बल्कि सभी विभागों को स्पष्ट संदेश दिया कि हर व्यवस्था तय समय सीमा में पूरी हो और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। प्रशासन के लिए यह केवल छह सवारियों का संचालन नहीं, बल्कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का पहला सार्वजनिक परीक्षण है।

### श्रद्धालुओं और वाहनों का वैज्ञानिक सर्वे



इस बार पहली बार व्यवस्थाओं का मूल्यांकन अनुमान के बजाय वास्तविक आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। उज्जैन स्मार्ट सिटी श्रद्धालुओं और वाहनों का वैज्ञानिक सर्वे कराएगी। इसमें दर्ज होगा कि श्रद्धालु किस राज्य और शहर से आए, किस साधन से पहुंचे, किन मार्गों का उपयोग किया, कहां पार्किंग की, शहर में कितना समय बिताया और दर्शन के बाद किस रास्ते से लौटे। यह पूरा डेटाबेस भविष्य में सिंहस्थ-2028 की ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग नीति, सार्वजनिक परिवहन, शटल सेवा और भीड़ प्रबंधन की स्थायी रणनीति का आधार बनेगा।

**यह है चुनौती-** प्रशासन की सबसे बड़ी चुनौती 17 अगस्त को तीसरे सावन सोमवार पर होगी। इसी दिन महाकाल की सवारी और नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन का दुर्लभ संयोग रहेगा। अधिकारियों का मानना है कि इस दिन शहर पर सबसे अधिक दबाव रहेगा और यही स्थिति सिंहस्थ जैसी भीड़ का वास्तविक आकलन करने का अवसर भी देगी। इसलिए इस दिन की व्यवस्थाओं के लिए अलग कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

उधर, सिंहस्थ-2028 को लेकर सरकार पहले ही हजारों करोड़ रुपये की सड़क, पुल, घाट, पार्किंग, पेयजल, सीवरेज और अन्य आधारभूत परियोजनाओं पर काम शुरू करा चुकी है

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा लगायी जाएगी प्रदर्शनी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

कृषि वर्ष के तहत प्रदेश के सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित जायेगा। बलराम कृषि महोत्सव 15 जुलाई से शुरू होकर आगामी 13 नवम्बर 2026 तक कृषि से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। बलराम कृषि महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 15 जुलाई को कृषि उपज मण्डी लक्ष्मीबाई नगर इंदौर में मनाया जायेगा। इस आयोजन में इंदौर जिले के कृषक बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। आयोजन में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी।

यह जानकारी संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा कृषि विभाग, मंडी बोर्ड, आत्मा आदि विभागों की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव का उद्देश्य किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें आधुनिक संसाधनों और तकनीकी से जोड़ना है। यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि एक परिवर्तनकारी मंच है, इससे किसानों को आत्मनिर्भर बनायेगा। इस महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के किसानों से संवाद करेंगे, जिससे शासन और किसानों के बीच सीधा एवं प्रभावी संपर्क सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही महोत्सव के तहत किसानों को अपने प्रश्न पूछने का अवसर मिलेगा और शासन द्वारा किसानों को मार्गदर्शन मिलेगा।

---

रीवा, मैहर, शिवपुरी भी रूट्स में शामिल

## इंदौर से 20 शहरों के लिए चलेगी 40 सरकारी लग्जरी बसें

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश में एक बार फिर राज्य परिवहन निगम की तरह सरकारी बसें शुरू होने वाली है। इसमें इंदौर से 20 शहरों के लिए लग्जरी बसें चलाई जाएंगी। सबसे खास बात यह है कि इनमें शहर के आस-पास के जिलों के साथ लंबी दूरी की बसें भी चलेंगी। जो यात्रियों को महाकोशल-विंध्य और ग्वालियर क्षेत्र के शहरों से जोड़ेगी।

इनमें इंदौर से सिंगरौली का सबसे लंबा रूट रहेगा, जिसमें बस 889 किमी की यात्रा करेगी। बसों को चलाने के लिए सर्वे भी किया गया है, जिससे पीकऑवर्स में यात्रियों को बसों की सुविधा मिल सके। इंदौर से बसें मुलताई, नरसिंहपुर, पिपरिया, निवाड़ी, शिवपुरी, श्योपुर, रीवा, मऊगंज, मुरैना, मनासा, मैहर, ग्वालियर, गुना, दतिया, बीना, भिंड, सागर जिले का बंडा, डिंडौरी, शहडोल, सिंगरौली, उमरिया, अनूपपुर जाएंगी।



### एसी सुपर लग्जरी बसें भी चलेगी

इंदोर से 20 शहरों के लिए अलग-अलग श्रेणियों की बसें चलाई जाएंगी। इसमें मिडी बसों की क्षमता 35 यात्रियों की रहेगी वहीं बड़ी बसों में 70 यात्री बैठ सकेंगे। इसके साथ यह बसें सामान्य श्रेणी के साथ एसी और सुपर लग्जरी वाली भी होंगी। सबसे लंबा रूट इंदौर-सिंगरौली 889 किमी का रहेगा। ये बसें सामान्य के साथ एसी और सुपर लग्जरी श्रेणी की भी होंगी मिडी बस में 35 और बड़ी बस में 70 यात्री बैठ सकेंगे

इंदौर नगर निगम में आमजन परेशान

## लगाने पड़ते हैं बार-बार चक्कर, कागजी खानपूर्ति में निकल जाते हैं कई-कई दिन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नगर निगम से संबंधित समस्याओं को लेकर रहवासी अपने अपने क्षेत्र के जोनल कार्यालय पर पहुंचते हैं, लेकिन कई बार उनकी वहां पर सुनवाई नहीं होती है। कागजों की खानापूर्ति के नाम पर रहवासियों को अन्य कार्यालयों में भटकाते रहते हैं।

ऐसे में लोग चक्कर पर चक्कर काटने को मजबूर रहते हैं। वास्तविक हाल जानने के लिए सोमवार को नईदुनिया की टीम शहर शहीद चंद्रशेखर आजाद जोन क्रमांक आठ विजय नगर पहुंची।यहां अपनी समस्याओं के निदान के लिए वार्ड क्रमांक 28, 30 और 37 के रहवासी पहुंचते है।

सुबह 11 बजे यहां कई लोग अलग अलग कार्यों के लिए आए हुए थे। किसी को जलकर जमा कराना था तो किसी को समग्र आइडी बनवानी थी। किसी की वृद्धावस्था पेंशन में दिक्कत आ रही थी तो किसी का जलकर दुबारा आ गया। कई लोग अपनी समस्याओं के समाधान की आस में यहां पहुंचे थे। कुछ के काम हुए तो कुछ कई मामलों में नियमों का हवाला देकर तो कई कार्य कागज की कमी के कारण अटक गए। कुछ लोगों की प्रक्रियां को समझने के लिए यहां से वहां चक्कर काट रहे थे।

यहां हुए रंग रोपण के कारण यहां खिड़कियों पर वहां होने वाले कार्य की जानकारी नहीं लिखी हुई थी इसके चलते लोग परेशान हो रहे थे। यहां विजय शर्मा समग्र आइडी में मुखिया के नाम को परिवर्तित कराने आए थे। उनका कहना है कि इसके लिए पिछले सात दिनों से परेशान हूं। अलग-अलग दस्तावेज देने के बाद प्रक्रियां पूर्ण होगी। एक दो दिन ओर लगने की बात कही जा रही है।

यहां बिल कलेक्टर के केबिन बने हुए है।इनसे अपनी विभिन्न कर संबंधी समस्याओं के लिए भी लोग आए थे। इन्हें बताया जा रहा था यहां उनकी उपलब्धता तीन बजे बाद होगी। वे फील्ड में है। आधार सुधार केंद्र भी बना है लेकिन अधिकांश लोगों की समस्या का निदान नहीं हो रहा है। यहां नाम में सुधार, पत्ता में बदलाव जैसे कार्य नहीं हो रहे है। इन्हें स्वयं करने की बात कह कर लौटाया जा रहा था। पूछने पर बताते है कि सिर्फ बायोमेट्रिक अपडेट किया जाता है।

---

## मुहिम: बारिश की हर बूंद अब पहुंचेगी जमीन के भीतर

निजी खर्च से वार्ड 18 में शुरू हुआ अभियान, पहले चरण में 6 वाटर हार्वेस्टिंग पिट तैयार;

### 100 रिचार्ज पिट से सुदामा नगर से नई मेडिसिटी क्षेत्र तक भूजल स्तर सुधारने का लक्ष्य

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर में लगातार गिरते भूजल स्तर और गर्मी के दौरान सूखते बोरिंग की समस्या को देखते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 18 के पार्षद रवि राय ने निजी खर्च से 100 वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज पिट बनाने की पहल शुरू की है। अभियान की शुरूआत सामाजिक न्याय परिसर और हीरा मिल की चाल क्षेत्र में छह स्थानों पर रिचार्ज पिट तैयार कर की गई।

रवि राय ने बताया कि इस वर्ष गर्मी के दौरान अरविंद नगर और सुदामा नगर क्षेत्र में भूजल स्तर काफी नीचे चला गया, जिससे कई बोरिंग पूरी तरह सूख गए। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए बारिश के पानी को जमीन में पहुंचाने की योजना बनाई गई है।



### 20 फीट गहरे गड्ढे खोदे जा रहे

उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय परिसर करीब चार लाख वर्गफीट क्षेत्र में फैला हुआ है। बारिश के दौरान यहां घुटनों तक पानी भर जाता है और कई महीनों तक जलभराव बना रहता है। इस पानी को नालियों में बहने से रोकने के लिए ट्रैक्टर की सहायता से 15 से 20 फीट गहरे गड्ढे खोदकर उनमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल सीधे भूजल स्त्रोतों तक पहुंचे।

### पूरे वार्ड में 100 रिचार्ज पिट तैयार करने का लक्ष्य रखा

अभी सामाजिक न्याय परिसर के विभिन्न हिस्सों, हीरा मिल की चाल स्थित शनि महाराज मंदिर के पास तथा खेल मैदान में छह रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। पूरे वार्ड में ऐसे 100 पिट तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक पिट पर लगभग 700 से 1000 रुपये का खर्च आ रहा है, जिसका वहन स्वयं पार्षद कर रहे हैं। रवि राय ने कहा कि नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन में भी जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहर में विकसित हो रही नई मेडिसिटी, बड़े होटल और अन्य संस्थानों के कारण भविष्य में पानी की मांग बढ़ेगी। ऐसे में रिचार्ज पिट से वर्षा जल का बेहतर संचयन होगा और सुदामा नगर, तुलसी नगर तथा नई मेडिसिटी क्षेत्र में भूजल स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। इस पहल को वार्डवासियों ने भी सराहनीय बताया।



## 100 एकड़ में बनेगा नया सिटी फॉरेस्ट... वॉकिंग ट्रैक से ओपन जिम तक मिलेंगी सुविधाएं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर विकास प्राधिकरण शहर को एक और बड़ा हरित क्षेत्र देने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद स्कीम-97 (रेत मंडी क्षेत्र) में मिली 80 हेक्टेयर से अधिक जमीन में से 40 हेक्टेयर (करीब 100 एकड़) क्षेत्र को सिटी फॉरेस्ट के लिए आरक्षित किया गया है। इसी महीने इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू होने जा रहा है, जहां करीब 2.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

आईडीए ने पौधों की खरीद, रोपण और पांच वर्षों तक उनकी देखभाल के लिए ठेकेदारों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। परियोजना के तहत 2 से 3 स्थानों पर मियावाकी तकनीक अपनाई जाएगी। इस तकनीक से महज 3 से 4 वर्षों में घना जंगल तैयार हो सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि यह सिटी फॉरेस्ट शहर के बीच एक बड़े 'ऑक्सीजन हब' के रूप में विकसित होगा और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाएगा।

## न्यूज कालम



## पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया

**टाण्डा।** थाना टांडा से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया। कल दिनांक 13 जुलाई को ग्राम डोबनी के गुलाब सिंह पिता किशन भूरिया उम्र 45 साल का शव मिला । जिसे गर्दन में किसी धारदार हथियार से की चोट से मृत्यु होना पाया गया। टांडा पुलिस की तत्परता से आरोपी को चिन्हित किया गया । जिसकी पहचान आरोपी मांगीलाल पिता किशन मेहडा उम्र 41 साल निवासी डोबनी जिसे पूछताछ करने पर शराब पीकर गाली - गलौज करने के बाद हत्या करना बताया। मूखबीर द्वारा बताया गया कि आरोपी डेहरीपुरा के जंगलों में कहीं छुपा है जो की अगली सुबह गुजरात जाने वाला है। जिसे रात्रि में मुखबिर की सूचना के बाद थाना प्रभारी महोदय द्वारा टीम बनाकर दबिश दी गई जिसे डेहरीपुरा के जंगलों में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। बाद दिनांक 14 जुलाई को माननीय न्यायालय कुक्षी में पेश किया जा रहा है।

## गुमशुदा दो नाबालिग बालिकाओं को सनावद पुलिस ने 12 घंटे में खोजा




**सनावद।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक बालिग बालक/बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तयाबी की जाने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है। प्राप्त निदेर्शों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के एसडीओपी एवं समस्त थाना प्रभारीयों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही कर नाबालिक /बालिग बालक/बालिकाओ को दसत्याब करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस थाना सनावद पर ग्राम ढकलगाँव निवासी 2 नाबालिग बालिकाओ के गुम होने की सूचना मिली जिस पर से थाना सनावद पर क्रमशः अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग बालिकाओं के एक साथ गुम हो जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व मे थाना सनावद से पुलिस टीम का गठन कर दोनों बालिकाओ को सकुशल खोजने के लिए निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा दोनों बालिकाओ को खोजने के हर

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय की जर्जर छत की मरम्मत की मांग

**सनावद।** चांदनीपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन की क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत की मांग विद्यार्थियों,पालकों और शिक्षकों ने विधायक सचिन बिरला से की है।विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय भवन की छत जर्जर हो चुकी है और प्लास्टर उखड़ गया है।इस कारण कक्षाओं में बारिश का पानी टपकता है। छत का प्लास्टर गिरने से दुर्घटना घटित हो सकती है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र (समग्र शिक्षा अभियान) को पत्र लिख कर विद्यालय की छत की मरम्मत और भवन के सुद्दढ़ीकरण के निर्देश दिए। पत्र में कहा गया है कि विद्यालय भवन की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और विद्यालय भवन की छत पूरी तरह से जीर्णशीर्ण हो चुकी है। वर्तमान में बारिश के मौसम में छत से बहुत अधिक मात्रा में पानी का रिसाव हो रहा है और कक्षाओं में पानी भर जाता है। इस कारण विद्यालय में अध्ययनरत छोटे बच्चों को बैठने और पढ़ाई करने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नशा मुक्ति 2.0 अभियान का आयोजन किया जा रहा है

**बुरहानपुर।** नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता एवं समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति 2.0 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण हेतु समर्पित है।पुलिस अधीक्षक, बुरहानपुर द्वारा जिले के समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थानों एवं जनप्रतिनिधियों से इस जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया जाता है। आपकी सहभागिता ही नशामुक्त बुरहानपुरएवं नशामुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के साथ बैठक आयोजित

**उज्जैन, ।** जिले में नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नाको) द्वारा मिशन एड्स सुरक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 95 95 95 का लक्ष्य 1 दिसंबर 2026 तक हासिल किया जाना है। इसके अनुसार 95 प्रतिशत एचआईवी से ग्रसित ९५ प्रतिशत लोगों को उनका एचआईवी स्टेटस पता होना चाहिए। जो एचआईवी पॉजिटिव चिन्हांकित हो चुके हैं, उनमें से 95प्रतिशत को एचआईवी की दवा खाना चाहिए एवं इन 95 प्रतिशत लोगों में से 95 प्रतिशत लोगों का वायरल लोड सप्रेस होना चाहिए।इस क्रम में दिनांक 9 जुलाई को एमपीसेक से डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राधिका गुप्ता निखरा एवं श्री वैभव पाटील, सहायक संचालक, एमपीसेक द्वारा क्षेत्रीय संचालक, उज्जैन संभाग, उज्जैन कार्यालय में क्षेत्रीय संचालक डॉ. दीपक पिप्पल के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में 95 95 95 के लक्ष्य को हासिल करने हेतु चर्चा की गई। साथ ही एचआईवी पॉजिटिव महिला से बच्चे में संक्रमण को पूर्णतः रोकने हेतु शपथ ली गई।उक्त बैठक में क्षेत्रीय संचालक के साथ-साथ संभागीय एचआईवी नोडल एवं उप संचालक डॉ. सव्यसाची श्रीवास्तव, डॉ. अरुण कुशवाह, नोडल अधिकारी एचआईवी, उज्जैन तथा दिशा टीम, उज्जैन से श्रीमती शोभी गुप्ता उपस्थित रहीं।

# रोड व पानी की समस्याओं को लेकर वार्ड 17 के रहवासियों ने नगर पालिका का किया घेराव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



ओंकारेश्वर रोड स्थित वार्ड क्रमांक 17 के स्थानीय रहवासियों ने रोड व पानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर नगर पालिका का घेराव किया ।

नगर पालिका में अध्यक्ष व सीएमओ के नहीं होने पर जमकर नारेबाजी की तथा जमीन पर बैठकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। मामले की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला, नपा अधिकारी व अन्य पार्षद पालिका पहुंचे । समस्याओं से नाराज महिलाओं ने अध्यक्ष व नगर पालिका स्टाफ को जमकर खड़ी खोटी सुनाई ।निलेश मालाकार ने बताया कि वार्ड क्रमांक 17 माली कॉलोनी की रोड को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व अमृत योजना के नाम पर खोद दिया गया तथा संबंधित ठेकेदार के द्वारा जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे कर छोड़ दिए नालियों के ऊपर बने चैंबरों की भी मरम्मत तक नहीं करवाई गई । जिसके चलते पूरे कॉलोनी में बारिश के मौसम में कीचड़ पसरा हुआ रहता है नालियों का पानी रोड़ पर जमा हो रहा है जिसके कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है नगर पालिका को लगातार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

रहवासी महिला रक्षा तिरोले, रानू चौहान में बताया कि वार्ड में बीते एक साल से अधिक समय हो गया है जहां पर नियमित पानी सप्लाई नहीं हो रहा है एक दिन छोड़कर पानी मिलता है उसका भी कोई समय निश्चित नहीं होता वार्ड में बारिश के मौसम में भी जल संकट जैसी स्थिति निर्मित हो गई है नर्मदा के पानी के अलावा वार्ड में पानी के अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है जिससे पानी के लिए भी आम नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है ।

पानी की समस्या इस हद तक है कि नालों में पानी का प्रेशर तक नहीं आ रहा है ।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, ओमकारलाल मेवाड़, दिनेश कचावे, दिलीप गीते, ममता मार्कण्डेय, सपना मालाकार, सुमित्रा यादव, संगीता बाई, श्यामा बाई कर्मा, संजू बाई, माया मालाकार, शारदा माली, अनिता माली, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे ।



## स्वास्थ्य विभाग का दस्तक अभियान चलेगा 31 अगस्त तक

**जावरा ।** नगर में मंगलवार से दस्तक अभियान का शुभारंभ (डायरिया सह दस्तक अभियान) भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर इंदिरा नगर आंगनवाड़ी केंद्र पर किया । इस अवसर पर दो पैकेट ओआरएस , जिंक टेबलेट दी गई । प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि यह अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा।, शहरी क्षेत्र के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर एवं प्रत्येक गांव में कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर ,एएनएम ,आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की जांच कर उपचार दिया जाएगा,। तथा कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती किया जाएगा। सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी,बीईई बसंतिलाल मईडा,बीपीएम रघुनंदन पाटीदार ने बताया अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल्यकाल मृत्यु दर में कमी लाना है 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए का अनुपूरण करने एवं सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान बाल्यकालीन निमोनिया एवं दस्त/डायरिया की तुरंत पहचान प्रबंधन रेफरल एवं समुदाय को समुचित शिशु एवं बाल्य आहार पूर्ति संबंधित समझाइए देना है ।स्तन पान के संबंध में परामर्श जन्मजात विकृति ,एनीमिया ,कुपोषण आदि का चिन्हांकन कर प्रबंधन एवं छूटे हुए बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण किया जावेगा।

## अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल की 17वीं नजीर 'मध्य प्रदेश लॉ जर्नल' में प्रकाशित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल की विधिक उपलब्धियों में एक और अध्याय जुड़ गया है। उनकी 17वीं नजीर / प्रीसिडेंट अब "मध्य प्रदेश लॉ जर्नल (एम.पी.एल.जे.)" में रिपोर्ट/प्रकाशित हुई है। इससे पहले उनकी 16 नजीरें विधि जगत में प्रकाशित हो चुकी हैं। इस नई उपलब्धि पर जूनियर अधिवक्ता अजहर हुसैन एवं साथीगणों ने उन्हें बधाई दी। अधिवक्ता अजहर हुसैन ने कहा कि मनोज कुमार अग्रवाल की यह एक और अद्वितीय उपलब्धि विधिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत साबित होगी।

बुरहानपुर की सरजमीं के सीनियर पर हमें गर्व है। अपनी उपलब्धि पर मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस सफलता में सहायक अधिवक्ताओं, विशेषकर अजहर हुसैन एवं अन्य का सहयोग रहा। साथ ही उनके मार्गदर्शक डॉ. गिरीश अग्रवाल, जो 70 वर्ष की आयु में भी स्वयं अधिवक्ता के रूप में रजिस्टर्ड हैं, से उन्हें प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि विपक्षी अधिवक्ताओं की दलीलें और निचले न्यायालयों के फैसलों को जब उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाती है, तब मंथन के बाद आने वाला फैसला ही नजीर / प्रीसिडेंट / न्याय-सिद्धांत बनता है। मनोज अग्रवाल ने कहा, "मुझे संतुष्टि इस बात की है कि तथ्यों के आधार पर कानून की मेरी समझ को निचले न्यायालय में रखा गया। निचले न्यायालय के फैसले को हाईकोर्ट ने निरस्त कर मेरी दलील को सही ठहराया और कानून की इस नवीन व्यवस्था को विधि जर्नल्स में स्थान मिला।

## सरस्वती पुरम परिसर में नवीन शिशु वाटिका भवन का भूमि पूजन समारोह सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



पहाडिया रोड़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नवीन शिशु वाटिका भवन का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता एवं विद्या भारती मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। समारोह का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन से हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का साफा बांधकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। विवेक भारती शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजित चत्तर का भी सम्मान किया गया।

अतिथियों का स्वागत सुरेश मेहता, बाबूलाल नाहर, अनिल पावेचा, सचिव तन्मय सोनी, कोषाध्यक्ष शीतल चोरडि?ा, राधेश्याम पोरवाल, मदनलाल राठौर, शिवेंद्र माथुर, प्राचार्या रेणुबाला शर्मा, प्रधानाचार्य शीला सोन, संगीता पाटीदार, अर्चना करनावट आदि ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसद में कहां कि बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का भाव भी मिलना चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर जैसी संस्थाएं शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। नवीन शिशु वाटिका भवन आने वाले समय में नन्हे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार बनेगा।आपने विद्यालय को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।विद्या भारती मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में इस भवन का भूमिपूजन केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है।

## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ जागरूकता अभियान

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ च्च अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर स्थित नर्मदा कॉन्वेंट स्कूल बड़वानी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की स्वच्छता आईईसी टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय संचालक एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर की उपस्थिति में लगभग 500 छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। आईईसी टीम ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रखने के उपाय बताए।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 77 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ७७ आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को अपने शिकायत एवं समस्या का निराकरण प्राप्त हो सके। जनसुनवाई में ग्राम ब्राम्हणगांव निवासी श्रीमति मोनिका कौशल पति स्व. श्री रितेश कौशल ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठीकरी में वार्डबाय के पद पर पदस्थ थे। उनके पति की मृत्यु 9 सितम्बर 2025 को हो गई है। पति की मृत्यु के पश्चात उन्हे नियमानुसार मिलने वाला 300 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत होने के बाद भी उन्हे उसकी राशि अभी तक प्राप्त नही हुई है और ना ही अन्य लाभ एवं अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। इस संबंध में वे बार-बार विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रही है परन्तु उनकी कोई सुनवाई नही हो रही है, अतः उन्हे राशि दिलवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर ने उक्त प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग के स्थापना अकाउंटेंट श्री संतोष निगवाल को कारण बताओ नोटिस दिया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल, जिला परियोजना समन्वयक सुश्री सोनालिका अछाले सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनशिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों के नामांकन को गति देने और विभागीय प्राथमिकताओं को समय सीमा में पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कक्षा पहली में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में 96 प्रतिशत नामांकन दर्ज किया जा चुका है, जिसे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। इसके साथ ही बैठक में कक्षा पहली से 12वीं तक जितने भी बच्चे नामांकन के लिए शेष रह गए हैं, उनकी स्कूलवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इस कार्य को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए सभी जनशिक्षकों को पूरी गंभीरता से कार्य करने और एक सप्ताह के भीतर अंतिम अवसर के रूप में नामांकन का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## रिश्तो को कलंकित करने वाले भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

**बड़वानी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) बड़वानी श्री लीलाधर सोलंकी द्वारा पारित अपने फैसले में हत्या करने के आरोप में आरोपी सुमित पिता दिनेश पंवार उम्र 18 वर्ष निवासी विद्युत नगर हवा बंगला के पास इंदौर (म.प्र.) को धारा 103(1) बीएनएस में आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड व धारा एवं 238 बीएनएस में 3 वर्ष का कठोर कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण को प्रशासन द्वारा चिन्हित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में चिन्हित किया गया था अभियोजन के प्रस्तुत तर्क एवं वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्य के साक्ष्य से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी सुमित को आजीवन कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी श्री महेश पटेल सहायक निदेशक अभियोजन जिला बड़वानी म.प्र. अभियोजन अधिकारी बडवानी द्वारा की गई। अभियोजन मीडिया प्रभारी श्रीमती मीना कुशवाह सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बड़वानी ने बताया कि सूचनाकर्ता अरविंद ने 20 सितम्बर 2025 को थाना राजपुर में उपस्थित होकर इस आशय की सूचना दी।

## जरखोदा में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

शासकीय आयुर्वेद औषधालय, करोहन द्वारा अंतर्गत ग्राम जरखोदा के आंगनबाड़ी परिसर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि शिविर में 72 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र जैन ने आरोग्य मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत "हरित आयुष-वनौषधि पौधारोपण" की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय जलवायु के अनुरूप औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है।

उन्होंने घृतकुमारी, कालमेघ, ब्राह्मी, भृंगराज, गुड़मार, अदरक, अश्वगंधा, गिलोय, शतावरी, धतूरा, निर्गुंडी, बेल एवं मेथी सहित विभिन्न औषधीय पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेथी पाचन में सहायक होने के साथ रक्त शर्करा के प्रबंधन, हृदय स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण तथा त्वचा एवं बालों के लिए भी लाभकारी है।सामुदायिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. इरफान खान ने संतुलित एवं आयुर्वेदिक विधि-विधान के अनुसार आहार ग्रहण करने के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं योग प्रशिक्षक श्रीमती रेखा मालवीय ने उपस्थित ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया।शिविर का उद्घाटन सरपंच श्रीमती अनीता जितेंद्र एवं उपसरपंच मुजाहिद पटेल ने किया। कार्यक्रम में सचिव श्री बैरागी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजुम पटेल, आशा कार्यकर्ता श्रीमती आवेदा शाह, आंगनबाड़ी सहायिका सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।

## पश्चिम रेलवे द्वारा 7/11 मुंबई उपनगरीय ट्रेन

**उज्जैन।** उपर्युक्त चित्रों में पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी 7/11 मुंबई उपनगरीय ट्रेन धमाकों की 20वीं बरसी के अवसर पर माटुंगा रोड, माहिम, बांद्रा, सांताक्रुज, जोगेश्वरी, बोरीवली एवं भायंदर स्टेशनों पर पुष्प अर्पित कर पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए। आज से बीस वर्ष पूर्व, 11 जुलाई, 2006 को मुंबई ने अपने इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक का सामना किया था, जब पश्चिम रेलवे के माटुंगा रोड, माहिम, बांद्रा, सांताक्रुज, जोगेश्वरी, बोरीवली तथा भायंदर स्टेशनों के निकट सात उपनगरीय ट्रेनों के प्रथम श्रेणी डिब्बों में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। इस दुखद घटना की 20वीं बरसी के अवसर पर 11 जुलाई, 2026 को पश्चिम रेलवे ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने सम्मान स्वरूप संबंधित सातों स्टेशनों पर पुष्पक्र अर्पित किए तथा जान गंवाने वालों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा।

## छात्राओं और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन एवं जीवन रक्षक कौशल का दिया प्रशिक्षण

### एनडीआरएफ ने शासकीय कन्या विद्यालय धानमंडी में किया आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 11वीं बटालियन की उप-टीम द्वारा उज्जैन के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धानमंडी में एक दिवसीय स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम (स्स्क्क) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक/जीडी श्रीनिवास मीना के नेतृत्व में सात बचावकर्मियों की टीम द्वारा किया गया। एनडीआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपदा प्रबंधन, आपदाओं के प्रकार एवं आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान टीम द्वारा सीपीआर (ष्टक्कक्र), एफबीएओ (स्नक्chह), रक्तस्राव को नियंत्रित करने, ड्रेसिंग एवं बैंडेजिंग जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाने, घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, फ्लोटिंग डिवाइस के उपयोग, भूकंप ड्रिल, सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार एवं आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अग्निशामक यंत्र के सही उपयोग का प्रदर्शन करते हुए अग्नि सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

साथ ही दामिनी फ्लड वॉच एवं सचेत जैसे आपदा संबंधी मोबाइल ऐप्स के उपयोग के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री ब्राह्मनारायण गोस्वामी सहित स?टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में निःशुल्क प्रशिक्षण

**उज्जैन।** शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा-2027 तथा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) द्वारा अक्टूबर 2026 में प्रस्तावित म.प्र. पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालयीन समय में अपना आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, सांवेर रोड, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे, गांधी नगर स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**बड़वानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त कर दिया गया है।विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को श्रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कारश से सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज -कॉलम

### भगवान जगन्नाथ यात्रा को लेकर कंट्रोलरूम में बैठक



**उज्जैन।** भगवान जगन्नाथ यात्रा का शहर में 2 स्थानों से आयोजन होना है। यात्रा को लेकर मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोलरूम पर दोनों यात्रा के आयोजकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पहली बैठक एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे की मौजूदगी में हुई। जिसमें इस्कॉन मंदिर जनसंपर्क अधिकारी राघव पंडित और वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ यातायात प्रबंधन, भीड नियंत्रण पर समन्वय स्थापित करना रहा। दूसरी बैठक एएसपी आलोक शर्मा, सीएसपी पुष्पा प्रजापति और दीपकसिंह की मौजूदगी में पुराने शहर से निकलने वाली खाती समाज की जगन्नाथ यात्रा आयोजकों के साथ की गई। इस दौरान समाज के प्रतिनिधि मंडल को निर्देशित किया गया कि यात्रा के दौरान अखाडों में हथियार प्रतिबंधित रहेगें। यात्रा में सिर्फ घोडों को शामिल किया जायेगा अन्य पशु यात्रा में शामिल नहीं होगें। सभी प्रतिभागी निर्धारित मार्ग और समय का पालन करेगें। किसी भी प्रकार के मार्ग परिवर्तन, अतिरिक्त कार्यक्रम की पूर्व सूचना पुलिस प्रशासन को अनिवार्य रूप से देना होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जायेगा। अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने, संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना पुलिस को तत्काल देना होगी। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा, परंपराओं का सम्मान करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यात्रा शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 महिलाओं की मौत

**उज्जैन।** 12 जुलाई को तिरूपति डायमंड कालोनी नीलगंगा और ग्राम बरखेडा विजयागंज मंडी में चौकीदारी करने वाली महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार को दोनों महिलाओं की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि महिला तिरूपति डायमंड कालोनी की रहने वाली आरती पति जितेन्द्र 38 साल जाति माली समाज की थी। उसे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था, हालत गंभीर होने पर मजिस्ट्रेट कथन तहसीलदार के माध्यम से दर्ज कराये गये थे, लेकिन उसमें किसी पर आरोप नहीं लगाया था। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी वजह परिजनों के बयान दर्ज होने और जांच के बाद सामने आ पायेगा। दूसरा मामला विजयागंज मंडी क्षेत्र के ग्राम बरखेडा में चौकीदारी का काम करने वाली रेखा पति कैलाश सोलंकी 45 साल निवासी बाडकुमेद नरवर का है। रेखा ने ग्राम बरखे?ा में जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे माधवनगर थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मंगलवार शाम परिजन आर्थिक परेशानी के चलते उसे अमलतास अस्पताल लेकर जा रहे थे उसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। चरक अस्पताल लाने पर मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा माधवनगर थाना पुलिस को दी गई। बुधवार को पोस्टमार्टम और परिजनों के बयान होने पर जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आ पायेगा।

### ट्रेक्टर निकालने की बात पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम गेलाखेडी में खेत के सेडे से ट्रेक्टर निकालने की बात पर 2 पक्षों में विवाद हो गया। पिता-पुत्र घायल हुये है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि गांव में रहने वाला हुकमीचंद पिता बसंतीलाल लौहार 57 साल और उसका पुत्र बंटी लौहार 28 साल अपने खेत के सेडे से ट्रेक्टर निकाल रहे थे, उसी स्थान पर पडोसी के खेत का सेडा भी लगा था। इस दौरान ट्रेक्टर के पहिये से पत्थर गिर गये। जिसको लेकर दोनों पिता-पुत्र के साथ चेतन, सोहनलाल और गणेश ने मारपीट की। चेतन ने दांत से हुकमीचंद को काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार मारपीट करने वाले तीनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया और घायल पिता-पुत्र का मेडिकल कराया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 677-0 | 678-1 |
| मेन बाजार | 127-0 | 389-0 |
| कल्याण नाइट | 125-8 | 390-2 |
| मिलन डे | 590-4 | 277-6 |
| मिलन नाइट | 237-2 | 279-8 |
| मधुर डे | 490-3 | 589-2 |
| मधुर नाइट | 670-3 | 346-3 |
| शुभांक | 3 8 | 5 |

एक का शव ऊपर आने पर दूसरे की शुरू की गई थी तलाश...

# विद्यालय के पास तालाब में मिले लापता छात्रों के शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 वीं और कक्षा 10 वीं में अध्ययन करने वाले 2 छात्र सोमवार देर शाम लापता हो गये थे। मंगलवार सुबह दोनों के शव विद्यालय के समीप तालाब से मिले। एक का शव ऊपर आ गया था, दूसरे की तलाश में सर्चिंग की गई थी।

घट्टिया थाना क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 10 वीं का अध्ययन करने वाला प्रज्ञान पिता नरेन्द्र विमल 15 साल निवासी ग्राम रठेनपुरा थाना गोहद भिंड और कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत रोशन पिता मुकेश बरेठ 14 साल निवासी शेरगुना थाना कन्नौद जिला देवास सोमवार शाम 7 बजे के लगभग विद्यालय परिसर से लापता हो गये थे। 2 घंटे तक दोनों की तलाश की गई, नहीं मिलने पर रात 9 बजे बाद पुलिस को दोनों के लापता होने से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी करण खोवाल, एसआई प्रवेश जाटव की टीम दोनों छात्रों की तलाश में निकली और





आसपास सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें कुछ सामने नहीं आया। पुलिस टीम दोनों की तलाश में बस स्टेंड, उज्जैन आने वाले मार्गो के साथ आसपास के क्षेत्र में रातभर तलाश करती रही। मंगलवार सुबह 7 बजे के लगभग खबर मिली कि विद्यालय के पीछे तालाब में एक छात्र की लाश दिखाई दे रही है। थाना प्रभारी खोवाल टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से छात्र प्रज्ञान का शव बाहर निकाला गया। तालाब के पास उनके जूते और चप्पल मिले। दूसरे छात्र



रोशन के डूबने की शंका में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी तालाब पहुंच गई थी।

8 बजे से सर्चिंग शुरू की गई। 11.30 बजे के लगभग दूसरे छात्र का शव भी बाहर निकाल लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया मामले में मर्ग कायम कर दोनों छात्रों के शवों का उज्जैन में पोस्टमार्टम कराया गया है। तालाब के आसपास लाल मिट्टी है। तालाब में दलदल भी है, संभवत-दोनों छात्र तालाब में उतरे और दलदल में फंस गये थे। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

घटनाक्रम के बाद सामने आया कि प्रज्ञान के पिता विद्यालय की मैस में पदस्थ है। प्रज्ञान तीन बहनों का एकलौता भाई था परिवार विद्यालय परिसर में रहता है। रोशन के पिता भी विद्यालय में थे, जिनका निधन होने पर उसकी बड़ी बहन को विद्यालय में अनुकंपा नियुक्ति मिली है। रोशन की मां का भी पूर्व में निधन हो चुका था। विद्यालय में दोनों भाई बहन रहते थे। दोनों के शव मिलने के बाद उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### तालाब किनारे पूर्व में जाने की चर्चा

दोनों छात्रों के शव मिलने के बाद दबी जुबान पूर्व में भी तालाब किनारे जाने की चर्चा सामने आई। जवाहर नवोदय विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था काफी मुस्तैद है। बावजूद दोनों छात्र विद्यालय परिसर से बाहर निकल गये थे। जानकारी यह भी सामने आई है कि दोनों विद्यालय की टूटी दीवार के बीच से निकलकर पीछे की ओर तालाब किनारे गये थे। छात्रों के लापता होने और शव मिलने पर विद्यालय में भी हडकंप मचा हुआ है।

# अब कोतवाली पुलिस की रिमांड पर ईरानी बदमाश

## उज्जैन में 2, मुम्बई में 11 ठगी को दे चुका है अंजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुलिसकर्मी बनकर साथियों के साथ उज्जैन में आभूषण ठगी की 2 वारदात को अंजाम देने वाले ईरानी बदमाश को अब कोतवाली थाना पुलिस ने 3 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया है। बदमाश का एक साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था, उसके 2 साथी अब भी फरार है।

जुलाई 2025 में कोतवाली थाना क्षेत्र नगर निगम के सामने बाइक से आये दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सतीश कुमार पिता माणकलाल गुप्ता 66 वर्ष निवासी ऋषिनगर को रोक खुद को पुलिसकर्मी बताते हुये लूटपाट और स्नेचिंग होने का झांसा देकर गले से सोने की चेन, पेंडल, तीन अंगूठी व सोने का ब्रेसलेट उतार लिया था और कागज की पुड़िया में बांधकर वापस देने के बाद फरार हो गये थे। पुड़िया में आभूषण गायब मिले थे। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। दोनों बदमाशों ने उसी दिन नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत बिहार में रहने वाली आशा अडवानी 60 वर्ष के साथ कालापत्थर पर पुलिसकर्मी बनकर आभूषण ठगी को अंजाम दिया था। सालभर बाद आभूषण ठगी में शामिल एक बदमाश हुसैनी पिता फैय्याज सैय्यद 45 वर्ष निवासी खड़कपाडा महाराष्ट्र मुम्बई पुलिस की गिरफ्त में आया है।

नानाखेड़ा पुलिस उसे प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लाई थी। जिसे रिमांड पर लिया गया था। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोतवाली थाना पुलिस अपने क्षेत्र में हुई वारदात के संबंध में पूछताछ के लिये 3 दिनों के प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर गई है। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि रिमांड पर लिये गये आरोपी के 2 साथी फरार है, जो मुम्बई के रहने वाले है। चारों ने साथ मिलकर उज्जैन में 2 वारदातों को अंजाम दिया था।

### पूर्व में पकड़ा जा चुका है एक आरोपी

नानाखेडा थाना एएसआई तवंरसिंह केलवा ने बताया कि मुम्बई जेल से प्रोटेक्शन रिमांड पर लाये गये ठगी के आरोपी हुसैनी से ठगे गये आभूषणों की बरामदगी नहीं हो पाई है। उसका एक साथी साबीर हुसैन उर्फ हैदर अली उर्फ मामू निवासी भोपाल जनवरी माह में गिरफ्तार हो चुका था। हुसैनी के खिलाफ उज्जैन में 2 और मुम्बई में 11 ठगी के मामले दर्ज है। पूर्व में गिरफ्तार और वर्तमान में प्रोटेक्शन रिमांड पर लाये गये आरोपियों द्वारा अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर उज्जैन में ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।

## चोरी की बाइक पर बेचने निकला था कच्ची शराब

**उज्जैन।** बाइक पर सवार कच्ची शराब बेचने जा रहे बदमाश की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की, बदमाश के हिरासत में आने पर उसके पास से बरामद बाइक की गई चोरी की होना पाई गई। बदमाश के खिलाफ अवैध शराब के साथ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि सोमवार रात खबर मिली थी कि बाइक पर सवार एक व्यक्ति प्लास्टिक की केन में भरी कच्ची शराब बेचने के लिये निकला है। सूचना पर एएसआई भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक महेश परमार, दिनेश मुनिया के साथ ग्राम टकरावदा-पारदी के कच्चे मार्ग पर घेराबंदी की गई। कुछ देर में बाइक सवार को पकड़ लिया गया। जिसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 5 लीटर कच्ची शराब जप्त हुई। पूछताछ में करने पर आरोपी का नाम श्रवण पिता मांगीलाल बागरी 30 साल निवासी ग्राम पारदी थाना बिरलाग्राम सामने आया। उससे शराब परिवहन और बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे गये। दोनों उसके पास नहीं होने पर गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। बाइक संबंधित जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि 11 जुलाई को ग्राम पारदी से चोरी की थी, जिसके माध्यम से अवैध शराब का परिवहन कर रहा था। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में उसके खिलाफ संगीन धारा में 16 मामले दर्ज होना सामने आये। मंगलवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## होटल में मृत मिला मुम्बई सेंट्रल यूनिवर्सिटी का क्लर्क

### चैन्नई का था निवासी, दर्शन करने आया था उज्जैन

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने मुम्बई से आये चैन्नई के दर्शनाथी की सोमवार रात होटल के कमरे से लाश मिलना सामने आया। मंगलवार को परिजन उसका शव फ्लाइट से चैन्नई लेकर गये है।

महाकाल थाना एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि सोमवार रात 11.30 बजे सखीपुरा स्थित होटल कुशल हेरिटेज के कमरा नम्बर 201 में ठहरे चैन्नई तमिलनाडू स्थित वादिवेलुपुरम वेस्ट मामबलम के रहने वाले सेंथिल कुमार वी पिता वादीवेलु 47 साल की लाश पड़ी होने की खबर होटल संचालक राहुल सुराना से मिली थी। घटनास्थल पर एएसआई बलराम जाट पहुंचे और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि 2 दिनों से कमरा बुक था। रविवार को महाकाल, कालभैरव और अन्य धार्मिक स्थल के दर्शन कर लौटे थे। उसके बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। उन्होने आराम करने की बात कहीं थी। सोमवार देर शाम उन्हे चैकआउट करना था। लेकिन काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला उनके मोबाइल पर कॉल किया गया। रिसिव नहीं होने पर कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ा गया, अंदर दर्शनार्थी की लाश पड़ी थी। एएसआई बलराम जाट ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई थी। मंगलवार दोपहर चैन्नई से मृतक का साला और दोस्त उज्जैन पहुंचे। उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। दर्शनाथी की मौत हार्ट अटैक से होना सामने आया है। शव लेने आये साले ने बताया कि मुम्बई स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में क्लर्क थे और वर्तमान में मुम्बई में निवास कर रहे थे। साला और दोस्त फ्लाइट से शव चैन्नई लेकर गये है।

### दुर्घटना में घायल बालक की 6 दिन बाद थमी सांस

**उज्जैन।** आगर के नहारखेड़ा में रहने वाले 6 वर्षीय बालक राजवीर पिता नारायणसिंह को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 7 जुलाई को परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर आये थे। जहां मंगलवार सुबह बालक की मौत हो गई।

माधवनगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जांच आगर पुलिस को सौंपी जायेगी।

### मिलने से मना किया तो वायरल किये फोटो-वीडियो

**उज्जैन।** इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद नाबालिग से मिलने से मना किया तो युवक ने फोटो-वीडियो वायरल कर दिये। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेजा दिया।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कस्बे में रहने वाली नाबालिग कक्षा 7 वीं तक पडी है। कुछ समय पहले उसकी इंस्टाग्राम पर ग्राम केसवाल के रहने वाले हुसैन पिता शाकीर अली से पहचान हो गई थी। दोनों के बीच इंस्टा पर बातचीत होती थी। कुछ दिनों से युवक मिलने का दबाव बना रहा था, नहीं मिलने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। नाबालिग ने मिलने से साफ इंकार कर दिया तो युवक ने फोटो-वीडियो वायरल कर दिये। नाबालिग ने मामले से परिजनों को अवगत कराया। 2 दिन पहले मामले की शिकायत परिजनों ने थाने आकर दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। सोमवार शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक जय चौधरी की भूमिका रही।

### करंट की चपेट में आया रिक्शा चालक

**उज्जैन।** सवारी छोडने के बाद सोमवार-मंगलवार रात रिक्शा लेकर घर लौटा चालक करंट की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि आबूखाना में रहने वाले मनोहर पिता मेहरबान 35 साल को रात में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसकी मौत होने की खबर अस्पताल से मिलने पर मर्ग कायम कर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि रात में रिक्शा लेकर घर लौटा था और चार्जिंग पर लगा रहा था। चार्जिंग वायर में कट लगा होने पर उसे करंट लगा था।

### संत निरंकारी भवन में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम संपन्न

**उज्जैन।** संत निरंकारी मंडल जोन 25 की उज्जैन ब्रांच के तत्वावधान में पंवासा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समागम में उज्जैन के अलावा रतलाम, मेघनगर, पेटलावद, करवड, नीमच, मंदसौर, देवास, नागदा, मनासा और खडावदा के करीब 500 से 600 श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। बाल इंग्लिश मीडियम समागम में गीत, भजन, कविताओं और लघु नाटकों के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लगाई गई भव्य निरंकारी बाल प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक मॉडल और चित्रों के जरिए मिशन के कल्याणकारी संदेश को बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन मुख्य रूप से निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की उस सोच पर आधारित था, जिसके तहत वे बच्चों और युवाओं को श्रेष्ठ संस्कार दे रही हैं ताकि आने वाली पीडी परिवार और देश का नाम रोशन कर सके।

### आचार्य श्री पद्मभूषणरत्न सूरी का मंगल प्रवेश होगा

**उज्जैन।** अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में बुधवार 15 जुलाई से चातुर्मास महोत्सव की शुरुआत होगी। पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वरजी महाराज, पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्न विजयजी महाराज एवं साध्वीजी श्री भक्तिरेखा श्रीजी मसा का चातुर्मास के लिए आज सुबह 8 बजे मंगल प्रवेश हो रहा है।

चातुर्मास कार्यक्रम पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद् विजय जितेन्द्र सूरीश्वरजी महाराज, पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद् विजय वीररत्न सूरीश्वरजी महाराज के दिव्य आशीर्वाद से आयोजित होगा। बुधवार सुबह 8.30 बजे तुलसी नगर से मंगल प्रवेश जुलूस प्रारंभ होगा जो खेड़ापति हनुमान मंदिर, आगर रोड होते हुए अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर परिसर तक पहुंचेगा। धर्म, उपासना व भक्ति का महापर्व चातुर्मास महोत्सव श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर पहली बार आयोजित किया जा रहा है। चातुर्मास समिति संयोजक अभय जैन मामा व मनीष कोठारी के अनुसार सम्राट विक्रमादित्य की प्राचीन अवंतिका में आयोजित मंदिर के इस पहले चातुर्मास समारोह को सुविधाजनक बनाने के लिए मंदिर परिसर के समीप भरत चक्रवर्ती मंडपम के नाम से दो भव्य डोम तैयार किए गए हैं। एक 60 बाय 150 तो दूसरा 45 बाय 150 वर्ग फ़ीट का है। आयोजन के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई है। 15 जुलाई को आचार्य श्री व मुनि मंडल का के मंगल प्रवेश में मालवांचल सहित कई प्रदेशों के गुरु भक्त शामिल होंगे। श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट मण्डल एवं श्री संघ अरविन्द नगर ने सभी श्वेतांबर जैन समाज जनों से चातुर्मास अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।

# होटल की छत से गिरा आलोट का मजदूर

**उज्जैन।** इंदौररोड पर होटल की छत पर काम कर रहा मजदूर मंगलवार शाम ऊंचाई से गिर गया। उसे साथी मजदूर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली कि विक्रमगढ़ आलोट स्थित ग्राम भुजाखडी के रहने वाले रामा पिता नारायण बागरी 28 साल की ऊंचाई से गिरने पर उपचार के दौरान मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम किया गया है, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। फिलहाल जानकारी सामने आई है कि मृतक अंवति अस्पताल के पास होटल की छत पर काम करते समय गिरा था। परिजनों के बयान और जांच के बाद ही घटनाक्रम स्पष्ट हो पायेगा।

### इधर फंदे पर लटका युवक

महाकाल थाना क्षेत्र के नलियाबाखल क्षेत्र में रहने वाले सोनू पिता कैलाश 42 साल ने मंगलवार देर शाम फांसी लगा ली। उसे चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मामला जांच में लिया गया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है।

### घर में मृत पड़ा था ढोली

सोमवार-मंगलवार रात नानाखेडा थाना क्षेत्र के ग्राम नवाखेडा में रहने वाला ढोली राजेश पिता आत्माराम 50 साल घर में मृत पडा मिला। उसके सिर पर चोंट लगी थी। नानाखेडा एसआई अनिल ठाकुर ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। घर में शराब का क्वार्टर मिला है। नशे में गिरने से चोंट लगना प्रतीत हो रहा है। पुत्र राहुल की शिकायत पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

# दुख का असली कारण



कभी आपने गौर किया है, दुख का असली कारण क्या है? मानव-जीवन में सुख और दुख अचानक नहीं आते। आध्यात्मिक दर्शन कहता है कि प्रत्येक अनुभव हमारे अपने कर्मों का परिणाम है। हर कर्म मन पर एक छाप छोड़ता है, जिसे संस्कार कहा जाता है। यही संस्कार भविष्य में सुख-दुख के रूप में फलित होते हैं और जीव को जन्म-मृत्यु के चक्र से बांधे रखते हैं। वास्तव में, संस्कार परमात्मा की कोई त्रुटि या विकृति नहीं हैं, बल्कि हमारे अपने कर्मों की मानसिक प्रतिक्रिया हैं। मनुष्य स्वयं को एक स्वतंत्र और पूर्ण सत्ता मानता है, जबकि उसकी व्यक्तिगत सत्ता अधूरी है। जब तक वह अपने अहंकार से ऊपर उठकर उस अनंत सत्ता में विलीन नहीं होता, तब तक उसके दुख पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकते। साधना का उद्देश्य इसी अधूरेपन को पूर्णता में बदलना है। अक्सर जब जीवन में कठिनाइयां आती हैं, तो लोग ईश्वर से शिकायत करने लगते हैं, मगर जो कुछ भी हम भोगते हैं, वह हमारे पूर्व कर्मों का परिणाम होता है, इसलिए दुख के समय दूसरों या ईश्वर को दोष देने के बजाय ईमानदारी से आत्म-विश्लेषण करना चाहिए। एक सच्चा साधक विपत्ति को दंड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का अवसर मानता है। वह अपने पूर्व कर्मों से सीखता है और संकल्प लेता है, भविष्य में ऐसे कर्म नहीं करेगा, जिनसे नए संस्कार बनें। जब तक संस्कारों की अग्नि पूरी तरह शांत नहीं होती, तब तक जीवन में सुख-दुख का क्रम चलता रहता है। इसलिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपने कष्टों का कारण मानना भ्रम है; वे तो केवल हमारे कर्मों के परिणाम सामने लाने का माध्यम बनते हैं। ईशोपनिषद का एक मंत्र इस सत्य को गहराई से अभिव्यक्त करता है- अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन पूर्वमर्षत।/ तद्धावतोऽन्यानत्येति तष्ठित तस्मन्निपो मातरशिवा दधाति॥ अर्थात परमात्मा स्वयं अचल हैं, पर मन से भी अधिक वेगवान हैं। जहां सब कुछ पहले से विद्यमान हो, वहां चलने या पहुंचने का प्रश्न ही नहीं उठता। जो सर्वव्यापी है, उसे किसी स्थान तक जाने की आवश्यकता नहीं होती। फिर भी उसी की चेतना समस्त सृष्टि को गति देती है। उसी की प्रेरणा से ग्रह, तारे, वायु, जल और समस्त जीवन निरंतर सक्रिय हैं। इसी चेतन सत्ता के कारण संसार में जीवन है, ऊर्जा है और सृष्टि में अद्भुत संतुलन है। इसलिए साधना का वास्तविक उद्देश्य केवल पूजा-पाठ करना नहीं, बल्कि अपने संस्कारों को शुद्ध करना, कर्मों को परिष्कृत करना है। जब मनुष्य अपने कर्मों की जिम्मेदारी स्वीकार करता है, अनंत सत्ता को जीवन का लक्ष्य बनाता है और निरंतर उसका स्मरण करता है, तब उसके संस्कार खत्म होने लगते हैं। अंततः वही साधक व्यक्तित्व की संकीर्णता से ऊपर उठकर परम चेतना में एकाकार हो जाता है।

**सम्पादकीय**

## बदले की भावना

पश्चिम एशिया में बदले की भावना के चलते बर्बरता की तमाम हदें कई बार पार हुई हैं। अफसोस, ईरान में फिर यही भावना सिर चढ़कर बोल रही है। ईरान के एक कट्टरपंथी अखबार ने इन्फोग्राफिक प्रकाशित किया है, जिसमें 13 विदेशी नेताओं के नाम हैं। अखबार ने दावा किया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बदले में इन नेताओं को निशाना बनाया जाएगा। गौर करने की बात है कि ईरानी प्रशासन ने इसका समय रहते खंडन नहीं किया है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने 28 फरवरी को पिता की मौत का बदला लेने की कसम खाते हुए कहा था, बदला हमारे राष्ट्र की इच्छा है और इसे जरूर पूरा किया जाना चाहिए। जब किसी देश का सर्वोच्च नेता खुलेआम ऐसा इजहार करेगा, तो देशवासियों में क्या पैगाम जाएगा? ईरान का यह इजहार एक बड़े खतरे की ओर इशारा है।

एक तरह से ईरान के सर्वोच्च नेता की मर्जी के मुताबिक ही ईरान के इस कट्टरपंथी अखबार ने खतरनाक इरादे से दुनिया को रूबरू कराया है। अब दुनिया में स्वाभाविक ही चिंता की लहर है। जिन नेताओं से ईरान बदला लेना चाहता है, उनके नाम कुछ इस प्रकार हैं - डोनाल्ड ट्रंप, बेंजामिन नेतन्याहू, जॉर्जिया मेलोनी, कीर स्टारमर, इमैनुएल मैक्रों, फ्रेडरिक मर्ज इत्यादि। सूची में अमेरिका और इजरायल के नेताओं के नाम नहीं चौंकाते, पर यूरोपीय नेताओं के नाम देखकर चिंता होती है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने ईरान का क्या बिगाड़ा है? दरअसल, ईरान को उम्मीद थी कि इन देशों के नेता ईरान पर हुए हमले की कड़ी निंदा करेंगे। हालांकि, यूरोप के ये देश ईरान पर हुए हमले के पैरोकार कतई नहीं थे। फिर भी यह तथ्य है कि कुछ यूरोपीय देशों ने अमेरिका को अपने वायु क्षेत्र का इस्तेमाल करने दिया है। यहां ईरान की नाराजगी को समझा जा सकता है, मगर इसका मतलब कतई यह नहीं कि देशों के राष्ट्राध्यक्षों को निशाना बनाकर बदला लिया जाए। अमेरिका ने जो किया, उसकी निंदा दुनिया के ज्यादातर देश करते हैं। किसी भी देश में घुसकर उसके नेता को निशाना बनाने की अमेरिकी मनमानी की तारीफ कोई नहीं कर सकता, पर जब बदले का फितूर हावी हो जाता है, तब नियम-कायदे और इंसानी तहजीब की बातें किनारे रख दी जाती हैं। बदकिस्मती से ईरान ऐसा ही करता दिख रहा है और यह प्रवृत्ति दुनिया के लिए घातक है। बदले की ऐसी भावना से ही पश्चिम एशिया में युद्ध फिर भड़क गया है। अमेरिकी भूमि तो ईरान से बहुत दूर है, लेकिन ईरान ने बहरीन, कुवैत, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन और ओमान पर हमले करके जवाब दिया है। अमेरिका-इजरायल भी ईरान में बड़े हमले कर रहे हैं। तनाव चरम पर है। होर्मुज जलमार्ग पर यातायात फिर प्रभावित हुआ है।

**न्याय मिलने में विलंब के कारण**

# न्यायपालिका के खिलाफ फैल रहा असंतोष स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक

भारतीय लोकतंत्र की सफलता का आधार उसके चार प्रमुख स्तंभ–विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और स्वतंत्र मीडिया–हैं। इनमें न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों का अंतिम रक्षक माना जाता है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

न्यायपालिका केवल विवादों का निपटारा करने वाली संस्था नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता, विधि के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाली व्यवस्था है। जब नागरिकों को शासन, प्रशासन अथवा अन्य संस्थाओं से न्याय नहीं मिलता, तब उनकी अंतिम आशा न्यायपालिका ही होती है। किन्तु हाल के वर्षों में न्यायपालिका को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में असंतोष, आलोचना और बहस का दायरा बढ़ा है। न्यायिक निर्णयों पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएँ, लंबित मामलों की बढ़ती संख्या, न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया, पारदर्शिता के प्रश्न तथा सोशल मीडिया पर फैलती अधूरी जानकारी ने इस असंतोष को और अधिक चर्चा का विषय बना दिया है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या न्यायपालिका के प्रति बढ़ता असंतोष उसकी गरिमा और विश्वसनीयता को प्रभावित कर रहा है, अथवा यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार की स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा है? ऐसा असंतोष अभी हाल ही के दिनों में देखने को मिला जब सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता प्रबल प्रताप ने जजों को न्यायिक सेवक कहा और फिर सीजेआई सूर्यकांत के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया और कोर्टरूम में कागज भी उछाले। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उस वकील को कोर्टरूम से बाहर निकाल दिया, पर कोर्ट ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया है। इस पर कोर्ट के संबंधित न्यायधीश की प्रशंसा करनी होगी कि उन्होंने अपना धैय बना कर उच्चतम न्यायालय का सम्मान रखा उसे इस कृत्य के लिए माफ कर दिया है। इसे विस्तारपूर्वक समझना होगा।

### असंतोष के प्रमुख कारण

1. **न्याय में अत्यधिक विलंब-** भारतीय न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती न्याय मिलने में होने वाली देरी है। देश की विभिन्न अदालतों में करोड़ों मामले वर्षों से लंबित हैं। अनेक दीवानी और फौजदारी मुकदमे दशकों तक चलते रहते हैं। प्रसिद्ध उक्ति है–विलंबित न्याय, न्याय से वंचित करना है। जब किसी व्यक्ति को समय पर न्याय नहीं मिलता, तो उसका न्यायपालिका पर विश्वास कमजोर होने लगता है।

2. **न्यायाधीशों के रिक्त पद और संसाधनों की कमी-** देश की अनेक अदालतों में न्यायाधीशों के हजारों पद लंबे समय तक रिक्त रहते हैं। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में आधुनिक तकनीक, पर्याप्त न्यायिक कर्मचारी, आधारभूत ढाँचे और डिजिटल सुविधाओं का भी अभाव देखने को मिलता है। बढ़ते मामलों और सीमित संसाधनों के कारण न्यायिक प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी हो जाती है।

3. **न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर विवाद-** कॉलेजियम प्रणाली लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। इसके समर्थकों का मानना है कि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करती है, जबकि आलोचकों का तर्क है कि इसमें पर्याप्त पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव है। नियुक्तियों में देरी तथा कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच समय-समय पर उत्पन्न मतभेद भी जनता के बीच भ्रम और असंतोष उत्पन्न करते हैं।

4. **संवेदनशील मामलों में विवाद-** कुछ राजनीतिक, सामाजिक अथवा धार्मिक महत्व के मामलों में दिए गए न्यायिक निर्णयों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ देखने को मिलती हैं। कई बार न्यायालय के निर्णयों का मूल्यांकन कानूनी आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक अथवा वैचारिक दृष्टिकोण से किया जाता है। इससे न्यायपालिका पर अनावश्यक दबाव और अविश्वास का वातावरण बन सकता है।

5. **सोशल मीडिया और सूचना का दुष्प्रचार-** डिजिटल युग में सोशल मीडिया सूचना का सबसे तेज माध्यम बन चुका है। किंतु अधूरी जानकारी, झूठे दावे, भ्रामक वीडियो और न्यायिक निर्णयों की गलत व्याख्या जनता में भ्रम पैदा करती है। कई बार न्यायालय के पूरे निर्णय को पढ़े बिना केवल कुछ अंशों के आधार पर निष्कर्ष निकाल लिए जाते हैं। इससे न्यायपालिका की छवि प्रभावित होती है।

### न्यायपालिका की उपलब्धियाँ

भारतीय न्यायपालिका की आलोचनाओं के बीच उसके ऐतिहासिक योगदान को भूलना उचित नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने समय-समय पर संविधान की मूल भावना की रक्षा की है। मौलिक अधिकारों के संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों, बच्चों के अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सूचना के अधिकार तथा सामाजिक न्याय से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत किया है।जनहित याचिका की व्यवस्था ने गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को न्याय तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम प्रदान किया। न्यायपालिका ने कई अवसरों पर कार्यपालिका और विधायिका की मनमानी पर संवैधानिक नियंत्रण स्थापित कर लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखा। कोविड-19 महामारी के दौरान भी अनेक न्यायालयों ने स्वास्थ्य सुविधाओं, ऑक्सीजन उपलब्धता, प्रवासी मजदूरों तथा नागरिक अधिकारों से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका निभाई। इससे स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका केवल कानून की व्याख्या करने वाली संस्था नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की संरक्षक भी है।

**न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने की आवश्यकता-** लोकतंत्र में न्यायपालिका की गरिमा केवल न्यायाधीशों के सम्मान का प्रश्न नहीं है, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता का प्रश्न है। यदि न्यायालयों के प्रति जनता का विश्वास समाप्त हो जाए, तो लोग कानून के बजाय अन्य माध्यमों से विवादों का समाधान खोजने लगेंगे, जिससे अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।इसलिए न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक, राजनीतिक दल, मीडिया और राज्य की सामूहिक जिम्मेदारी है। न्यायालयों की आलोचना अवश्य होनी चाहिए, परंतु वह तथ्यों, संवैधानिक मयार्दा और कानूनी तर्कों पर आधारित होनी चाहिए।भारतीय न्यायपालिका के प्रति बढ़ता असंतोष एक गंभीर विषय है, किंतु इसे केवल न्यायपालिका की विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

## परमपूज्य 'बेइज्जती' महाराज की जय

परमपूज्य बेइज्जती हमारे समाज का वह अदृश्य ऑक्सीजन है, जिसके बिना हमारी सामाजिक साँसें अटक जाती हैं। लोग कहते हैं कि इज्जत कमाने में जिंदगी गुजर जाती है, पर सच मानिए, बेइज्जती कमाने के लिए तो बस एक बार सच बोलने की जुर्रत काफी है। हमारी व्यवस्था में इज्जत उस सरकारी फाइल की तरह है जो बिना रिश्वत के आगे नहीं बढ़ती, जबकि बेइज्जती वह आवारा सांड है जो बिना बुलाए आपके वीआईपी लॉन में घुस आता है। जब तक समाज में किसी की बेइज्जती न हो, तब तक लोगों की सुबह की चाय में चीनी कम लगती है और शाम के समोसे का स्वाद फीका रहता है। दरअसल, यह वह अनमोल गहना है जिसे हर आदमी दूसरों को मुफ्त में पहनाने के लिए उतावला रहता है। जब कोई आपकी बेइज्जती करता है, तो समझिए वह आपके वजूद पर सामाजिक स्वीकृति की पक्की मुहर लगा रहा है, क्योंकि नजरअंदाज तो सिर्फ शरीफों को किया जाता है।

एक दिन हमारे मोहल्ले के सबसे संभ्रांत और सफेदपोश दीनानाथ जी के घर के सामने एक अजीबो-गरीब हादसा हो गया। हुआ यह कि उनके सुपुत्र ने परीक्षा में टॉप करने की बजाय सीधे देशसेवा का शॉर्टकट चुना और मोहल्ले की ही एक कन्या के साथ स्कूटी पर फर्र से उड़ गए। अब पूरे मोहल्ले में सन्नाटा ऐसा खिंच गया जैसे किसी ने लाउडस्पीकर का प्लग निकाल दिया हो। दीनानाथ जी छाती पीटकर चिल्लाए, ₹हाय राम! मेरी तो नाक ही कट गई।₹ मैंने पास जाकर उनकी थूथन को गौर से देखा, वह अपनी जगह सुरक्षित और चमकीली थी। मैंने हंसकर कहा, ₹दीनानाथ भाई, सुर्पणखा की तरह कटी हुई नाक अगर दिखती नहीं, तो समझो वह प्लास्टिक सर्जरी का कमाल है! दरअसल, आपकी नाक नहीं कटी, बल्कि समाज की आंखों का मोतियाबिंद साफ हुआ है।₹ वे मुझे ऐसे देखने लगे जैसे मैंने उनके जख्म पर नमक नहीं, बल्कि सीधे लाल मिर्च का पाउडर छिड़क दिया हो।


### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 जुलाई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:54 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - एकम 11:50 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - पुष्य 21:47 उपरांत अश्लेषा
योग - हर्षण 08:03 उपरांत वज्र 04:29 उपरांत सिद्धि
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास-मोहर्रम मास 29 तारिख

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।
**वृषभ-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।
**मिथुन-** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।
**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी।
**सिंह-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी।
**कन्या-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा।
**तुला-** व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।
**वृश्चिक-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।
**धनु-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।
**मकर-** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी।अधिकार प्राप्ति के योग हैं।
**कुंभ-** कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा।
**मीन-** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें।

# बारिश के मौसम में आंखों में संक्रमण का बढ़ सकता है खतरा

बारिश का मौसम भले ही गरमी से राहत लेकर आता है लेकिन इसके साथ ही इस सीजन में कई मौसमी बीमारियों के शिकार होने का खतरा भी बढ़ जाता है। बारिश में नमी की वजह से कई तरह के संक्रमण होने की आशंका बनी रहती है। इस मौसम में सबसे ज्यादा आंखों के संक्रमण के मामले सामने आते हैं। आंखें शरीर के सबसे नाजुक हिस्सों में से एक होती है। ऐसे में आंखों का संक्रमण बढ़ने पर यह काफी तकलीफ दायक भी हो जाता है। ऐसे में आई इन्फेक्शन से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना जरूरी है। इन टिप्स को फॉलो कर बहुत हद तक संक्रमण से बचा जा सकता है।



### आंखों की सफाई

बारिश के मौसम में वातावरण में लगातार नमी बनी रहती है। ऐसे में आंखों की सफाई का खास तौर पर ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए सुबह शाम मुंह में पानी भरकर आंखों को धोना चाहिए। इससे आंखों में जमी हुई गंदगी साफ हो जाती है।

### पर्याप्त नींद

आंखों के संक्रमण से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींद लेना भी जरूरी है। इससे आंखों की थकावट दूर हो जाती है। हमारे शरीर से ज्यादा आंखों लगातार काम करती हैं, ऐसे में उन्हें आराम मिलना भी जरूरी होता है।

### धूल और ठंडी हवा से बचें

आंखों के संक्रमण की एक बड़ी वजह वातावरण में मौजूद धूल कण भी होते हैं। नमी की वजह से यह और घातक हो सकते हैं। ऐसे में आंखों को धूल कण, ठंडी हवा, धुएं से जहां तक हो बचाने की कोशिश करना चाहिए। घर से बाहर निकलते वक्त आंखों की सेफ्टी के लिए चश्मा लगाया जा सकता है।

### कम्प्यूटर और मोबाइल से लें ब्रेक

आजकल ज्यादातर लोगों को किसी न किसी वजह से कम्प्यूटर या मोबाइल पर घंटों वक्त गुजारना पड़ता है, इसलिए यह जरूरी है कि मोबाइल, कम्प्यूटर या लैपटॉप पर काम करने के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक लेकर आंखों को आराम दिया जाए।

### कॉस्मेटिक से बचें

मॉनसून में आंखों का संक्रमण तेजी से फैलता है। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए कम से कम सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग करें। एक दूसरे के सौंदर्य उत्पादों का इस्तेमाल करने से बचें।

**समसामयिक**

## जगमग जलना सीखो तुम

अंधियारे में बन प्रकाश पुंज जगमग जलना सीखो तुम,
टूटी हुई उम्मीदों को फिर से हँसकर चुनना सीखों तुम ।
जीवन के संघर्षों से घबराकर क्यों बैठे हो इतने उदास,
हार गए मन से जो तुम फिर कहो कैसे हो पाएगा विकास,
तूफानों से डरकर क्यों बैठे सपनों के तट पर होकर निराश,
नाव तुम्हारी पार लगेगी मन में हो रोशन जब आत्मिक प्रकाश,
दुर्दिन दिनों के अनचाहे मौसम को हिम्मत से हटाना सीखो तुम,
अंधियारे में बन प्रकाश पुंज जगमग जलना सीखो तुम ।
हार को महत्त्व दे क्यों लूटा दिया मन-मस्तिष्क का हुलास,
अँधेरे में विलीन हुआ ह्लआनंदह्व बदला हँसी-खुशी का विन्यास,
सपनों को बिखरते देख मन में बसाया निराशा का निवास,
एक तारे के बस टूटने पर खो दी तुमने क्यों अपनी मिठास,
लक्ष्य को करना है हासिल खुद पर यकीन करना सीखो तुम,
अंधियारे में बन प्रकाश पुंज जगमग जलना सीखो तुम ।
सितारों से भरा आसमान राही पग अपने बढ़ा बदल इतिहास,
दुनिया कहे जो कहने दें मन को मत डिगा तू चल बस बिंदास,
परवाह नहीं की हारने की वो ही मिटा सके हार की खटास,
हुनरवान तू तकदीर की दीवारों को ढहा मिटा मन का संत्रास,
सकारात्मकता से असंभव को संभव बनाना सीखो तुम,
अंधियारे में बन प्रकाश पुंज जगमग जलना सीखो तुम ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## सामाजिक,धार्मिक संगठनो में पनपती राजनीति

सामाजिक,धार्मिक संगठनो में व्याप्त सत्ता लोलुपता और राजनैतिक वर्चस्व की लड़ाई आज के दौर में आम बात हो गयी है और इसके दुष्परिणाम भी दिखाई देने लगे है। ताजा राम मंदीर चंदा चोरी प्रकरण भी इसी विसंगति का परिणाम है जब तक सामाजिक धार्मिक या कला क्षेत्र से जुड़े संगठनो में राजनैतिक व्यक्तियों को प्रवेश मिलता रहेगा इस तरह के प्रकरण आते रहेंगे। राम मंदीर चंदा चोरी निश्चित रूप से जघन्य अपराध है जिसमे दोषीयो को सजा जरूर मिलनी चाहिए और मिलेगी भी ऐसा मेरा विश्वास है। किंतु इस षड्यंत्र मे राजनीति भी व्याप्त है क्योंकि दो रोटी और दो जोड़ी कपडे पर जिसने जीवन भर संघ की सेवा की उस पर आरोप है और जिसने मुख्यमंत्री आवास की नल की टोटी भी चोर ली वो नैतिकता की दुहाई दे रहा है खैर मेरा विषय वो नही बल्कि सामाजिक, धार्मिक और संगीत कला से जुड़ी संस्थाओ के राजनीतिकरण से जुड़ा है। सांगतिक संस्थाओ की बात करे तो नगर मे रोज एक नयी संस्था का जन्म हो रहा है जिसकी भी पुरानी संस्था में नहीं बनी उसने उसे उसे तोड़कर नयी संस्था बनाली या फिर विरोधीयो को षड्यंत्र से संस्था परिवार से ही बाहर कर दिया।

आज लगभग हर संस्था के पास अपना एक राजनैतिक संरक्षण है। कुल मिलाकर केवल वर्चस्व की लड़ाई है पर इससे कला जगत का जो नुकसान हो रहा है उसका क्या। कराओके सुविधा और नित नयी पैदा होती इन तथाकथित संस्थाओ ने संगीत क्षेत्र की गरिमा तो धुमिल करी ही है पर व्यक्तिगत वर्चस्व की लड़ाई को भी धर्म युद्ध जैसा बढ़ावा दिया है। कराओके के चलन से न केवल लाइव आर्केस्ट्रा का प्रचलन कम हुआ है अपितु पैसा लेकर गीत गवाने वाली संस्थाओ की भी लगभग बाड़ सी आई है । कला जगत से जुड़े सभी लोगो को इस पर विचार कर योग्य कदम उठाना चाहिए अन्यथा भविष्य के दुष्परिणामो के लिये तैयार रहे।

- मधुसूदन जोशी

**धर्म-आस्था**

# नौ पवित्र पत्ते : सनातन परंपरा में आस्था, आरोग्य और प्रकृति का अद्भुत संगम

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतम अश्नामि प्रयतात्मनः॥
(श्रीमद्भगवद्गीता 9.26)

सनातन धर्म में वृक्षों और पौधों को केवल प्रकृति का उपहार नहीं, बल्कि देवत्व का प्रतीक माना गया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले ही यह समझ लिया था कि प्रकृति की रक्षा ही मानव जीवन की रक्षा है। यही कारण है कि अनेक वृक्षों और उनके पत्तों को धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-पाठ और संस्कारों से जोड़ा गया। इन पवित्र पत्तों का महत्व केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि आयुर्वेद, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। तुलसी का पत्ता भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय माना गया है। बिना तुलसी दल के भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा अधूरी मानी जाती है। तुलसी का पौधा घर में सकारात्मक ऊर्जा, पवित्रता और स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है। आयुर्वेद में तुलसी को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला अमृत तुल्य पौधा बताया गया है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भगवान शिव की आराधना में बिल्वपत्र का विशेष महत्व है। तीन पत्तियों वाला बिल्वपत्र शिव के त्रिनेत्र, त्रिशूल और त्रिगुणों का प्रतीक माना जाता है। शिवलिंग पर बिल्वपत्र अर्पित करने से आध्यात्मिक शांति और मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है। आयुर्वेद में भी बेल के पत्तों को पाचन और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी माना गया है।

पान का पत्ता मांगलिक कार्यों, विवाह, कलश स्थापना और देवपूजन में शुभ माना जाता है। यह सम्मान, आदर और मंगल का प्रतीक है। कई धार्मिक अनुष्ठानों में सुपारी और पान का विशेष स्थान है।

केले के पत्ते भारतीय संस्कृति में पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक हैं। दक्षिण भारत सहित अनेक क्षेत्रों में प्रसाद और भोजन केले के पत्ते पर परोसने की परंपरा आज भी जीवित है। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा में भी केले का विशेष महत्व है।

आम के पत्तों से बने तोरण भारतीय घरों के मुख्य द्वार की शोभा बढ़ाते हैं। यह शुभता, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। हवन, यज्ञ और कलश स्थापना में आम के पत्तों का प्रयोग आज भी व्यापक रूप से होता है।

वैदिक साहित्य में सोम लता का उल्लेख अत्यंत पवित्र पौधे के रूप में मिलता है। यद्यपि वर्तमान समय में यह दुर्लभ है, फिर भी वैदिक परंपराओं में इसका विशेष स्थान रहा है।

शमी के पत्ते विजय, समृद्धि और शौर्य के प्रतीक माने जाते हैं। विजयादशमी पर शमी पूजन की परंपरा महाभारत काल से चली आ रही है। मान्यता है कि भगवान गणेश को शमी पत्र अर्पित करने से बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है।

पीपल का वृक्ष सनातन संस्कृति में देववृक्ष माना गया है। अनेक ग्रंथों में इसे भगवान विष्णु का स्वरूप बताया गया है। पीपल की पूजा, परिक्रमा और संरक्षण को धार्मिक तथा पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वट अथवा बरगद का वृक्ष दीघार्यु, स्थिरता और अखंड सौभाग्य का प्रतीक है। वट सावित्री व्रत में महिलाएँ इसकी पूजा कर परिवार के सुख, समृद्धि और पति की दीघार्यु की कामना करती हैं।

इन सभी पवित्र पत्तों का संदेश केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। वे हमें प्रकृति के संरक्षण, पर्यावरण के संतुलन और जैव विविधता के महत्व का भी बोध कराते हैं। भारतीय संस्कृति ने पूजा के माध्यम से वृक्षों की रक्षा का ऐसा अद्भुत मार्ग अपनाया कि श्रद्धा स्वयं पर्यावरण संरक्षण का माध्यम बन गई।

आज जब जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं, तब सनातन परंपरा का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है कि वृक्ष केवल जीवन नहीं देते, बल्कि संस्कृति, संस्कार और सभ्यता को भी जीवित रखते हैं।

आस्था तभी सार्थक है जब उसके साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी जुड़ी हो। यदि प्रत्येक परिवार इन पवित्र वृक्षों में से कम से कम एक पौधा भी रोपित कर उसका संरक्षण करे, तो यह पूजा का सबसे श्रेष्ठ रूप होगा। यही सनातन धर्म का वास्तविक संदेश है–ईश्वर की उपासना और प्रकृति की रक्षा, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेन्डर्ड- 1,41,400 रवा- 1,41,200 चांदी- टंच- 2,23,500 पाट- 2,23,300।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत उज्जैन ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा

**आगर मालवा।** आगर-उज्जैन रोड पर तनोडिया के पास सोमवार देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद उज्जैन रेफर किया गया। हालांकि, उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ठीकरिया निवासी डोगर सिंह पिता तूफान सिंह (22) सोमवार रात किसी काम से जा रहे थे। तनोडिया के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डोगर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी नाजुक हालत देखते हुए उज्जैन रेफर कर दिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए उज्जैन ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सांडों की लड़ाई में बाइक सवार दंपती गिरे, महिला गंभीर घायल, थाने के सामने हुई घटना



**अकोदिया।** अकोदिया में आवारा मवेशियों के आतंक के कारण सोमवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। पुलिस थाने के ठीक सामने दो सांड आपस में लड़ते हुए अचानक सड़क पर आ गए, जिसकी चपेट में आकर एक बाइक सवार दंपती सड़क पर गिर गए। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला गंभीर घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम करीब 6 बजे ग्राम मदाना के रहने वाले विजय कुमार अपनी पत्नी रुकमा बाई के साथ बाइक से आ रहे थे। जैसे ही वे अकोदिया पुलिस थाने के सामने पहुंचे, वहां पहले से लड़ रहे दो सांड अचानक उनकी बाइक के सामने आ गए। सांडों की टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई और दंपती सड़क पर जा गिरे। हादसे में रुकमा बाई को सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि विजय कुमार को आंशिक चोटें लगी हैं। घटना पुलिस थाने के बिल्कुल सामने होने की वजह से वहां तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मदद के लिए दौड़े। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल रुकमा बाई को तुरंत अकोदिया के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों सांड काफी देर से बीच सड़क पर लड़ रहे थे, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों में अफरा-तफरी मची हुई थी। सांडों के डर से कई लोगों ने अपने वाहन दूर ही रोक दिए थे, इसी बीच यह दंपती सांडों की चपेट में आ गया। इस हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों में नगर परिषद के खिलाफ भारी आक्रोश है। रहवासियों का कहना है कि शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों और प्रमुख चौराहों पर हर समय आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। नगर परिषद ने पहले दावा किया था कि इन मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा जाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि सड़कों से आवारा पशुओं को तुरंत हटाया जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**परीक्षा नहीं हुई तो कॉलेज गेट पर बांधा भैंसा**

## नए कोर्स के छात्र परेशान एनएसयूआई ने पुंगी बजाकर विश्वविद्यालय का किया विरोध



**देवास।** देवास में केपी कॉलेज और साइंस कॉलेज में शुरू किए गए नए कोर्स के विद्यार्थियों की पहले वर्ष की परीक्षा अब तक आयोजित नहीं हुई है। इसी के विरोध में एनएसयूआई ने केपी कॉलेज परिसर के बाहर अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कॉलेज गेट पर भैंसा बांधकर पुंगी बजाई और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान ने बताया कि इन दोनों कोर्सों की शुरूआत बड़े-बड़े दावों के साथ की गई थी। विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य और कोर्स पूरा होने पर प्लेसमेंट का भरोसा दिलाया गया था। हालांकि, अब तक पहले वर्ष की परीक्षा भी नहीं हो पाई है, जिससे विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है। चौहान ने कहा कि यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय प्रशासन को उसकी लापरवाही से जगाने के लिए किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से कॉलेज गेट पर भैंसा बांधकर पुंगी बजाई। उनका उद्देश्य विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति हो रही लापरवाही को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थी दिलीप सिंह रायपुरिया ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवेश के समय तीन वर्ष में प्लेसमेंट सहित बेहतर करियर का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने बताया कि पहले वर्ष की परीक्षा नहीं होने से छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से जल्द परीक्षा आयोजित कर शैक्षणिक सत्र को नियमित करने की मांग की।

### कॉलेज के सामने फोरलेन पर हादसा, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

# आवारा मवेशी से टकराकर सड़क पर गिरे पंचायत सचिव, टैंकर का पहिया सिर पर चढ़ा, दर्दनाक मौत

दैनिक अवन्तिका
शुजालपुर

शहर के फोरलेन मार्ग पर सोमवार सुबह आवारा मवेशियों की वजह से एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंचायत सचिव की मौत हो गई। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने एक बार फि र शहर में आवारा मवेशियों की समस्या और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस के अनुसार ग्राम चौकी नसीराबाद निवासी प्रहलाद पुरबिया 55 वर्ष ग्राम पंचायत नरोला में पंचायत सचिव थे। पिछले चार माह से वे जनपद पंचायत शुजालपुर में क्लर्क के रूप में संबद्ध होकर प्रतिदिन बाइक से ड्यूटी पर आते जाते थे। सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे जेएनएस कॉलेज के सामने फोरलेन पर एक पानी के टैंकर को ओवरटेक करते समय उनकी बाइक सड़क पर खड़े एक आवारा मवेशी से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और उसी दौरान टैंकर का पिछला पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। राहगीरों ने तत्काल उन्हें उठाकर अस्पताल पहुचाया गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण उनकी मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फु टेज भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना स्पष्ट दिखाई दे रही है। प्रहलाद पुरबिया अपने पीछे दो बेटों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

कुछ दिन पहले ब्रजनगर कॉलोनी निवासी एक वृद्ध महिला जब सुबह टहलने निकली थी तब उन्हे आवारा मवेशी ने उठाकर पटक दिया था, जिससे उनके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। इसी प्रकार कुछ वर्ष पूर्व एक पुलिसकर्मी की भी आवारा मवेशी से टकराने के कारण सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। शहर में आए दिन दोपहिया वाहन चालक और राहगीर आवारा मवेशियों के कारण हादसों का शिकार हो रहे हैं।





**लोगों ने उठाई स्थायी समाधान की मांग**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने के लिए प्रभावी और नियमित कार्रवाई की जाती, तो शायद इस तरह की दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी। लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका से आवारा मवेशियों के स्थायी प्रबंधन, गौशालाओं में व्यवस्थित रखरखाव तथा मुख्य मार्गों पर नियमित अभियान चलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

**वादे हुए, लेकिन हालात नहीं बदले**

उल्लेखनीय है कि पूर्व में हुई घटना के बाद नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने शहर के प्रमुख मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाने और अभियान चलाने की बात कही थी। इसके बावजूद फ रेलेन सहित कई मुख्य मार्गों पर आज भी बड़ी संख्या में आवारा मवेशी खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं। सोमवार को हुई पंचायत सचिव की मौत ने एक बार फिर उन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी से उनका पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इसलिए इस मामले में उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

# खातेगांव अस्पताल से ऑक्सीजन पाइप लाइन चोरी, बीएमओ ने दर्ज कराई रिपोर्ट

### रेनोवेशन कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी से होगी पूछताछ

दैनिक अवन्तिका खातेगांव

देवास जिले के खातेगांव शासकीय अस्पताल के पुराने भवन से मरीजों की जान बचाने वाली ऑक्सीजन पाइपलाइन ही गायब हो गई है। इस बड़ी लापरवाही और चोरी को लेकर इटड डॉ. तुषार गुप्ता ने सोमवार को खातेगांव थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बीएमओ डॉ. तुषार गुप्ता ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान मरीजों को तत्काल ऑक्सीजन देने के लिए स्थानीय विधायक के विशेष प्रयासों से अस्पताल के पुराने भवन के कमरों में ऑक्सीजन प्लांट से जुड़ी यह कीमती पाइपलाइन बिछाई गई थी। हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन में शिफ्ट होने के बाद, पुराने भवन के कमरों की मरम्मत और रेनोवेशन का काम 'श्रीजी कंस्ट्रक्शन' कंपनी को सौंपा गया था।



**तीन कमरों से पूरी तरह गायब मिली लाइन**

अस्पताल प्रबंधन ने जब मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण किया, तो पाया कि तीन कमरों से पूरी ऑक्सीजन पाइपलाइन गायब थी। बीएमओ ने अपनी शिकायत में आशंका जताई है कि यह पाइपलाइन रेनोवेशन के काम के दौरान ही हटाई या चोरी की गई है। संदेह इसलिए भी गहरा है क्योंकि निर्माण कार्य चलने के दौरान उन कमरों में अस्पताल के दूसरे कर्मचारियों या बाहरी लोगों के जाने पर पूरी तरह रोक थी।

**कंस्ट्रक्शन कंपनी ने साधी चुप्पी**

इस पूरे मामले पर अपना पक्ष रखने के लिए जब श्रीजी कंस्ट्रक्शन के मुकेश गुप्ता से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। फिलहाल, खातेगांव पुलिस बीएमओ के आवेदन पर कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ की तैयारी कर रही है।

## युवक की मौत : पिता ने लगाया मारपीट का आरोप

**अकोदिया।** अकोदिया-शुजालपुर रोड पर रेलवे ट्रैक के पास 1 जुलाई की सुबह एक युवक की लाश मिली थी। मंगलवार को युवक अर्पित मेहता के पिता विजय मेहता ने इस संबंध में जीआरपी पुलिस अधीक्षक, इंदौर और जीआरपी चौकी प्रभारी, मक्सी को एक शिकायती आवेदन सौंपा है। परिजन का सीधा आरोप है कि अर्पित मेहता के साथ साजिश के तहत जानलेवा मारपीट की गई है। हमलावरों ने उसे मरणासन्न हालत में ट्रैक के पास छोड़ दिया और किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पिता ने आवेदन में कुछ संदिग्धों पर शक जाहिर करते हुए मांग की है कि मामले की गहराई से जांच कर दोषियों पर सख्त कानूनी धाराएं लगाई जाएं।

परिवार ने अपने स्तर पर की गई पड़ताल का हवाला देते हुए पुलिस को बताया कि घटना से एक दिन पहले, यानी 30 जून की रात को अर्पित अपने कुछ दोस्तों के साथ एक ढाबे पर खाना खाने गया था। वहां किसी बात को लेकर उसका कुछ लोगों से विवाद हुआ था। परिजनों ने पुलिस से इस विवाद को हमले की मुख्य वजह मानते हुए इस बिंदु पर जांच करने का आग्रह किया है।

परिजन के मुताबिक, अर्पित अपने भाई अमित के साथ इंदौर में रहकर काम करता था। घटना से करीब 15 दिन पहले ही वह अकोदिया आया था। वह वापस इंदौर जाने वाला था और 2 जुलाई को भोपाल होते हुए अपनी यात्रा पूरी करने की योजना बना रहा था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया।

# रेलवे कर्मचारियों के विवाद में चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका शाजापुर

शाजापुर में रेलवे कर्मचारियों के बीच हुए विवाद में चाकूबाजी और मारपीट का मामला सामने आया है। सोमवार शाम रेलवे स्टेशन रोड पर हुई इस घटना में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मुख्य आरोपी शाहरुख मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका साथी राजा फरार है और उसकी तलाश जारी है।

पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, रेलवे कॉलोनी निवासी वरिष्ठ टेक्नीशियन शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार शाम वे अपने साथी हेमराज बोड़ाना और बलराम राजोरिया के साथ रेलवे यार्ड के पास खड़े थे। इसी दौरान रेलवे कर्मचारी शाहरुख मंसूरी वहां आया और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब शैलेन्द्र ने इसका विरोध किया, तो शाहरुख ने उनके साथ थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की, जिससे उन्हें गाल और पसली में चोटें आईं। शिकायत में बताया गया है कि जब हेमराज बोड़ाना बीच-बचाव करने पहुंचे, तो शाहरुख ने उनके साथ भी जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान शाहरुख का साथी राजा भी मौके पर आ गया। दोनों ने मिलकर हेमराज पर हमला कर दिया। आरोप है कि शाहरुख ने लोहे के पाइप से हेमराज के सिर और पैर पर वार किया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। राजा ने चाकू से हमला किया, जिसमें बचाव करते समय हेमराज की बाएं हाथ की उंगली में गंभीर चोट आई।



घटना के दौरान बलराम राजोरिया ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि हमला करने के बाद दोनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायल हेमराज को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### सात दिन से थमा मानसून, किसान बारिश के इंतजार में

# बढ़ी किसानों की चिंता, खेतों की नमी घटने लगी

दैनिक अवन्तिका सारंगपुर

सारंगपुर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले छः दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ गई है। शुरूआती अच्छी बारिश के बाद अब खेतों की नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे सोयाबीन समेत खरीफ फसलों की बढवार प्रभावित होने लगी है।

किसानों का कहना है कि सोयाबीन की फसल इस समय बढवार के अहम चरण में है। लगातार बारिश नहीं होने और तेज धूप के कारण मिट्टी की नमी खत्म हो रही है। इससे फसल के पीले पडने और सूखने का खतरा बढ गया है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो उत्पादन पर भी असर पड सकता है।

किसान संतोष धनगर ने बताया कि पिछले छः दिनों से बारिश पूरी तरह बंद है। खेतों की नमी लगातार घट रही है और फसल को तत्काल पानी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि अगले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड सकता है। अच्छी शुरूआत के बाद बढी परेशानी

**अब तक मात्र 331 एमएम बारिश दर्ज**

मानसून की गति धीमी पड गई है, जिससे बारिश का दौर थम गया है। धूप और उमस के कारण लोग परेशान हैं, वहीं किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा 13 जुलाई तक जारी आंकडों के अनुसार 1 जून से अब तक कुल 331.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इस अवधि में 208.2 एमएम वर्षा दर्ज हुई थी, इस बार बीते वर्ष से 122.9 एमएम वर्षा अधिक दर्ज हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 3-4 दिनों के भीतर बंगाल की खाडी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हो सकता है। इसके प्रभाव से जुलाई के मध्य में एक बार फिर झमाझम बारिश का नया दौर शुरू होने की पूरी उम्मीद है। तब तक उमस और हल्की गर्मी का असर बना रहेगा।

In The Court Of II Civil Judge Class I, District Court, Ujjain Tehsil badnagar Presiding Officer:
**श्री गौरव चौरसिया**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000004/2026)
**अर्जुन चौधरी----- आवेदक**
**Vs**
**लीलाबाई पति बद्रीलाल------अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 20/08/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधाराण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन चौधरी पता ने मृतक कमलाबाई पति थावरजी चौधरी, निवासी चौधरी मोहल्ला, ग्राम जलोदिया, तहसील बड़नगर की आईसीआईसीआई बैंक शाखा बड़नगर के बचत खाते में जमा 56,883/-धनराशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20 अगस्त 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 11 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(गौरव चौरसिया)**
**द्वितीय व्य. न्याय वरिष्ठ खण्ड**
**बड़नगर जिला उज्जैन (मप्र)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## नाले में मिला 35 वर्षीय युवक का शव, सुबह घर से निकला था

**देवास'** देवास के भौंरासा थाना क्षेत्र के सिकखेड़ी नाके के पास सोमवार दोपहर पानी से भरे नाले में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान जामगोद निवासी 35 वर्षीय संदीप अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि संदीप सोमवार सुबह घर से निकले थे। कुछ घंटे बाद उन्हें सूचना मिली कि उनका शव नाले में मिला है। परिजनों के अनुसार, संदीप मजदूरी का काम करते थे। फिलहाल युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति से स्मैक जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार

**मुखबिर की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई**

**शुजालपुर।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति को 0.70 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब पांच हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से स्मैक रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पंचों की मौजूदगी में संदेही घनश्याम उर्फ नौरंगी 55 निवासी रायकनपुरा, शुजालपुर सिटी को रोका। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की दाहिनी जेब से एक प्लास्टिक की डिब्बी बरामद हुई। डिब्बी में रखी पारदर्शी थैली में मटमैला पाउडर मिला, जिसे जांच में स्मैक होना पाया गया। पूछताछ में वह स्मैक कहां से लाया और किसे देने जा रहा था, इसका भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू की।

**जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीण कलेक्टर से मिले**

## एक महीने का दिया अल्टीमेटम, 10 गांवों को शहर से जोड़ती है सड़क



**शाजापुर।** शाजापुर के कृषि उपज मंडी के पीछे से गुजरने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। बमोरी, पिंदोनिया, पचोला, रिछोदा, मेंहदी, लड़ावद, खेड़ा बमोरी, पिंदोनिया खेड़ा, रामपुरा और मेवासा सहित कई गांवों के ग्रामीण कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। उन्होंने सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क करीब 10 से 12 गांवों को शाजापुर शहर से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। सड़क की खराब हालत के कारण शाजापुर पहुंचने में पहले जहां 15 मिनट लगते थे, वहीं अब लगभग एक घंटे का समय लग रहा है। इससे विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए टेंडर स्वीकृत होने और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद काम शुरू नहीं किया गया है। खराब सड़क के कारण मरीजों और एंबुलेंस को सबसे अधिक दिक्कत होती है, जिससे समय पर अस्पताल पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर वर्षों पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।

## टायर में पंक्चर देखते समय ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**शाजापुर।** शाजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर सारंगपुर बाईपास पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। चालक सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर टायरों की जांच कर रहा था, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। मृतक की पहचान 38 वर्षीय बन्टू पिता बीरी सिंह के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद स्थित आलमपुर कोटला हिम्मतपुर का निवासी था। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक वाहन में फंस गया। उसे रेलिंग काटकर बाहर निकाला गया। ट्रक के हेल्पर सचिन ने बताया कि वे दिल्ली से पार्सल लेकर मुंबई जा रहे थे। सारंगपुर बायपास पर चालक ने ट्रक साइड में खड़ा कर टायर देखना शुरू किया था, तभी हादसा हो गया।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, अनारजी पिता सेवाजी बागरी (मृतक) के वारिसान सजनबाई पति अनारजी, रमेश, मांगीलाल, बाबुलाल आदि निवासीगण ग्राम संडावदा, तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन वाले ने सुशीलकुमार, इन्दुबाला, लताबाला पुत्री शांतिलाल बुपक्या आदि-18 लोगों के विरूद्ध अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.12.2024 से असंतुष्ट होकर अपील पेश की गई, जिसमें रेस्पोंडेंट क्रमांक 3 लताबाला पिता शांतिलाल बुपक्या भी पक्षकार हैं, उनको रजिस्टर्ड डाक व साधारण रीति में तामिल भेजी गई, लेकिन तामिल नही हुई। रेस्पोडेंट क्रमांक 3 लताबाला के विरूद्ध पेपर प्रकाशन किया जा रहा है, जिसका प्रकरण क्रमांक 4/2025 सजनबाई आदि विरूद्ध सुशीलकुमार आदि-18 में अगली पेशी दिनांक 18.08.2026 नियत है। अगर लताबाला व अन्य किसी व्यक्ति संस्था, फर्म को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो नियत दिनांक 18.08.2026 को अपना जवाब पेश करें।

दिनांकः- 08.07.2026

**डी.डी. राठी एडवोकेट**
**बुद्ध मार्ग, खाचरौद**
**मोबा. नं. 98266181877**

## भारत बोला- होर्मुज में जहाजों को निशाना बनाना बंद

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में मंगलवार सुबह दो व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब कर भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर इस तरह के हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमले का शिकार बने दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे। इनमें एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हुए हैं। भारत ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। भारत ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव चिंता का विषय है। उसने सभी पक्षों से हिंसा रोकने, बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट जैसे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर जहाजों की सुरक्षित आवाजाही और व्यापार हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## मोदी ने स्लोवाकिया के नेता को बिहारी ठेकुआ गिफ्ट किया

**स्लोवाकिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने स्लोवाकिया के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने संसद अध्यक्ष रिचर्ड रासी को बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकुआ गिफ्ट किया था। अब रासी ने ठेकुआ खाते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो काफी चर्चा में है। वीडियो में रासी गिफ्ट बॉक्स खोलकर ठेकुआ निकालते हैं और उसका स्वाद चखते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक उपहार नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति और परंपरा की झलक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी यह ठेकुआ बिहार से लेकर आए थे, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। रासी ने कहा कि ठेकुआ उन्हें स्लोवाकिया की कुछ पारंपरिक मिठाइयों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बिहार का ठेकुआ भेंट किया, जबकि उन्होंने बदले में हिंदी में लिखे विशेष स्लोवाक स्पा वेफर्स उपहार में दिए।

## होर्मुज स्ट्रेट में टोल वसूली पर 24 घंटे में ही पलटे डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कार्गो पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव वापस ले लिया है। उन्होंने एक दिन पहले ही ऐलान किया था कि होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से अमेरिका टोल वसूलेगा। करीब 24 घंटे बाद उन्होंने कहा है कि होर्मुज में टोल नहीं लिया जाएगा और इसके एवज में खाड़ी देश अमेरिका के साथ व्यापार और निवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि खाड़ी देश अमेरिका के साथ बड़ी ट्रेड डील करेंगे। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में मंगलवार शाम को डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक शिपिंग के लिए पूरी तरह से खुला है। सिर्फ ईरान के जहाजों को यहां से नहीं गुजरने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षित सुनिश्चित कर रही है।

## युवक बोला- धीरेंद्र शास्त्री के भाई ने पीटा, गोली मारी

**छतरपुर।** छतरपुर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई सालिग्राम गर्ग पर एक युवक को गोली मारने का आरोप लगा है। गोली युवक के सीने में लगी और पसलियों में जा फंसी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर गोली निकाली। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।घायल मोतीलाल कुशवाहा राजनगर थाना इलाके के कोड़ा गांव का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया- सालिग्राम गर्ग मेरी जमीन छीनना चाहते हैं। वे अपने साथियों के साथ आज सुबह मेरे घर पहुंचे। मुझे घर से बाहर खींच लाए। सभी ने लाठी-डंडों से हमला किया। इसके बाद सालिग्राम ने तीन-चार राउंड फायर किया। एक गोली मेरे सीने में लगी।घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें सालिग्राम और उसके साथी भागते दिख रहे हैं। घायल युवक के परिजन उनका पीछा कर रहे हैं। एक शख्स गाली देते हुए कह रहा है- मारजकतनी गोली मारेगा। वीडियो के एक फ्रेम में सालिग्राम के हाथ में हथियार दिख रहा है। फिलहाल, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पटवारी बोले- पेपर लीक के पीछे बीजेपी के ही माफिया क्यों

**इंदौर-भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इंदौर से सोमवार सुबह साइक्लोथॉन की शुरुआत की। यह यात्रा नीट-यूजी और सीबीएसई परीक्षा में कथित गड़बड़ी, पेपर लीक तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर निकाली जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी राहुल गांधी के छात्रों की गूंज अभियान के तहत इंदौर से भोपाल तक साइकिल यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा दो दिन में भोपाल पहुंचेगी। शुरुआत में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा शामिल हुए, जबकि रास्ते में देवास, सीहोर और भोपाल जिले से भी लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। देवास में जीतू पटवारी ने कहा- हमारी मांग है कि हर पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच हो। हर पेपर लीक के पीछे बीजेपी के ही माफिया क्यों होते हैं?

## डूब रही युवती के लिए देवदूत बनी पुलिस, कूदकर बचाई जान

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के पोस्ट ऑफिस घाट पर सोमवार रात डूब रही एक युवती की जान कोतवाली पुलिस और डायल 112 की टीम ने समय रहते बचा ली। पुलिसकर्मियों ने नदी में छलांग लगाकर युवती को बाहर निकाला और मौके पर देकर उसकी सांसें वापस लौटा दीं। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नदी में छलांग लगाकर सुरक्षित निकाला- सोमवार रात करीब 8 बजे डायल 112 के प्रधान आरक्षक राकेश और पायलट ने नर्मदा नदी में डूब रही युवती को देखा।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का अल्टीमेटम, जल्द शुरू हो काम

**दैनिक अवन्तिका शाजापुर**

शहर की कृषि उपज मंडी के पीछे से गुजरने वाली और लगभग एक दर्जन गांवों को शाजापुर जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। ऐसे में परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**15 मिनट का सफर, अब लग रहा एक घंटा-** कलेक्टर कार्यालय में दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि कृषि उपज मंडी के पीछे से होकर गुजरने वाली सड़क बमौरी, पिंदोनिया, पचोला, रिछोदा, मेंहदी, लड़ावद, खेड़ा बमौरी, पिंदोनिया खेड़ा, रामपुरा और मेवासा सहित कई गांवों को शहर से जोड़ने वाला सबसे छोटा और सुविधाजनक रास्ता है, लेकिन सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि जिस सफर को तय करने में सामान्यतः मात्र 15 मिनट लगते थे, अब वहां गड्ढों और खराब रास्तों के कारण एक घंटे का समय लग रहा है जिससे रोजाना हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**टेंडर स्वीकृत, कागजी कार्रवाई पूरी, फिर भी काम अटका-** ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर पहले ही स्वीकृत हो चुका है और आवश्यक कागजी प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं किया गया है, जिससे सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

**मरीजों की जान सांसत में, बड़े हादसे का डर-** सड़क की इस खस्ताहाली का सबसे ज्यादा खामियाजा बीमार और गंभीर मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल पहुंचने के लिए एंबुलेंस और निजी वाहनों को इसी जर्जर मार्ग का सहारा लेना पड़ता है, जिससे समय पर इलाज मिलना मुश्किल हो गया है।

## वायरल हथियारों के वीडियों से गुना में मचा बवाल, अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

**गुना।** एक ओर नवागत पुलिस अधीक्षिका हितिका वासल के नेतृत्व में गुना जिले को अपराधमुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के चलते अपराधियों में भय का माहौल भी दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित हथियार प्रदर्शन के वीडियो ने शहर में नई बहस छेड़ दी है। इस मामले को लेकर सराफा बाजार के व्यापारियों ने सामूहिक रूप से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मध्यप्रदेश को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भेजकर निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में भी अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। जिसके चलते सराफा व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है जिन्होंने पुलिस महानिदेशक से शिकायत की है।

दरअसल पूरा मामला ये है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में संबंधित व्यक्ति पूर्व से अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति एक्ट में फरार है। उक्त आरोपी सत्यनारायण गली निवासी दीपेश सेन कथित रूप से हथियार का प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा है। जिस पर आपराधिक प्रकरण लंबित होने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि वायरल वीडियो की सत्यता होने पर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है तो इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है तथा आम नागरिकों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास प्रभावित हो सकता है।आवेदन में व्यापारियों ने मांग की है कि वायरल वीडियो की फॉरेंसिक एवं तकनीकी जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि वीडियो में दिखाई दे रहे हथियार वास्तविक हैं या नहीं। यदि हथियार वास्तविक पाए जाते हैं तो उनके लाइसेंस, स्रोत एवं उपयोग की विस्तृत जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम सहित अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। संबंधित व्यक्ति की गतिविधियों से क्षेत्र के व्यापारी भय और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं।

## कांग्रेस पार्षद रामवीर पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे अपनी वार्ड में भ्रमण कर निकले कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव पर पूर्व से घात लगाए बैठे आधा दर्जन पारदी महिला पुरुषों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से बेहोश होकर गिर पड़े।

जिससे पारदी उनकी जेब में रखे नगदी 10 हजार रुपए और सोने की चैन लूटकर फरार हो गए। इसके बाद घायल अवस्था में जब पार्षद थाने पहुंचे तो पारदी महिला पुरुषों ने थाने में तक मारने की धमकी दे डाली।

दरअसल मामला ये है कि पार्षद अपने भाई रविन्द्र के साथ बरसात के पूर्व क्षेत्र में साफ-सफाई संबंधी समस्याओं के लिए क्षेत्रवासियों से मिलने गये थे। इस दौरान वह जगनपुर स्थित बलवीर सहरिया की जमीन के पास पहुँचे, तभी वहाँ पहले से घात लगाकर बैठे गप्पू पारदी, नागकन्या पारदी, वाशु पारदी, सह्न पारदी, राहुल पारदी, काली बाई एवं उनके साथ लगभग करीब 15 अन्य लोगों ने एकराय होकर पार्षद रामवीर पर जान से मारने की नीयत से तलवार, लाठी-डंडों एवं अन्य धारदार हथियारों से अचानक हमला कर दिया। हमले के दौरान पार्षद के सिर पर तलवार से वार किया जिससे उनके सिर में चोट आई और वे बेहोश होकर गिर पडे। मेरी बेहोशी की अवस्था का लाभ उठाकर आरोपियों ने मेरे गले से सोने की चेन तथा जेब में रखे दस हजार रुपये नगद लूट लिए और घटनास्थल से फरार हो गए। लहूलुहान में पार्षद रामवीर एसपी कार्यालय पहुंचे थे।

## भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया

**बर्मिंघम।** अक्षर पटेल के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने पहला वनडे 6 विकेट से जीत लिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन में 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में 4 विकेट पर 262 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। अक्षर ने नाबाद 57 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 80 रन की पारी खेली। वे क्रैम्प्स के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने भी नाबाद 52 रन की पारी खेली। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रोहित शर्मा (11) और विराट कोहली (5) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद गिल और श्रेयस अय्यर (35) ने तीसरे विकेट के लिए 101 रन जोड़े। श्रेयस रनआउट हुए और केएल राहुल बोल्ड हो गए। इसके बाद अक्षर और वॉशिंगटन ने पांचवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले जो रूट (76) और लियाम डॉसन (68) की पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 47.5 ओवर में 258 रन बनाए। इंग्लैंड ने 61 रन तक कोई विकेट नहीं गंवाया था, लेकिन इसके बाद 19 रन के भीतर 5 विकेट खो दिए। रूट और डॉसन ने छठे विकेट के लिए 121 रन जोड़कर टीम को 258 के स्कोर तक पहुंचाया।

## पीडब्ल्यूडी महकमे में हर्ष का माहौल

**शाजापुर।** राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पदोन्नति की बाट जोह रहे अधिकारियों को बड़ी सौगात दी है। भोपाल से जारी हुए आदेश के बाद जिले के पीडब्ल्यूडी महकमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। शासन ने विभागीय पदोन्नति का रास्ता साफ करते हुए जिले में पदस्थ दो अधिकारियों को प्रमोशन का तोहफा देते हुए नियमित कार्यपालन यंत्री के पद पर प्रमोट किया है। मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 जुलाई 2026 को पदोन्नति की विस्तृत सूची जारी की गई। इस आदेश के तहत शाजापुर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री हर्षवर्धन सिंह मुवेल को कार्यपालन यंत्री के पद पर नियमित पदोन्नति प्रदान की गई है। मुवेल लंबे समय से प्रभारी के तौर पर जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे और अब उन्हें शासन ने नियमित पद की अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। इसी आदेश के क्रम में, जिले के शुजालपुर उपसंभाग में अनुविभागीय अधिकारी के पद पर उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे शुभम मौर्य को भी पदोन्नत किया गया है। मौर्य अब कार्यपालन यंत्री के पद पर प्रमोट हो गए हैं। उनके कार्यकाल में शुजालपुर क्षेत्र के निर्माण कार्यों में काफी गति देखी गई थी, जिसका ईनाम उन्हें इस पदोन्नति के रूप में मिला है। जिले के इन दोनों अफसरों को नियमित कार्यपालन यंत्री बनाए जाने की खबर जैसे ही स्थानीय कार्यालय और जिले में पहुंची।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 181 रकबा 0.970 हेक्टर मे से रकबा 0.070 हेक्टर स्थित ग्राम सायरखेडी तहसील व जिला उज्जैन को आत्माराम सूर्यवंशी पिता श्री चैनाजी निवासी ग्राम नहारिया तहसील व जिला उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन कवी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जायेगी। इति दिनांक 14-07-2026

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर - 9826534221, 8839920862**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी भूखण्ड स्वामी सोहराब पटेल पिता बाबु पटेल, उम्र 39 वर्ष, निवासी- मुल्ला नायता इंदौर (म. प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 38 नरवर प्राईड फेस-1 ग्राम नरवर, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 92.964 वर्गमीटर अर्थात 1000.00 वर्गफीट है। उक्त भूखण्ड आवासीय उपयोग का होकर फ्रीहोल्ड राईट्स का है। जिसकी पैमाईश व चर्तु:सीमा निम्नानुसार है पैमाईश लम्बाई 15.24 मीटर, चौड़ाई 6.10 मीटर, कुल क्षेत्रफल 92.964 वर्गमीटर अर्थात 1000.00 वर्गफीट है। चर्तु:सीमा पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक 39, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक 39, उत्तर दिशा में कॉलोनी की सड़क, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 50 है, तथा भूखण्ड क्रमांक 37 नरवर प्राईड फेस-1 ग्राम नरवर, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 92.964 वर्गमीटर अर्थात 1000.00 वर्गफीट है। उक्त भूखण्ड आवासीय क्षेत्र में आवासीय उपयोग का होकर फ्रीहोल्ड राईट्स का है। जिसकी पैमाईश व चर्तु:सीमा निम्नानुसार है- पैमाईश लम्बाई 15.24 मीटर, चौड़ाई 6.10 मीटर, कुल क्षेत्रफल-92.964 वर्गमीटर अर्थात 1000.00 वर्गफीट है। चर्तु: सीमा पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक 38, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक 36, उत्तर दिशा में कॉलोनी की सड़क, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 51 है, उक्त दोनों भूखण्ड को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। दिनांक 14/07/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस डी- -12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती बबली पति श्री सोलंकी सिंह, 02-श्री सोलंकी सिंह पिता श्री दिलीप सिंह, दोनो निवासी ग्राम अहीरखेडी जिला इन्दौर (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-629/1/2 (स) रकबा 0.5500 हेक्टर ग्राम गुरला, प. ह. नं.-00023 तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का इ पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-14.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री लोकेश पिता श्री प्रकाशचंद जैन, निवासी 251, मंछामन नगर, नीलगंगा, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा श्रीमती अनीता पति स्वर्गीय कैलाश चौहान, निवासी ग्राम चंदेसरी, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्वाधीन कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 507/2/1/1, रकबा 0.2150 हेक्टेयर, स्थित ग्राम चंदेसरी, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने के संबंध में सौदा कर विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था एवं बयाना राशि अदा कर दी गयी थी जिस कारण से उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार के संविदात्मक एवं विधिक अधिकार विद्यमान हैं व उक्त सौदा आज दिनांक को भी अस्तित्व में होकर निरस्त नहीं किया गया है। मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ है कि श्रीमती अनीता उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों के पक्ष में विक्रय एवं हस्तांतरित करने का अवैधानिक प्रयास कर रही हैं एवं कतिपय व्यक्तियों को भूमि विक्रय करने के उद्देश्य से दिखा रही हैं जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा विधि अनुसार कार्यवाही की जाना प्रस्तावित हैं। अतः सर्वसाधारण, भू-क्रेताओं, संपत्ति व्यवसायियों, बैंकों एवं अन्य व्यक्तियों को सूचित एवं सावधान किया जाता है कि वे उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, बयाना, अनुबंध, बंधक, हस्तांतरण अथवा अन्य कोई सौदा न करें। इस सूचना के प्रकाशन के उपरांत भी यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यवहार करता है, तो उक्त सौदा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होवेगा साथ ही मेरे पक्षकार के अधिकार के समक्ष शून्य माना जावेगा।

यह सूचित हो। दिनांक 14-07-2026

**अधिवक्ता अर्पित जैन**
**कार्यालय- 94 संत नगर सांवेर रोड**
**मो. 9424892418**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया है कि श्री मनोज शर्मा पिता रमेशचंद्र शर्मा निवासी-46, नजरअली मार्ग, निजातपुरा, उज्जैन के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन 46, नजरअली मार्ग, निजातपुरा, उज्जैन को विक्रय करने हेतु अनुबंध पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में किया है तथा विक्रय पत्र संपादन होना शेष है। उपरोक्त भवन के संबंध में किसी वित्तीय संस्था / बैंक शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थान, व्यक्ति या निकाय का कोई हित भार या स्वामित्व हो तो मेरे कार्यालय में 3 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करे तथा उक्त भवन के संबंध में अन्य कोई संव्यवहार न करे। ऐसे संव्यहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर प्रभाव शुन्य रहेगे तथा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की स्वयं की होगी। सो सूचित हो। इतिदिनांक 14/07/2026

**विवेक तिवारी, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय 22. प्रथम तल गुजराती समाज धर्मशाला, नई सड़क, उज्जैन**
**मो. 9827717729**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लाखनसिह पिता प्रहलादसिह भाटी जाति राजपुत के द्वारा राजस्व अभिलेख ग्राम मसवाडिया खालसा तह. बडनगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नं. 131/1 रकबा 1. 1000 हे. एवं सर्वे क. 137/2 रकबा 0.300 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 1.40 हे.भूमि क्रय करने का सौदा भूमि स्वामि नाहर जी पिता पुना जी एवं नर्मदाबाई पति नाहर जी निवासी ग्राम मसवाडिया खालसा तह. बडनगर जिला उज्जैन से कर सौदे पेटे बयाना राशि अदा कर मेरे पक्षकार के हित एवं पक्ष मे सौदा चिटठी निष्पादित कर दि है। मेरे पक्षकार द्वारा शेष राशि अदा कर भूमि का अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र निष्पादित होना शेष है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, वित्तिय निकाय, शासकिय एवं अर्द्धशासकीय संस्था बैंक पेढी, समुह आदि से किसी भी प्रकार से ऋण भार बकाया हो या भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखअधिकार, दान, भार, अंतरण, बंधक, कोई अनुबध, या सौदा चिटठी हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस मे लिखित आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा मियाद गुजरने बाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष मे निष्पादित करवा लेगे तथा बाद मे किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरे पक्षकार पर किसी भी रूप मे बंधनकारी एवं पालनीय नही होगी सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 15/07/2026

**राजेन्द्रसिह पंवार सर्वीस प्रोविवडर**
**कार्यालय-कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन**
**मो.न. 9753515051**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड क्रमांक 185, डीवाईन सिटी कॉलोनी, ग्राम शक्करवासा, तहसील व जिला उज्जैन क्षेत्रफल 116.20 वर्गमीटर को 1) श्रीमती शांतादेवी सेंगर पत्नि रूपसिंहजी सेंगर, 2) आयुषसिंह सेंगर पिता श्री विरेन्द्रसिंहजी सेंगर दोनों निवासी 99, आजाद नगर, उज्जैन के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र 481-के तारीखी 21/05/2010 को क्रय किया गया था। श्रीमती शांतीदेवी सेंगर की मृत्यु दिनांक 23/07/2018 को हो गई। उनकी मृत्यु उपरांत पुत्र 1) विरेन्द्रसिंह सेंगर पिता रूपसिंहजी सेंगर, 2) अलका तोमर पत्नि बृजभूषणजी तोमन, 3) अनिता शर्मा पत्नि यशपालजी शर्मा, 4) रिता तोमर पत्नि शिखर तोमर निवासी गाजियाबाद, 5) आयुषसिंह सेंगर पिता विरेन्द्रसिंहजी सेंगर अपने आपको शांतीदेवी का उत्तराधिकारी होना मानकर, उनके उक्त मकान को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती शांतीदेवी सेंगर का अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त भुखण्ड में हित रखता हो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा वर्तमान स्वामी खुशी पत्नि श्री अमितसिंहजी सोलंकी के द्वारा इस भुखण्ड को प्रगति शर्मा को विक्रय कर दिया जावेगा तथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त भुखण्ड क्रमांक 185 के पूर्व दिशा के भाग. डीवाईन सिटी कॉलोनी, उज्जैन क्षेत्रफल 500.00 वर्गफीट को बंधक कर प्रगती शर्मा को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। दिनांक- 14/07/2026, स्थान- उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़)अभिभाषक**
**1. युवराज लाइब्रेरी स्ट्रीट, छत्री चौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
RATLAM • MANDSOUR • NEEMACH


न्यूज-कॉलम

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुनी 83 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 83 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो, क्योंकि लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। मंदसौर निवासी रामकन्या बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि आवंटित करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर नगर पालिका सीएमओ मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 161 आवेदकों की समस्याएं

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 161 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन का परीक्षण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित,गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बिसलवास सोनिगरा निवासी मोहनलाल ने नालियों की साफ-सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था कराने, धनेरिया कला की कविता ने मकान निर्माण एवं पट्टा उपलब्ध कराने हेतु आवेदन दिया।

# परिवार के साथ आनंद के क्षण बिताना सबसे बड़ा सुख -डीएसपी

## संस्था परस्पर द्वारा पारिवारिक सभा का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



जीवन की भागदौड़ और जवाबदारियों के बीच परिवार के लिए समय निकालना बहुत मुश्किल कार्य होता है बड़े परिवारों का टूटना और छोटे परिवारों का अपने आप तक सीमित रहना समाज की सबसे बड़ी विकृति बन गई है इसका प्रभाव परिवारों के साथ-साथ पूरे समाज पर पड़ रहा है जिसके परिणाम भी बड़े घातक होते जा रहे हैं उत्कृष्ट संस्कारों के अभाव में और रिश्ते की पवित्रता का ज्ञान न होने से बलात्कार हत्या जैसे अपराध निरंतर बढ़ते जा रहे हैं ।

उपरोक्त विचार संस्था परस्पर द्वारा अग्रसेन वाटिका में आयोजित वार्षिक पारिवारिक सभा में उपस्थिति संस्था सदस्यों के परिजनों को संबोधित करते हुए डीएसपी यातायात श्री आनंद सोनी ने व्यक्त किये ।

आपने कहा कि हम कहीं भी कार्य करें शासकीय सेवा में हो व्यापारी हो या कोई निजी कार्य करते हो परिवार के लिए हमें भरपूर समय देना चाहिए हम सब कुछ अपने परिवार को चलाने के लिए करते हैं उसकी सुरक्षा और सुख सुविधा का ध्यान भी रखना मनोरंजन का ध्यान रखना भी हमारी जवाबदारी है कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी श्रीमती गायत्री सोनी ने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है छोटे-छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध दादा दादी माता-पिता सब जीवन की व्यस्तता से कुछ समय निकालकर हास्य विनोद और आनंद का अनुभव कर रहे हैं एक दूसरे से मिलजुल कर रहना भी समाज के लिए अत्यंत जरूरी है आपस में सौहार्द प्रेम और विश्वास ऐसे पारिवारिक मिलन समारोह से बढ़ता है आप दोनों ने संस्था की गतिविधियों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। महेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारी सामाजिक गतिविधियों में पारिवारिक मिलन समारोह और प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित कर उत्सावर्धन करना प्रमुख रहा है अन्य गतिविधियों के साथ-साथ पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ बनाना भी हमारा कर्तव्य हे। संस्था के परामर्शदाता दिनेश शर्मा ने कहा कि जीवन में अनेक चुनौतियां रहती है विपरीत परिस्थितियों में परिवार संचालन में संस्कारों का बड़ा महत्व रहता है पारिवारिक एकता आज के दौर में खंडित हो गई है लोग अकेले रहना पसंद करते हैं लेकिन संकट के समय हमें परिवार की कमी महसूस होती है इस कमी को हम सामाजिक संस्थागत सद्भाव बढ़ाकर पूरा कर सकते हैं। प्रोजेक्ट चेयरमैन महेश व्यास, सचिव सचिन गेलडा, कोषाध्यक्ष मिलन राखेचा भी मंचासीन थे ।

# दस्तक अभियान का शुभारंभ, 200 टीमें घर-घर जाकर करेंगी बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, कुपोषण से मुक्ति और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय मंदसौर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर द्वारा बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाकर किया गया।

सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य को समर्पित यह विशेष अभियान आगामी 31 अगस्त तक पूरे जिले में निरंतर संचालित किया जाएगा। अभियान को जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए जिले में 200 विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर जिले के 1,51,569 बच्चों की स्क्रीनिंग करेंगी।

स्क्रीनिंग के दौरान प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ उनके परिजनों को दो ओआरएस पैकेट और 14 जिंक की गोलियां अनिवार्य रूप से प्रदान की जाएंगी, ताकि बच्चों को डायरिया और डिहाइड्रेशन जैसी बीमारियों से बचाया जा सके। यदि कोई बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित पाया जाता है, तो उसे जिले के 7 पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में तत्काल भर्ती कर विशेषज्ञों की देखरेख में निशुल्क उपचार और पौष्टिक आहार प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर शासकीय मेडिकल कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. नईकी मीनार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुरेश सोलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुजारी परिषद बैठक में पं.मालचंद शर्मा अध्यक्ष, पं.जगदीश शर्मा सचिव बने

**नीमच।** शहर के अन्नपूर्णा मंदिर भूतेश्वर महादेव पर कर्म पांडे विप्र पुजारी परिषद की बैठक संपन्न हुई द्य जिसमें आगामी व्रत त्योहार पर चर्चा हुई और नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक के पश्चात बैठक में उपस्थित सभी सदस्य गोपाल गौशाला लेवड़ा पहुंचे वहां गायों को चारा डालकर गौ सेवा की गई । नवीन कार्यकारिणी का सभी-अध्यक्ष -पंडित मालचंद शर्मा, उपाध्यक्ष- पंडित प्रेम प्रकाश गौड़ ,सचिव -पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा ,कोषाध्यक्ष -पंडित लक्ष्मण शर्मा शास्त्री, सहसचिव- पंडित गौरव पारीक, पंडित महेश शर्मा, राकेश चतुवेर्दी ,उत्सव मंत्री -पंडित रामेश्वर शर्मा ,पंडित अनिल कुमानी ,संगठन मंत्री -पंडित सुनील शर्मा, पंडित चंचल शर्मा, सह संगठन मंत्री- पंडित कमल शर्मा गणेश मंदिर, प्रचार मंत्री -पंडित जयप्रकाश शर्मा, पंडित नमो नारायण, मीडिया प्रमुख पंडित कमलकांत जोशी , पंडित श्रवण शर्मा राज ,मीडिया प्रभारी पंडित राहुल शर्मा, पंडित शिव शर्मा, प्रवक्ता- पंडित घनश्याम शास्त्री (चल्दू) ,सूचना मंत्री- पंडित महेश पाराशर ,जनसंपर्क मंत्री -पंडित दिनेश शर्मा एवं दुर्गा शंकर नागदा संरक्षक पंडित जगजीत प्रसाद शर्मा मुन्ना भाई एवं पंडित दिनेश भारती बेधड़क, परामर्शदाता पंडित राधेश्याम उपाध्याय ,पंडित राजेंद्र पुरोहित सांवरिया मंदिर ,कानूनी सलाहकार पंडित राम अवतार शास्त्री। कार्यकारिणी में निम्न सदस्य लिए गए पंडित रूपा शर्मा ,पंडित संतोष शर्मा, पंडित ललित शर्मा ,पंडित सुरेश शुक्ला, पंडित पवन शर्मा चौकन्ना बालाजी, पंडित कमल किशोर शर्मा, पंडित अशोक कुमार मिश्रा ,पंडित विनय कुमार शर्मा, पंडित आनंद कुमार पांडे, पंडित श्यामलाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने कलेक्टर से सीवरेज योजना और कृषि मंडी के मुद्दों पर की चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने मंदसौर शहर में अमृत योजना 2.0 सीवरेज योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और रहवासियों को आने वाली दिक्कतों के संबंध में जिला कलेक्टर अदिति गर्ग से मुलाकात की। विधायक जैन ने बताया कि सीवरेज लाइन डाले जाने के बाद सड़कों को रिपेयर नहीं किया जा रहा है, जिससे बारिश के कारण कीचड़ और दुर्घटनाओं की समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि डीपीआर की कमियों को तुरंत पूरा किया जाए और योजना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रतिमाह जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में औचक निरीक्षण कर समीक्षा बैठक आयोजित की जानी चाहिए। इसके साथ ही विधायक जैन ने कृषि उपज मंडी दलौदा को विपणन व्यवस्था हेतु अतिरिक्त भूमि आवंटित किए जाने के संबंध में भी चर्चा की ताकि किसानों के लिए और अधिक सुविधाएं विकसित की जा सकें। उन्होंने दलौदा मंडी में शीघ्र ही मूंगफली की खरीदी शुरू करने की मांग भी रखी ताकि क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त, मंदसौर स्थित कालाखेत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद वहां व्यावसायिक परिसर सह मिनी स्टेडियम निर्माण से संबंधित बालागंज शिक्षा विकास समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने के संबंध में भी कलेक्टर महोदय से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# श्री सांवलिया सेठ मंदिर के दानपात्र से निकले 12 लाख से अधिक, अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

आषाढ़ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर लदुसा स्थित भगवान लक्ष्मी नारायण (श्री सांवरिया सेठ) मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। मंदिर में प्रति माह दानपात्र खोलने की परंपरा के तहत खोले गए दानपात्र से कुल 12 लाख 21 हजार 700 रुपये की नकद राशि, विदेशी नोट और भक्तों द्वारा चढ़ाए गए चांदी के मकान, चांदी की बांसुरी व चांदी के अफीम के डोडे जैसी अनूठी वस्तुएं प्राप्त हुईं। मंदिर समिति ने पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सराहनीय कदम उठाते हुए पूरा वित्तीय लेनदेन चेक और बैंक के माध्यम से करना शुरू किया है, जिसके लिए एक ही अधिकृत रजिस्टर्ड बैंक खाता संचालित है। मंदिर व्यवस्थाओं में गांव के सर्व समाज का अनूठा योगदान रहता है।

मंदिर समिति के पं. महेश व्यास ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के विशेष प्रयासों से लदुसा गांव को चारों तरफ से सुगम सड़कों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में डिंगाव से वाया लदूसा होकर सीतामऊ-दलोदा रोड को जोड़ने वाला टू-लेन मार्ग बनकर तैयार हो चुका है। इसके अलावा वर्ष 2024 के बजट प्रावधानों के तहत धमनार, धुंधडका, बाबरेचा से वाया लदुसा होकर सीधे मंदसौर को जोड़ने वाले मार्ग और ग्राम पीड़ा से वाया लदुसा होकर ग्राम मोरखेड़ा को जोड़ने वाले मार्ग पर काम होना है, जिसके लिए समस्त ग्रामवासियों ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## कार्यकारी बैठक 16 जुलाई को

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी बैठक का आयोजन 16 जुलाई 2026 को सायं 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

ई –निविदा सूचना

**संख्या :** GEM/2026/B/7761693. GeM पर **अपलोड करने की तिथि :** 10/07/2026, **कार्य का नाम एवं स्थान :** वैगन डिपो शंभूपुरा में वेल्डर/गैस कटर को काम पर रखने और वैगनों में वेल्डिंग और गैस कटिंग का काम करने के लिए कॉन्ट्रैक्ट का काम। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹78,91,909.14/–, सभी टैक्स एवं GST सम्मेत। **निविदा फार्म की कीमत :** समस्त निविदाकार के लिए ई–निविदा फार्म निःशुल्क, **अग्रिम धन :** ₹157,840.00/–, **समापन अवधि :** 02 वर्ष कार्य आदेश जारी होने की तारीख से, **निविदा फार्म जमा करने एवं निविदा खुलने का समय :** बंद होने का समय : 15:00 Hrs. on 03.08.2026, खुलने का समय : 15:30 Hrs. on 03.08.2026, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** निविदायें GeM की वेबसाईट gem.gov.in पर देखी जा सकती है। SNP-154

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

ई –निविदा सूचना

**नविदा संख्या :** 83266009, **दिनांक : 13/07/2026.** निम्नलिखित स्टोर कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक, (स्टोर), रतलाम, पश्चिम रेलवे द्वारा ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** आरडीएसओ विनिर्देषन नं. आरडीएसओ/2013/ईएम/एसपीईसी/0016 (आरईवी–2)–2025 के अनुसार जी+1, 20 यात्री/1360 किग्रा क्षमता, 1 मीटर/सेकंड की गति वाली गियरलेस और एमआरएसएल एलिवेटर का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और रखरखाव, मशीन एसीपीएमएसएम गियरलेस, माइक्रोप्रोसेसर आधारित फुल कलेक्टिव कंट्रोलर, वीवीवीएफ ड्राइव, सीएमई कंपोनेंट और स्टेनलेस स्टील (1.5 मिमी) स्क्रैच–रेसिस्टेंट फिनिशिंग आदि आईएस 14665 के अनुसार डाइमेंशन, साथ ही एआरडी ओवरलोड प्रोटेक्शन, लैंडिंग पर एसएमएस और अलर्ट सिस्टम दोनों में सीसीटीवी। (**वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तिथि के बाद 30 माह), (**इंस्पेक्शन एजेंसी:** टीपीआई, **स्टेज इंस्पेक्शन:** नहीं, **स्टेज:** 0), (**यूवीएएम लिंकिंग**), **आइटम का प्रकार:** गुड्स (आपूर्ति)। । **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹64,30,221.20/–, **निविदा दस्तावेज की लागत :** ₹0(शून्य), **बयाना राशि जमा :** ₹128,610.00/–, **ऑफर की वैधता दिन :** उसके बाद 90 दिनों के भीतर। **ई–निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख :** 10–अगस्त–26, प्रातः 11:00 बजे। **ई–निविदा खोलने का समय और तारीख :** 10–अगस्त–26, प्रातः 11:30 बजे। निविदा को ई–निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई–निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। SNP-155

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

# काचरिया देव में सड़क पर जलभराव से ग्रामीण परेशान, कांग्रेस नेताओं ने लोकनिर्माण विभाग को कराया अवगत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़



बरखेड़ादेव से झारड़ा मार्ग पर स्थित काचरिया देव में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हल्की बारिश में ही सड़क पर जलभराव की गंभीर स्थिति बन जाती है। इससे ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को काचरिया देव के ग्रामीणों ने अपनी समस्या से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा एवं जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा को अवगत कराया। सूचना मिलते ही दोनों नेता मौके पर पहुंचे, स्थिति का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं।

इसके बाद कांग्रेस नेता शर्मा और मालेचा ने मंदसौर पहुंचकर लोकनिर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री जैन से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रत्येक बारिश में सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विभाग से मांग की कि इस समस्या का तत्काल स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

इस अवसर पर दशरथ, जगदीश जाट, खुमानसिंह, भगतराम भाटी, भंवरलाल भाटी, विनोद भाटी, प्रभुलाल भाटी, दशरथ भाटी, रामेश्वर भाटी, सूरजमल भाटी, कन्हैयालाल भाटी, प्रकाश भाटी, शांतिबाई, साबुबाई, मुरली जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आईसीएआई का तीन दिवसीय एआई सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न

**49 सीए सदस्यों को मिला प्रशिक्षण**



**मन्दसौर।** डिस्ट्रिक्ट ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई द्वारा मंदसौर में तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया, जिसे क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रतिसाद प्राप्त हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, जयपुर, प्रतापगढ़ एवं रतलाम से कुल 49 चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रथम दिन विशेषज्ञ फैकल्टी सीए रिशीर सोनी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। दूसरे दिन सीए आशीष सचदेव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावसायिक उपयोग एवं आधुनिक तकनीकी उपकरणों पर मार्गदर्शन दिया, जबकि अंतिम दिन सीए मेघा धानुका ने प्रतिभागियों को एआई के उन्नत विषयों एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। शाखा अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में तकनीक तेजी से बदल रही है और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता बन गया है। शाखा सचिव सीए अर्पित मेहता ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से सीए सदस्यों को एआई एवं उभरती तकनीकों के व्यावसायिक उपयोगों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें प्रतिदिन छह घंटे के तकनीकी सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी गई।

# सरकार की लापरवाही से खाद के लिए सड़कों पर भटक रहा अन्नदाता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़

खरीफ सीजन अपने चरम पर है, लेकिन खेतों में फसल की चिंता करने वाला किसान आज खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। मंदसौर जिले की सहकारी समितियों में अव्यवस्था, पोर्टल की त्रुटियां, गिरदावरी की गलतियां और खाद की कमी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। यह स्थिति किसी एक गांव या एक किसान की नहीं, बल्कि पूरे जिले के हजारों किसानों की है।

ताजा मामला मल्हारगढ़ के किसान शिवप्रकाश मांदलिया का सामने आया है। उन्होंने अपनी भूमि पर मक्का फसल का विधिवत पंजीयन कराया, लेकिन जब मल्हारगढ़ विपणन सहकारी संस्था में खाद लेने पहुंचे तो उन्हें यह कहकर वापस लौटा दिया गया कि राजस्व विभाग की गिरदावरी में उनकी फसल सोयाबीन दर्ज है। सवाल यह है कि यदि सरकारी रिकॉर्ड में गलती हुई है तो उसकी सजा किसान को क्यों दी जा रही है? किसान ने अपना कर्तव्य निभाया, लेकिन विभागों की लापरवाही का खामियाजा वही भुगत रहा है।

किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने कहा कि आज किसान खेत छोड़कर समितियों और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाद नहीं मिल रही। समय पर खाद नहीं मिलने से फसल प्रभावित होगी, उत्पादन घटेगा और किसान आर्थिक संकट में चला जाएगा। सरकार बार-बार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान को खेती के लिए आवश्यक खाद तक समय पर उपलब्ध नहीं हो रही।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता को अपमानित करना किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्म की बात है। जो किसान पूरे देश का पेट भरता है, आज वही अपने खेत बचाने के लिए सरकारी व्यवस्था के सामने बेबस खड़ा है। यदि यही हाल रहा तो इसका खामियाजा केवल किसान ही नहीं, बल्कि पूरा देश भुगतेगा।

श्यामलाल जोकचंद ने शासन-प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल सभी तकनीकी त्रुटियों का निराकरण कर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी किसान को पंजीयन या गिरदावरी की गलती के नाम पर परेशान न किया जाए। अन्यथा किसान सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होंगे।

"साथियों, यदि आज भी हम अपने हक और सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। वे पूछेंगी कि जब देश के अन्नदाता पर अन्याय हो रहा था, तब आप क्या कर रहे थे? इसलिए समय आ गया है कि किसान जाति, दल और विचारधारा से ऊपर उठकर अपने अधिकारों के लिए संगठित हों। संघर्ष ही किसानों के सम्मान और भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है।"

न्यूज कालम



## नीमच यातायात प्रभारी बडगुर्जर को पदोन्नति पर दी शुभकामनाएं

**एसपी राजेश व्यास,सीएसपी ने बेज लगाकर दी बधाई**

**नीमच।** प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में सूबेदारों की पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है। मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा पदोन्नति नियम 2025 के तहत नीमच की जागरूक मुस्तैद यातायात प्रभारी सूबेदार सोनू बडगुर्जर को रक्षित निरीक्षक आर आई के पद पर पदोन्नत किया गया है। नीमच में यातायात नियमों का सक्रियता के साथ कठोरता से पालन करवाने हैतू अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुकी यातायात प्रभारी सोनू बडगूजर को पदोन्नति पर सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों में प्रसन्नता व्याप्त हुई 13 जुलाई को नीमच एसपी कार्यालय में जिला पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल ने सोनू बडगुर्जर के कांधों पर बेज (तीन सितारे ) लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। ज्ञात रहे कि यातायात प्रभारी सूबेदार सोनू बडगुर्जर अपनी कार्यशैली और बेहतरीन यातायात पुलिसिंग के लिए पहचानी जाती हैं। सभी सहकर्मियों और शुभ चिंतको ने उनको बधाई दी है और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दशपुर इनरव्हील क्लब मन्दसौर ने मरीजों के लिए भेंट की टीवी




**मन्दसौर।** शासकीय डायलिसिस सेंटर मंदसौर में इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर द्वार डायलिसिस पर निर्भर मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए केंद्र में एक टीवी सेट भेंट किया गया। चूँकि डायलिसिस प्रक्रिया के दौरान मरीजों को चार घंटे तक मशीन से जुड़े रहना पड़ता है और यह समय उनके लिए तनावपूर्ण हो सकता है, इसलिए टीवी लग जाने से मरीज मनोरंजन कार्यक्रम, भजन और अन्य प्रेरक सामग्री देख सकेंगे, जिससे उनका ध्यान बीमारी की चिंता से हटकर सकारात्मकता की ओर रहेगा। क्लब की अध्यक्ष सोनम मेहता ने बताया कि यह सेवा कार्य क्लब की सभी सदस्यों के आपसी सहयोग का परिणाम है। इस दौरान सचिव सुरक्षा चौधरी, कोषाध्यक्ष राखी परवाल, आई.एस.ओ. नेहा डोसी, पीनल भूता, टीना वर्मा आदि भी उपस्थित रही।

## बीएस सिसौदिया बने पेंशनर महासंघ के जिला संयोजक



**मन्दसौर।** भारतीय मजदूर संघ भोपाल से इंजीनियर बीएस सिसौदिया को सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ का मंदसौर जिले का संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पी एन तिवारी के निर्देशन में महामंत्री सुरेश चंद्र बादल द्वारा हस्ताक्षरित नियुक्ति पत्र जारी होने की जानकारी मिलते ही संगठन और स्थानीय विभिन्न समितियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस उपलब्धि पर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस), दशपुर जागृति संगठन, कांकरवा बालाजी समिति के विभिन्न पदाधिकारियों आदि ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## अवैध मादक पदार्थ एमडी और डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप डाँगी और उनकी टीम ने दलौदा-महू-नीमच हाईवे रोड पर सांवरिया गौशाला के पास घेराबंदी करके फिरोज (22) पिता अब्दुल रहमान निवासी अभिनंदन कॉलोनी, मंदसौर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रु.) और उसकी पीठ पर टंगे बैग से 2 किलोग्राम पिसा हुआ डोडाचूरा (कीमत करीब 4 हजार रु.) बरामद किया गया। पुलिस ने उक्त मादक पदार्थ और एक मोबाइल जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले थाना दलौदा पर विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज पाया गया है।

## गंदगी पाई जाने पर संबंधित क्षेत्र के दरोगा भी होंगे दंडित-सीएमओ

**नीमच।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने सोमवार १३ जुलाई को स्वास्थ्य अधिकारी के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता पर्यवेक्षकों (दरोगा) को अपने-अपने क्षेत्र में पर्याप्त सफाई व्यवस्था रखने, समय पर कचरा उठवाने एवं नाले व नालियों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। श्रीमती बामनिया ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में गंदगी पाई गई तो उस क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षक (दरोगा) के खिलाफ भी कार्यवाही की जावेगी। श्रीमती बामनिया ने स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षकों को भी प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान

**रतलाम।** सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व वार्ड क्रमांक 3 स्थित संध्या हाई सेकेंडरी स्कूल, जवाहर नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की आईईसी टीम ने विद्यालय की छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आईईसी टीम ने छात्राओं को हाथ धोने की सही विधि (हैण्ड वॉश टेक्नीक) का व्यवहारिक प्रदर्शन कर बताया कि भोजन करने से पहले, शौचालय के उपयोग के बाद तथा किसी भी प्रकार की गंदगी के संपर्क में आने के पश्चात साबुन से कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोना क्यों आवश्यक है।



## राम मंदिर ट्रस्ट की वित्तीय पारदर्शिता की मांग को लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**ब्यावरा-राजगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा के तत्वाधान में बुनियादी पाठशाला मंडलम के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने वैष्णो देवी मंदिर पर तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन, आय-व्यय एवं श्रद्धालुओं द्वारा दी गई दान राशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं, इसलिए मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली भी पूर्णतः पारदर्शी एवं जवाबदेह होना आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई कि ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन, आय-व्यय एवं दान राशि के उपयोग की किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी अथवा उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। यदि जांच में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी ने बताया कि यह अभियान करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े संस्थान में वित्तीय पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो कि 15 जुलाई तक चलेगा जिसमें पूरे जिले की प्रत्येक पंचायत व वॉर्ड स्तर पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## आगामी बारिश में गंदे पानी की आशंका, नायन फिल्टर प्लांट की सफाई की गई



**खाचरौद।** नगर पालिका ने आगामी मानसून में पेयजल आपूर्ति को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। बारिश के मौसम में नलों से गंदे पानी आने की संभावना को देखते हुए नायन स्थित फिल्टर प्लांट की व्यापक सफाई का कार्य कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान जल स्त्रोतों में मिट्टी और कचरा मिल जाने से पानी गंदा होने की समस्या सामने आती है। इसी को रोकने के लिए प्लांट के सभी फिल्टर बेड, टैंक और पाइपलाइनों की सफाई की गई। अध्यक्ष गोविंद भरावा ने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना परिषद की पहली प्राथमिकता है। सफाई कार्य के बाद पानी की गुणवत्ता की जांच भी कराई जाएगी ताकि मानसून में किसी तरह की परेशानी न हो। नगर पालिका अध्यक्ष भरावा ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों की टंकियों की सफाई समय पर करवा लें और पानी को उबालकर ही पीएं, पानी को व्यर्थ ना बहावे, नलो में टोटियां लगावें।

## श्री राजेंद्र जयंत सेन विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया गया इन्वेस्टीचर सेरेमनी



खाचरोद। श्री राजेंद्र जयंत सेन विद्यापीठ, खाचरोद में आज इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशनल ऑफिसर गुरुदत्त जोशी थे। विशिष्ट अतिथि एवं प्रबंधन समिति सदस्य के रूप में अजय वागरेचा , ज्ञानचंद मेहता , धर्मचंद नांदेचा, अजय भंडारी एवं सुधीर मेहता उपस्थित रहे। समारोह में नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्य अतिथि गुरुदत्त जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेतृत्व का अर्थ सेवा करना है। अनुशासन और ईमानदारी से ही एक अच्छा लीडर बनता है।₹ उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया।

## सनातन पुजारी न्याय यात्रा के आयोजन में क्षैत्र के पुजारी भी हुए शामिल

**महिदपुर रोड।** उज्जैन में श्री वैष्णव बैरागी समाज चतुः सम्प्रदाय, मध्यप्रदेश एवं प्रदेश के विभिन्न पुजारी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में सनातन पुजारी न्याय यात्रा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पुजारी भी शामिल होने पहुंचे यात्रा में शामिल पुजारियों के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर ज्ञापन देकर पुजारियों की मूलभूत समस्याओं एवं अधिकारों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से रखी जिनमें प्रदेश के समस्त पुजारियों को संपूर्ण कृषक का दर्जा प्रदान करने मंदिरों की भूमि की नीलामी पर पूरी तरह रोक लगाने गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा प्रदान करने मठ एवं मंदिरों को सरकारी करण से पूर्णतः मुक्त रखे जाने पुजारियों के सम्मान, सुरक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक अधिकारों की रक्षा हेतु विशेष नीति बनाने की मांग की। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ राजस्थान, गुजरात, हरियाणा आदि राज्यों से भी बड़ी संख्या में विभिन्न मंदिरों के पुजारी शामिल हुए।

### कांग्रेस ने 20 किमी लम्बी पदयात्रा निकाली

# क्षेत्र की जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों एवं अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



विधानसभा क्षेत्र की अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरसौदकला, बड़नगर शहर कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष के संयुक्त निर्देशन में श्री फुलेश्वचर महोदव मंदिर ग्राम खरसौदकलॉ से बडनगर तक 20 किलोमीटर लम्बी पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के समापन पर महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र पाराशर को सौंपा गया।

यात्रा संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़के अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्राम खरसौदकला, जांदला, अमला, पीरझलार, हरनावदा, पलदूना, पलवा आदि की सड़के लम्बे समय से गड्ढो में तब्दील हो चुकी है। जिससे प्रतिदिन हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं मरीजों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में सड़क पर जलभराव होने से दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ गई है, अनेक बार संबंधित विभाग एवं प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है। इसके साथ ही खाद वितरण में टोकन प्रक्रिया अत्यंत जटिल है। इन सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

**पदयात्रा में ये रहे उपस्थित**

पदयात्रा में बड़नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसुदन भारद्वाज, खरसौदकला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनोखीलाल राठौड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेश पटेल, प्रेमचंद द्वितीय, श्रवण पाटीदार, अमजद खान, युनुस पटेल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष भानुप्रतापसिंह, मण्डलम अध्यक्ष जसवंतसिंह, सुमेरसिंह, महेश राठौड़, तरूण परमार, जालमसिंह हाड़ा, गौरव उपाध्याय, मोमिन पटेल, मनमोहनसिंह, ललित जानी, अनोप पाटीदार, जसवंतसिंह, अभिषेकसिंह, भंवरसिंह, मोहनसिंह, लखन चौधरी सहित सैकड़ो ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। ज्ञापन का वाचन मधुसुदन भारद्वाज द्वारा किया गया।

### 100 केवी एवं 200 केवी क्षमता की नई डीपी लगाई

# लोगों को लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली बाधित होने की परेशानी से मिली राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



विगत कई महीनों से बजरंग कॉलोनी सहित पूरे नगर में लगातार बनी हुई विद्युत आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी।लंबे समय से क्षेत्रवासी लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली बाधित होने एवं शाम के समय अंधेरे की समस्या से जूझ रहे थे।जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा था।

जनहित के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर अर्पित बेकारिया ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ विद्युत विभाग के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इसके स्थायी समाधान की लगातार मांग की। जनहित से जुड़े मामले को सांसद अनिल फिरोजिया को भी अवगत कराया गया जिसमे नगर की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अलग स्थायी डीपी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

सांसद द्वारा 100 केवी एवं 200 केवी क्षमता की नई डीपी लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके बाद इसका कार्य पूर्ण हुआ और अब इसका सकारात्मक परिणाम क्षेत्रवासियों को मिलने लगा है।नई डीपी स्थापित होने से बजरंग कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पहले की अपेक्षा अधिक सुचारु और स्थिर हुई है। विशेष रूप से बजरंग कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर, जहां प्रतिदिन शाम होते ही अंधेरा छा जाता था और लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहां अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो गया है।क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अर्पित बेकारिया ,सांसद अनिल फिरोजिया के सहयोग की सराहना की।

## जल जीवन मिशन का कार्य तीन साल बाद भी अधूरा, ग्रामीण परेशान

**जगोटी।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को कतिपय बड़े अधिकारियों की अनदेखी व ठेकेदार के धीमी गति व स्तरहीन कार्य से पलीता लग रहा है, तीन साल पहले हर घर घर नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकांश गांवों में सीमेंट कांक्रीट की खोदी गई आंतरिक सड़कों को जर्जर कर जहां गांवों का आंतरिक सौंदर्य नष्ट कर दिया गया वहीं गांव में आवागमन भी पीड़ादायक बना दिया है। महिदपुर तहसील के बड़े गांव जगोटी में तीन साल बाद भी दो तिहाई आबादी नलों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति नहीं कर पा रही है अधिकांश घरों तक नल कनेक्शन का काम भी पूरा नहीं हो पाया है, तीन साल पहले जिन घरों में कनेक्शन दिए थे उनमें से आधे से अधिक पाइप की छड़ें टूट गई है एक तिहाई आबादी को नलों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है वहां पर भी मुख्य पाइप लाइन जगह जगह लीकेज होने से सड़कों पर पानी व्यर्थ बह रहा है। जनपद पंचायत महिदपुर की पिछली बैठक में जनपद सदस्य जगदीश पंवार ने यह मुद्दा उठाया व ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। जल जीवन मिशन के तहत अधिकांश गांवों के यही हाल है, पीएचई व जल निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जहां गांवों में पेयजल आपूर्ति का काम बेहद धीमी गति से हो रहा है वहीं सी एम हेल्प लाइन पर गुणवत्ता विहीन कार्यों की आधा दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज हुई है।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ महाप्रसादी के साथ समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया

स्थानीय सनातन चौक में टीनशैड परिसर में चल रही सात दिवसीय कथा में कथावाचक संत गोपालकृष्ण महाराज ने कथा के अंतिम दिन राजा परीक्षित की मोक्ष के बारे में बताया वहीं कृष्ण सुदामा चरित्र के बारे में प्रसंगों में आगे कहा कि सुदामा श्री कृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा इतना बड़ा आदमी नहीं हूं केवल द्वारिकाधीश को बता देना कोई दीवाना आया है और नाम सुदामा बता रहा है श्री कृष्णा में सुदामा को अपने गले से पर लगाए और अपने महल में ले गए वही कथा प्रसंग में आगे राजा परीक्षित के बारे में यह बताया में परीक्षित ने अपने जीवनकाल में कई अश्वमेघ यज्ञ किए और एक प्रतापी राजा के रूप में शासन किया। शक्तिशाली राजा बने, लेकिन एक ऋषि के श्राप के कारण तक्षक नाग के काटने से उनकी मृत्यु हुई शुकदेव मुनि ने उन्हें सात दिनों तक भागवत कथा सुनाई, जिससे राजा परीक्षित का मन सांसारिक मोह से हट गया और उन्हें मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति हुई।

### कृषि एवं किसान हित में समर्पित सेवाओं को मिला सम्मान

# कृषि विकास अधिकारी अग्निहोत्री का सेवानिवृत्ति समारोह में किया अभिनंदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदय कुमार अग्निहोत्री के सेवानिवृत्ति अवसर पर आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में नगर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, किसानों तथा व्यापारियों ने उपस्थित होकर उनके दीर्घकालीन सेवाकाल का अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने कहा कि उदयकुमार अग्निहोत्री ने अपने सेवाकाल में कृषि एवं किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचित कृषि क्षेत्र में हुई उल्लेखनीय वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने वाले कर्मठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिणाम है। अग्निहोत्री जैसे निष्ठावान अधिकारी सरकार और किसानों के बीच मजबूत सेतु बनकर कार्य करते रहे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शांतिलाल धाबाई, मुरली मोरवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विराग मिश्रा, नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के उज्जैन केंद्रीय समिति के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, डॉ. गणपति प्रसाद अग्निहोत्री,कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष मनोहर गिरी कृषि विभाग के जिला अधिकारी कमलेश राठौड़ एवं जी आर मुवेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अग्निहोत्री के सरल व्यक्तित्व, प्रशासनिक दक्षता तथा किसान एवं कृषि आदान विक्रेताओं के साथ उनके आत्मीय संबंधों की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। विशेष वक्ता के रूप में पूर्व सेल टैक्स अधिकारी कमिश्नर डॉ. धर्मपाल शर्मा ने अग्निहोत्री के पारिवारिक संस्मरण साझा करते हुए उनके मानवीय एवं सामाजिक पक्ष पर प्रकाश डाला। वहीं कर्मचारी नेता घनश्याम पाठक ने कर्मचारी हितों एवं विभागीय कार्यों में उनके सहयोग और नेतृत्व की विस्तार से चर्चा की।

### रवि प्रदोष एवं वृद्धि योग के शुभ संयोग में स्थापित हुए 11 अमृत कुंभ

# 23 अगस्त को 18वीं चुनरी यात्रा की तैयारियों का हुआ शुभारंभ, 251 फीट चुनरी अर्पित करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा




नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा की तैयारियों का शुभारंभ रविवार को रवि प्रदोष व्रत एवं वृद्धि योग के पावन संयोग में किया गया। सामाजिक समरसता मंच एवं चुनरी यात्रा आयोजन समिति द्वारा माँ चामुंडा मंदिर परिसर में विधि-विधान से 11 अमृत कुंभों की स्थापना कर क्षेत्र में उत्तम वर्षा, किसानों की समृद्धि, भरपूर कृषि उत्पादन, आर्थिक उन्नति, सुख-शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की गई।

धार्मिक अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। आयोजन समिति ने बताया कि इन अमृत कुंभों की स्थापना आगामी 23 अगस्त को आयोजित होने वाली नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा के शुभारंभ का प्रतीक है। चुनरी यात्रा के अवसर पर भगवान शिव का दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक करने के पश्चात माँ चंबल को श्रद्धापूर्वक 251 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी।

इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के गिरधारी सिंह शेखावत, राजेंद्र कांठेड़, गोपाल सलूजा, पंकज नामदेव, गिरधारी चौधरी, अशोक शर्मा, रमेश पाल एवं निलेश मेहता उपस्थित रहे।

आयोजन समिति ने बताया कि इस वर्ष माँ चंबल को अर्पित की जाने वाली 251 फीट लंबी चुनरी सामाजिक समरसता मंच के अशोक शर्मा एवं उनके परिवार द्वारा श्रद्धाभाव से भेंट की जाएगी। समिति ने नगरवासियों से 23 अगस्त को आयोजित होने वाली चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। जानकारी सामाजिक समरसता मंच के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।



## सामाजिक संस्था ने 200 बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री

**नागदा।** नव किरण सामाजिक संस्था ने लगातार सातवें वर्ष बिना किसी शासकीय अथवा बाहरी सहयोग के ग्राम टकरवाड़ा में 200 बच्चों को पेन, पेंसिल, कॉपी, चॉकलेट एवं खिलौनों सहित शिक्षण सामग्री वितरित की। साथ ही ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत संस्था सदस्यों ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में रितु पांडे, रानी पोरवाल, उर्मिला डांगरा, अन्नपूर्णा शर्मा, श्यामल पोरवाल, श्रीकांत अग्रवाल, सरोज पोरवाल, अनीता सेठिया, हेमलता पोरवाल, सुमन बाथम, साधना शर्मा, रीता राठौर, दुर्गा लीलानी, शारदा मोगरा, सरोज अग्रवाल, किरण पोरवाल, चेतन उपाध्याय, पल्लवी प्रजापत, सोनू चौधरी, इंद्र कुमार शेखावत, हेमा अग्रवाल, स्वाति कटिहार, स्नेहलता तोषण एवं अंजू अग्रवाल, कविता तिवारी उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष मीना अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

## पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा श्री जगन्नाथजी की रथयात्रा का आयोजन

**नागदा।** पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद, नागदा के तत्वावधान में बुधवार, 15 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथजी की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा श्री गोवर्धननाथ जी हवेली, नागदा से सायं 4 बजे श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथजी के दर्शन करने तथा अपने हाथों से भगवान का रथ खींचकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद, नागदा ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन रथयात्रा में परिवार सहित सम्मिलित होकर आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने की अपील की है।

## ब्राह्मण समाज की महासभा बैठक में शामिल होने जाएंगे स्थानीय समाज जन



**महिदपुर रोड।** अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ (म प्र.) प्रांतीय इकाई की 19 जुलाई को इंदौर में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के समर्थन में आयो जित साधारण सभा की बैठक एवं सम्मान समारोह में शामिल होने क्षेत्र के समाज जन भी इंदौर पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए समाज के स्थानीय प्रवक्ता पत्रकार गोपाल उपाध्याय ने बताया बैठक का मुख्य आकर्षण समाज की इंदौर महानगर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा इकाई की नई कार्यकारिणी को राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी द्वारा शपथ दिलाया जाना रहेगा इस दौरान समाज के विभिन्न वरिष्ठ समाज सेवियों का विशेष सम्मान किया जायेगा। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सहित प्रद्युम्न जोशी, पंडित राजेश त्रिवेदी एवं संपूर्ण प्रांतीय कार्यकारिणी, अभा श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति अनिल पुरोहित आदि उपस्थित रहेंगे।

## रेलवे फाटक के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**मक्सी।** शाजापुर जिले के मक्सी रेलवे फाटक के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ा। घायल की पहचान बलडिया सोन निवासी रितिक के रूप में हुई है, जो उज्जैन में मजदूरी करता है। हादसे में उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मक्सी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका उपचार जारी है।

## अशोक पोरवाल के निधन पर विधायक जैन ने शोक व्यक्त किया



**महिदपुर रोड।** नगर जांगड़ा पांच पोरवाल समाज के अध्यक्ष शिवनारायण पोरवाल (काला) के भाई अशोक पोरवाल (काला) के निधन पर उनके निवास स्थान पर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश जैन बॉस ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की यह दौरान विधायक जैन के साथ पत्रकार प्रकाश जैन संदीप भंडारी व अन्य उपस्थित रहे

## आज से आषाढ़ गुप्त नवरात्रि मंदिरों में होगी विशेष पूजा अर्चना

**महिदपुर रोड।** बुधवार से आषाढ़ गुप्त नवरात्रि प्रारंभ होने जा रही है शारदीय नवरात्रि की तरह आषाढ़ माह में आने वाली गुप्त नवरात्रि का भी अपना विशेष महत्व है पंडित अशोक पांडे पंडित ओमप्रकाश शर्मा पंडित अमृतलाल शर्मा पंडित पुरुषोत्तम भट्ट ने बताया गुप्त नवरात्रि के दौरान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ विभिन्न आयोजन संपन्न किये जाते हैं तंत्र-मंत्र साधना तथा शारीरिक पीड़ाओं शत्रु बाधा से पीड़ित व्यक्तियों के लिये गुप्त नवरात्रि का बड़ा महत्व है।

# स्ट्रैटनिंग ब्रश : गर्ल्स का परफैक्ट ब्यूटी पार्टनर





## इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं।

कालेज, औफिस या दोस्तों के साथ आउटिंग हो तो हर मौके पर लड़कियां चाहती हैं कि उन के बाल मिनटों में सलीकेदार और स्टाइलिश दिखें। यही वजह है कि स्ट्रैटनिंग ब्रश तेजी से उन का पसंदीदा हेयर टूल बनता जा रहा है। इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं। कुछ ही मिनटों में फ्रिज कम हो जाता है और बाल मुलायम व चमकदार दिखने लगते हैं। यही कारण है कि व्यस्त दिनचर्या वाली युवतियों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।

### बाजार में हैं कई औप्शन

सही तापमान पर और हीट प्रोटैक्टेंट के साथ इस्तेमाल करने पर स्ट्रैटनिंग ब्रश न केवल समय बचाते हैं, बल्कि हर दिन खूबसूरती और आत्मविश्वास भी देते हैं। स्ट्रैटनिंग ब्रश बालों को एकसाथ सुलझाते और सीधा करते हैं, जिस से समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। इन से बालों में प्राकृतिक वौल्यूम बना रहता है, इसलिए लुक अधिक नैचुरल दिखता है।

### कैसे करें उपयोग

बालों को सुखा कर हीट प्रोटैक्टेंट लगाएं, फिर बालों को छोटेछोटे सैक्शन में बांट कर ब्रश को जड़ों से सिरों तक धीरेधीरे चलाएं। पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में इन में जलने का खतरा कम होता है, इसलिए शुरूआती उपयोगकर्ता भी इन्हें आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। यात्रा के दौरान भी ये सुविधाजनक रहते हैं क्योंकि इन्हें जल्दी पैक किया जा सकता है और कुछ ही मिनटों में स्टाइलिंग पूरी हो जाती है। ट्रैवल में ले जाना आसान कौम्पैक्ट डिजाइन के कारण स्ट्रैटनिंग ब्रश आसानी से हैंडबैग या ट्रैवल बैग में रखा जा सकता है। यात्रा के दौरान भी कुछ ही मिनटों में बालों को सलीकेदार लुक देना बेहद आसान हो जाता है। कई मौडल्स में रिचार्जेबल और कौर्डलैस (बैटरी से चलने वाले) विकल्प उपलब्ध हैं, जिस से स्टाइलिंग के लिए पावर साकेट पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

# मानसून बालों को हैल्दी रखने के लिए जरूरी है सही शैम्पू का चुनाव...

ब्यूटीफुल हेयर हमारी पर्सनेलिटी को निखारते हैं। यही वजह है कि बालों का झड़ना, टूटना, उलझना जैसी प्रौब्लमस से हर महिला परेशान हो जाती है, लेकिन बालों की सही देखभाल और बैलेंस व हेल्दी डाइट लेने से इन प्रौब्लम्स से बचा जा सकता है।

**ब्यूटीफुल** हेयर हमारी पर्सनेलिटी को निखारते हैं। यही वजह है कि बालों का झड़ना, टूटना, उलझना जैसी प्रौब्लमस से हर महिला परेशान हो जाती है, लेकिन बालों की सही देखभाल और बैलेंस व हेल्दी डाइट लेने से इन प्रौब्लम्स से बचा जा सकता है। इसी प्रौब्लम को लेकर ओरिफ्लेम इंडिया की हेयर ऐक्सपर्ट पल्लवी सहगल कहती हैं कि बालों पर मौसम का भी असर पड़ता है। मौनसून के मौसम में बारबार गीले हो जाने की वजह से बाल उलझ जाते हैं। जिससे वह ज्यादा झड़ने लगते हैं। 60 से 100 बालों का प्रतिदिन झड़ना कोई खास चिंता की बात नहीं। पर 100 से ज्यादा बालों का रोजाना झड़ना चिंता की बात होती है। बालों की तरह-तरह की प्रौब्लम्स के चलते शैंपू के चुनाव में सावधानी बरतना जरूरी है। इसके लिए कुछ खास टिप्स के बारे में आज हम आपको बताएंगे

### ग्रीसी हेयर के लिए अपनाएं ये शैम्पू

अगर आप के हेयर ग्रीसी हैं तो मार्केट में कई प्रकार के ग्रीसी हेयर शैंपू मिलते हैं, जो ग्रीसी हेयर को ठीक कर सकते हैं। बारबार आम शैंपू लगाने से बालों और स्कैल्प का औयल कम हो जाता है, जिस से बालों में डैंड्रफ हो जाता है और उन का झड़ना भी बढ़ जाता है। अतः इस मौसम में बाहर जाने से पहले सीरम जरूर प्रयोग करें।

### हेयर टैक्स्चर के बेस पर चुनें शैम्पू

शैंपू हेयर टैक्स्चर के आधार पर प्रयोग करें। कई बार पूरा परिवार एक ही शैंपू का प्रयोग करता है, जो ठीक नहीं। अगर आप ने हेयर कलर किए हैं तो उस शैंपू का प्रयोग करें, जो कलर न उतारे और यदि बालों में डैंड्रफ है, तो डैंड्रफ हटाने वाले शैंपू का प्रयोग करें। इसी तरह अगर बाल डैमेज हो रहे हों तो हेयर रिपेयर करने वाले शैंपू का प्रयोग करें। शैंपू खरीदने से पहले बालों का टैक्स्चर अवश्य जान लें। कई बार महिलाएं कर्ली बालों को फ्रीजी बाल समझती हैं।

### मौनसून में हेयर औयलिंग है जरूरी

मौनसून में हेयर औयलिंग बहुत आवश्यक है। इस से बेजान बालों में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है। उन की ग्रोथ बढ़ती है, क्योंकि मसाज से औयल बालों की जड़ों तक पहुंचता है। महीने में 2 बार 2 घंटों तक बालों में औयल लगा कर रखना पर्याप्त होता है। आजकल बाजार में औयल के गुण

# चेहरे की झुर्रियां झट से होगी गायब



ग्रीन टी का सेवन न सिर्फ आपके सेहत के लिए फायदेमंद है बल्कि ये त्वचा और बालों के लिए काफी लाभदायक है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते है। इसके साथ ही ग्रीन टी में विटामिन और मिनरल जैसे पोषक तत्व होते है। दरअसल, ग्रीन टी में पॉलीफेनोल्स होते हैं। ग्रीन टी आपको झुर्रियों से बचाने में भी मदद करती है। ये आपकी त्वचा को हेल्दी बनाए रखने का काम करती है।

## ग्रीन टी का ऐसे करें इस्तेमाल

### ग्रीन टी और नारियल तेल

ग्रीन टी बनाकर इसे थोड़ी देर ठंडा होने के लिए रख दें। अब एक बाउल में थोड़ा सा नारियल का तेल लें। इसमें 2 चम्मच ग्रीन टी मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर 5 से 6 मिनट के लिए लगाएं । इसे 20 मिनट के लिए त्वचा पर लगा रहने दें। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें ।आप हफ्ते में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ग्रीन टी और एवोकैडो-** आप अपनी त्वचा के लिए ग्रीन टी और एवोकैडो का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप एक बाउल में एवोकैडो को काटकर मैश कर लें। अब इसमें 2 से 3 चम्मच ग्रीन टी मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं। अब इन चीजों से कुछ देर के लिए चेहरे और गर्दन की मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए स्किन पर लगा रहने दें। इसे 20 से 30 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद त्वचा को सादे पानी से धो लें।




### न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

# जेडेन ने 19 रन देकर 5 विकेट लिए 3 मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हरा दिया है। गयाना में खेले गए इस मैच में जेडेन लेनोक्स के फाइव विकेट हॉल की बदौलत न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को महज 138 रनों पर समेट दिया।

वेस्टइंडीज की टीम ने अपने आखिरी 10 विकेट सिर्फ 75 रन के अंदर गंवा दिए। 139 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 5 विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जेडेन लेनोक्स इस मैच के सबसे बड़े हीरो रहे। उन्होंने सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले खेले गए 6 वनडे मैचों में लेनोक्स कभी भी 2 से ज्यादा विकेट नहीं ले पाए थे। उनके पहले चार विकेट क्लीन बोल्ड के रूप में आए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही लेनोक्स न्यूजीलैंड के पुरुषों के वनडे इतिहास में तीसरे सबसे बेस्ट आंकड़े दर्ज करने वाले स्पिनर बन गए हैं।

### 63 रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद बिखरी वेस्टइंडीज

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद शानदार रही थी। ओपनर जॉन कैंपबेल और अकीम ऑगस्टे ने पहले विकेट के लिए 63 रनों की मजबूत पार्टनरशिप की। पावरप्ले के आखिर में दोनों ने तेजी से रन बनाए, लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने मैच का रुख बदल दिया। माइकल ब्रेसवेल ने पहली सफलता दिलाई, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने लगातार विकेट गंवाए। टीम 138 रन पर ऑलआउट हो गई। जॉन कैंपबेल ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। अमीर जांगू ने 20 रन की पारी खेली, जबकि बाकी कोई बल्लेबाज 20 रन तक नहीं पहुंच सका। कप्तान मिचेल सेंटनर ने भी दो अहम विकेट लिए। उन्होंने जॉन कैंपबेल और पिछले मैच के हीरो कीसी कार्टी को क्लीन बोल्ड किया। न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने इस मुकाबले में कुल 9 विकेट लिए।

# खतरे में फुटबॉलर्स का दिमाग, हेडर मारने से सिकुड़ा ब्रेन

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

फुटबॉल खेलना न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहतरीन माना जाता है। लेकिन, एक नई स्टडी ने इस खूबसूरत खेल से जुड़े एक डराने वाले सच को उजागर किया है। रिसर्च में यह बात सामने आई है कि पूर्व पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ियों में अपनी मिड-लाइफ (30 से 60 वर्ष की आयु) में डिप्रेशन, एंग्जायटी (चिंता) और सोचने-समझने की क्षमता में कमी जैसी गंभीर समस्याएं आम लोगों की तुलना में कहीं ज्यादा पाई जाती हैं।

इंपीरियल कॉलेज ऑफ लंदन द्वारा की गई इस अहम स्टडी के नतीजे हाल ही में अल्जाइमर एसोसिएशन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में पेश किए गए।

# सूर्या की टीम में वापसी के रास्ते बंद नहीं: घरेलू क्रिकेट में रन बनाने होंगे



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सूर्यकुमार यादव की टीम इंडिया में वापसी हो सकती है। सूत्र ने बताया कि सूर्या के लिए दरवाजे अब भी खुले हैं। हालांकि वह अभी टीम की योजना का हिस्सा नहीं हैं। अगर वह घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाते हैं, तो वापसी संभव है।

टीम इंडिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले कप्तान सूर्या को खराब फॉर्म की वजह से आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से बाहर कर दिया गया था। उनसे कप्तानी भी छिन ली गई। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को नया टी-20 कप्तान बनाया है। सूर्या ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की 9 पारियों में 242 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ एक फिफ्टी लगाई। सूर्या का खराब फॉर्म क्द्धछ 2026 में भी जारी रहा। वे 13 पारियों में सिर्फ 270 रन ही बना सके। उनका औसत 20.76 रहा। सूर्या सीजन में सिर्फ 2 फिफ्टी लगा सके।

श्रेयस की कप्तानी में भारत लगातार दो टी-20 सीरीज हारी। पहले आयरलैंड के खिलाफ 2-0 से हार मिली। यह आयरलैंड की भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीत थी। इसके बाद इंग्लैंड ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 4-0 से हराया। सूर्या की कप्तानी जाने के बाद भारत एक भी मुकाबला नहीं जीत सका है।

## रेसलर के एक थप्पड़ से डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन बेहोश

**फिरोजपुर।** पंजाब में फिरोजपुर के रेसलर अमनप्रीत सिंह ने पावर स्लैप कंपीटिशन में डब्लूडब्लूई के पूर्व वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन जैक हेजर को एक थप्पड़ में बेहोश कर दिया। जैक हेजर पहले दो राउंड में बढ़त पर थे, लेकिन तीसरे राउंड में शेरा के एक जोरदार थप्पड़ ने उनको को नॉकआउट कर दिया।

जीतने के बाद मंच पर ही शेरा ने अपनी टी-शर्ट उतार जश्न मनाया। वहीं हेजर को करियर की पहली नॉकआउट हार का सामना करना पड़ा। पावर स्लैप 21 का ये मुकाबला 10 जुलाई 2026 को लास वेगास में हुआ। अमनप्रीत सिंह इससे पहले टीएनए रेसलिंग, डब्लूडब्लूई एनएक्सटी और ओवीडब्ल्यू हेवीवेट में खेल चुके हैं। वह रिंग में महाबली शेरा के नाम से फेमस हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन मोबाइल- 9981248359

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें । 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### 29 में से 15 टन चने की हेराफेरी, ड्राइवर पर केस, व्यापारी ने दर्ज कराई शिकायत

**इंदौर।** ट्रक से लाए जा रहे चने की खेप में हेराफेरी का मामला सामने आया है। व्यापारी की शिकायत पर सोमवार को भंवरकुआ पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि 29 टन चने में से करीब 15 टन चना रास्ते में गायब कर दिया गया। वजन बराबर दिखाने के लिए ट्रक में पत्थर और पानी की केन रख दी गई। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक पालदा स्थित एग्रो एलएलपी दाल मिल के संचालक राजुल सारडा ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शहर के व्यापारियों के ऑर्डर पर हरदा मंडी से पंजाब ट्रांसपोर्ट के माध्यम से 29 टन चना मंगाया था। 9 जुलाई को ट्रक इंदौर पहुंचा। फर्म के कर्मचारी धीरज जैन ने ट्रक की जांच की तो माल कम मिला। ट्रक के अंदर चने की जगह पत्थर और पानी की केन रखी हुई थीं। इसकी जानकारी तुरंत व्यापारी को दी गई। इसके बाद दूसरे कर्मचारी बालू को मौके पर भेजकर दोबारा वजन कराया गया।

### गांजा तस्कर और एमडी ड्रग्स मामले के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर नशे के नेटवर्क और सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 9 जुलाई को गोविंद नगर खारचा निवासी संजू पिता बिंदादीन पटेल को 3.526 किलोग्राम गांजा और एक पिट्ठू बैग के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच के दौरान रतलाम जिले के बोरखेड़ा निवासी अनुज पिता जितेंद्र उर्फ छोटू जैन की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अनुज के कब्जे से 3.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शहर में नशे के आदी लोगों को गांजा बेचने के लिए लेकर आता था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह गांजा किससे खरीदता था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था।

### महिला से चेन लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही महिला से सोने की चेन लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली गई है। डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि चार दिन पहले सुबह मल्हारगंज क्षेत्र में इंदिरा जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश उनकी सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे। आरोपियों की पहचान रोशन सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुखवीर सिंह निवासी आकाश नगर के रूप में हुई है। वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में पता चला कि आरोपी द्वारकापुरी, अन्नपूर्णा और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों से होते हुए मल्हारगंज पहुंचे थे। वारदात के बाद वे इसी रास्ते से वापस द्वारकापुरी क्षेत्र लौट गए। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर द्वारकापुरी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### विधवा महिला से गैंगरेप के चार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में एक विधवा महिला से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने पकड़े गए 4 आरोपियों का शहर के बीच बाजार में जुलूस निकाला और उनसे उठक-बैठक भी लगवाई। हालांकि, पुलिस ने अभी आरोपियों के नाम और पते उजागर नहीं किए हैं। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपियों को शहर के मुख्य रास्तों से पैदल ले जाया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के साथ काफी सख्ती बरती। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए बाजार और रास्तों पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और किसी भी हंगामे की स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के मुताबिक, यह मामला बोरी थाना क्षेत्र का है। इस वारदात में कुल आठ आरोपियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार चल रहे बाकी चार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार अलग-अलग जगहों पर छापे मार रही हैं।

### झाबुआ-पेटलावद में खरीफ फसलों पर संकट, 6 दिन से नहीं हुई बारिश

**झाबुआ।** झाबुआ-पेटलावद क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मानसून की बेरुखी के कारण किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। 8 जुलाई के बाद से क्षेत्र में बारिश पूरी तरह थम गई है, जिससे खरीफ फसलों पर संकट गहरा गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 8 जुलाई को 44.4 मिमी वर्षा के बाद से अब तक एक बूंद भी पानी नहीं गिरा है। 9 जुलाई से 14 जुलाई तक लगातार छह दिनों से वर्षा शून्य दर्ज की गई है। इसके चलते 1 जून से अब तक कुल वर्षा का आंकड़ा 182.0 मिमी पर ही स्थिर बना हुआ है। बारिश न होने और तेज धूप के कारण तापमान में भी वृद्धि हुई है। 14 जुलाई को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे फसलों की नमी तेजी से सूख रही है। इसका सबसे प्रतिकूल असर सोयाबीन की फसल पर पड़ रहा है। किसानों ने हल्की बारिश के भरोसे सोयाबीन की बुवाई तो कर दी थी, लेकिन अब पानी की कमी के कारण पौधों की वृद्धि रुक गई है। कई जगह पत्तियों पर भी खराब असर दिखने लगा है। जुलाई का आधा महीना बीत चुका है और सोयाबीन की फसल को कोपलें निकलने के समय पर्याप्त नमी की सख्त आवश्यकता है।

### महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का मामला पति, सास और ससुर पर केस दर्ज

**धार।** धार महिला थाने में बदनावर थाना क्षेत्र के ग्राम बामनिया रुण्ड्री की एक विवाहिता की शिकायत पर पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने 13 जुलाई को महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि शादी के बाद से पति, सास और ससुर लगातार दहेज में रुपए-पैसों की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। शिकायत के अनुसार, 4 जून 2026 को आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़िता ने महिला थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। महिला थाना पुलिस ने जांच के बाद मनीष पिता जगदीश कछावा, रेखाबाई पति जगदीश कछावा और जगदीश पिता बाबू कछावा, निवासी ग्राम बामनिया रुण्ड्री, थाना बदनावर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 296(ए), 115(2), 351(2), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज किया है।

### रिश्तेदार पति-पत्नी ने जमीन विवाद को लेकर बुजुर्ग की लकड़ी से पीट-पीटकर कर दी हत्या

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम आमखुट में जमीन विवाद के चलते एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मंगलवार को पुलिस ने वारदात में शामिल पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 13 जुलाई की है। ग्राम आमखुट के रहने वाले बुजुर्ग खुमसिंग (खुमान) अपने ही एक रिश्तेदार की खरीदी हुई जमीन पर फसल की बुवाई कर रहे थे। इसी बात को लेकर चंदरिया और उसकी पत्नी मनीबाई का बुजुर्ग से विवाद हो गया। गुस्साए पति-पत्नी ने बुजुर्ग पर लकड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे खुमसिंग की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की खबर मिलते ही कट्ठीवाड़ा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने तकनीकी और जमीनी साक्ष्यों की मदद से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर दबोच लिया। मृतक और आरोपी आपस में रिश्तेदार ही बताए जा रहे हैं। घटना को लेकर कट्ठीवाड़ा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी चंदरिया और उसकी पत्नी मनीबाई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 103(1), 115(2) और 3(5) के तहत गंभीर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

---

नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगें पूरी करने पर अड़े छात्रों ने तीन घंटे से अधिक समय की नारेबाजी

# रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे स्टूडेंट, सिर मुंडवाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर पिछले 14 दिन से प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट अब बड़े आंदोलन के मूड में आ चुके हैं। स्टूडेंट रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और गेट के सामने सड़क पर बैठ गए। दो घंटे से जोरदार प्रदर्शन किया। प्रशासन की तरफ से कोई सुनवाई न होने से नाराज स्टूडेंट ने सिर मुंडवाना शुरू कर दिया। वे नीट पेपर लीक में दोषियों पर कार्रवाई सहित 23 मांगें पूरी करने पर अड़े हैं। रैली और प्रदर्शन में कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थक भी शामिल हुए हैं। स्टूडेंट की मांगों का समर्थन करते हुए कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थक इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए इंदौर पहुंचे हैं।

**कॉकरोच जनता पार्टी का समर्थन-** टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के धरना प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी का भी समर्थन मिल चुका है। अब स्टूडेंट्स द्वारा इस प्रदर्शन को बड़ा रूप दिया जा रहा है और महाआंदोलन के रूप में मंगलवार को प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स से पार्टी से प्रमुख अभिजीत दीपके ने वीडियो कॉल से बात की थी और स्टूडेंट्स के हालचाल भी जाने थे। आंदोलन में सीजेपी पार्टी समर्थक राहुल राठौर भी मौजूद है। वह भी इस आंदोलन में स्पोर्ट करने आए हैं। इसके अलावा वह रोज बाइक राइड कर युवाओं को जागरूक करने का काम करते हैं।






गांधीनगर थाना क्षेत्र में सरकारी राशन की कालाबाजारी का खुलासा

## 100 कट्टों से भरी गाड़ी पकड़ी, दो हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी नगर थाना क्षेत्र में सरकारी पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की सतर्कता से करीब 100 कट्टे सरकारी अनाज से लदी एक संदिग्ध गाड़ी पकड़ी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी।

नगर निगम के एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा 'मामा' ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी राशन की हेराफेरी की सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय हुए। मानव अधिकार संगठन से जुड़े तनिष्क चौकसे, बजरंग दल के बाहुबली प्रखंड संयोजक रोहित बढ़वाया, कार्यकर्ता हेमराज यादव और प्रखंड गौरक्षा प्रमुख राहुल राठौर सहित अन्य लोगों ने संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

वाहन की जांच में करीब 100 कट्टे सरकारी पीडीएस राशन मिलने का दावा किया गया। आशंका है कि इस अनाज को अवैध रूप से ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

**दस्तावेजों की जांच के बाद होगी कार्रवाई-** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार विशेष टीम जब्त राशन, वाहन और संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा ने सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी का खुलासा करने में सहयोग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया।



**पुलिस और खाद्य विभाग को दी सूचना**

वाहन पकड़े जाने के बाद इसकी सूचना गांधी नगर पुलिस और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मौके से वाहन मालिक, जिसकी पहचान बंटी के रूप में हुई है, तथा कथित रूप से राशन के मालिक रामजी गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### इंदौर की पूर्व छात्राओं ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द मिलेनियम स्कूल, इंदौर की पूर्व छात्राओं ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव। 5वीं पैरा राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026-27 में गुनिका शर्मा ने जीता स्वर्ण एवं नव्या कुकरेजा ने जीता रजत पदक।

## एटीएम कार्ड चुराकर 5 लाख की चोरी

### बैंक एफडी कराने पहुंचे तो अकाउंट खाली मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बैंक खाते से 5 लाख 25 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस को आशंका है कि पीड़ित का एटीएम कार्ड चोरी कर किसी परिचित ने अलग-अलग तारीखों में पूरी रकम निकाल ली।

मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक संदिग्ध की पहचान भी कर ली गई है।

पुलिस के मुताबिक सुनील कुमार मंडलोई ने हाल ही में अपना मकान बेचकर मिले 5.25 लाख रुपए 26 फरवरी को एसबीआई खाते में जमा कराए थे। दो दिन बाद 28 फरवरी को उन्होंने बैंक जाकर बैलेंस भी चेक कराया था। बाद में पत्नी ने रकम की एफडी कराने की सलाह दी। जब 18 अप्रैल को वे एफडी कराने बैंक पहुंचे तो खाते में जमा पूरी राशि गायब मिली। बैंक से ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने पर पता चला कि 27 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच एटीएम के जरिए अलग-अलग किश्तों में पूरी रकम निकाल ली गई थी।

सुनील ने पुलिस को बताया कि उनका एटीएम कार्ड एक फोल्डर में रखा रहता था। बैंक में जांच करने पर पता चला कि एटीएम कार्ड उनके पास नहीं है। उन्होंने बताया कि जनवरी में बैंक जाने के दौरान उन्होंने फोल्डर बैंक कर्मचारी को दिया था। इसके बाद संभव है कि उसी दौरान एटीएम कार्ड चोरी हो गया हो। पुलिस ने जिन एटीएम मशीन से रकम निकाली गई, उनके सीसीटीवी फुटेज और ट्रांजेक्शन की जांच की। जांच में एक संदिग्ध की पहचान कर ली गई है।

:सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- मुस्लिम पक्ष को अलग जगह दें जहां नजाम अदा कर सके

## धार भोजशाला परिसर के पास हर शुक्रवार नमाज होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को धार भोजशाला मंदिर के पास नमाज के लिए कोई खुला स्थान देने को कहा है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए यह जगह दी जाए।

अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण बिना कोर्ट की मंजूरी परिसर में किसी भी तरह का बदलाव न करे। सुप्रीम कोर्ट एमपी हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें परिसर को मंदिर करार दिया गया है।

सुनवाई के बाद भोजशाला संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला में नियमित पूजा-अर्चना जारी रहेगी। वहीं, तय जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा कर सकेंगे।

मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी की मांग स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कोर्ट की पूर्व अनुमति के बिना भोजशाला परिसर में कोई भी संरचनात्मक बदलाव नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि मामले की अंतिम सुनवाई करीब तीन सप्ताह बाद की जाएगी।



**कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार किया**

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर मुस्लिम पक्षों की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है। इन याचिकाओं में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर माना गया था और परिसर में नमाज अदा करने पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने मामले की सुनवाई की। हालांकि, कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। यानी पहले जैसी व्यवस्था बहाल नहीं होगी, जिसके तहत शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय को नमाज और निर्धारित दिनों में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सभी पक्षों से जवाब मांगा है। अब इस विवाद पर आगे की सुनवाई बाद में होगी।

## शहर में 50 करोड़ से बनेगा नया फ्लाईओवर, लोगों को मिलेगी जाम से राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रिंग रोड पर पीपल्याहाना, बंगाली और खजराना चौराहे पर फ्लाईओवर बनने के बाद अब इंदौर के रोबोट चौराहे पर भी फ्लाईओवर निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने परियोजना पर चरणबद्ध तरीके से काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में फिजिबिलिटी सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर ली गई, जबकि अब डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

प्रारंभिक योजना के अनुसार फ्लायओवर की लंबाई करीब 460 मीटर होगी और इसके निर्माण पर लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस परियोजना की डिजाइन खजराना फ्लायओवर की तर्ज पर तैयार की जाएगी, जिसमें दोनों ओर अलग-अलग लेन होंगी और बीच से मेट्रो ट्रैक गुजरेगा।

आईडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े ने बताया कि अगले दो महीने में सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद परियोजना के टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फ्लायओवर का निर्माण इस तरह किया जाएगा कि नीचे से भी वाहनों की आवाजाही सुचारु बनी रहे। इसके लिए कम से कम पिलरों का उपयोग करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ट्रैफिक प्रभावित न हो।

## सोनम रघुवंशी की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड केस में सुप्रीम कोर्ट में आज होने वाली सुनवाई टल गई है। अब अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। यह सुनवाई राजा हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत के खिलाफ मेघालय सरकार की याचिका पर होनी है।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने मेघालय सरकार से सोनम को गिरफ्तारी के समय दिए गए 'ग्राउंड्स ऑफ अरेस्ट' (गिरफ्तारी के आधार) की प्रति पेश करने को कहा है। दरअसल, ट्रायल कोर्ट ने सोनम को इस आधार पर जमानत दी थी कि गिरफ्तारी के समय उसे कानून के अनुसार गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध नहीं कराए गए थे। बाद में मेघालय हाईकोर्ट ने भी इस आदेश को बरकरार रखा। मेघालय सरकार का कहना है कि सोनम को गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे। विवाद केवल एक टाइपिंग की गलती का है। दस्तावेज में हत्या से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403(1) लिख दिया गया था, जबकि बीएनएस में ऐसी कोई धारा मौजूद ही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट अब अगली सुनवाई में विस्तार से यह जांच करेगा कि कानून के मुताबिक सोनम को गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध कराए गए थे या नहीं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार की याचिका पर तत्काल जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com